

सूर्योदय प्रातः 6:11 | सूर्यास्त संध्या 5:52 | पखवाड़ा आषाढ़ कृ . अष्टमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 08 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 144, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,304.88 | -790.34 (-1.08%) |
| निफ्टी | 21,951.15 | -247.20 (-1.11%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 57,590.00 |
| चांदी | 739.00 |

# भारत-इंडोनेशिया के लिए कई क्षेत्रों में असीमित अवसर : मोदी

एजेंसी

**जकार्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया के लिए अनेक क्षेत्रों में असीम अवसर मौजूद हैं और तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दोनों देश स्वाभाविक साझेदार हैं और भारत उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंडोनेशिया को हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज वैश्विक व्यवस्था तेजी से बदल रही है और भारत एवं इंडोनेशिया जैसे विकासशील देश समान भागीदारी और अधिक भूमिका की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की प्रक्रिया में अब और देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि वैश्विक संस्थाएं वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सकें।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया भविष्य के स्वाभाविक साझेदार हैं तथा दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सामरिक सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत इंडोनेशिया को उपग्रह प्रक्षेपण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग देने के लिए तैयार है और अंतरिक्ष सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है।



## भारत-इंडोनेशिया के बीच रक्षा, ब्रह्मोस, अंतरिक्ष और डिजिटल सहयोग समेत हुए 14 समझौते

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा, ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली, अंतरिक्ष, दूरसंचार, स्वास्थ्य, कृषि, खनिज, आपदा प्रबंधन और चुनावी सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में 14 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने सांस्कृतिक विरासत संरक्षण, डिजिटल कॉमर्स, प्रबंधन शिक्षा और खाद्य सुरक्षा समेत छह नई पहलों की भी घोषणा की, जिससे द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के बीच हुए समझौतों में शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाह्य अंतरिक्ष की खोज एवं उपयोग संबंधी सहयोग समझौते का विस्तार, भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और इंडोनेशिया की औषधि एवं खाद्य नियामक एजेंसी (बीपीओएम) के बीच चिकित्सा उत्पादों के विनियमन में सहयोग, खनिज एवं इस्पात ● शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मुक्त, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का प्रबल समर्थक है तथा समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति पूरी तरह आसियान केंद्रित है और आसियान की केंद्रीय भूमिका भारत की इंडो-पैसिफिक नीति का आधार है। आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इंडोनेशिया ने भारत के साथ एकजुटता दिखाई, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों देश संयुक्त कार्य समूह के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' है, जबकि इंडोनेशिया विश्व का तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों देशों ने विविधता को अपनी लोकतांत्रिक एकता की नींव बनाया है और यही साझा मूल्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### रथ यात्रा महोत्सव में शामिल होने का न्योता

**मुख्यमंत्री ने किया स्वीकार**

**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को आगामी रथ यात्रा महोत्सव में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को महोत्सव की तैयारियों और स्थानीय जनभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ 16 जुलाई 2026 से होगा तथा उद्घाटन समारोह में उनकी उपस्थिति का आग्रह किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल का आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गये दिल्ली, नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में होंगे शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सेवा विमान से दिल्ली रवाना हो गए। इसके अलावा राज्य के मुख्य सचिव, उद्योग सचिव सहित कई अन्य वरीय अधिकारी भी दिल्ली रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री वहां 8-9 जुलाई को आयोजित नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में झारखंड की संभावनाओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य झारखंड की औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास को गति देना है। झारखंड सरकार ने इस आयोजन का थीम रखा है- एक्सप्लोर इंफिनाइट ऑपरचुनिटीज (अनंत संभावनाओं की खोज)। झारखंड सरकार का मानना है कि स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन के माध्यम से झारखंड में डिजिटल क्रांति और एआई को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। इससे संबंधित उद्योगों को राज्य में स्थापित करने में मदद मिल सकती है। एआई के उपयोग कर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सहकारिता आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत : शिल्पी नेहा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** मंगलवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित सहकारिता सम्मेलन 2026 के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि सहकारिता एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित ● शेष पृष्ठ 11 पर




## एक झलक

### बेड़ो पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को स्वजन को सौंपा



**घाघरा की रहनेवाली चंद्रमणि उरांव को किया गया भाई रमेश उरांव के हवाले**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना क्षेत्र में घूम रही एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को पुलिस ने सुरक्षित थाना में रखकर उसके स्वजन को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला की पहचान चंद्रमणि उरांव, पिता पुणे उरांव, ग्राम बूढ़ी पाट, बरवाटोली थाना घाघरा, जिला गुमला के रूप में हुई है। वह बेड़ो क्षेत्र में अकेली घूम रही थी। थाना प्रभारी कफील अहमद ने बताया कि महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे तत्काल थाना में रखा गया। इसके बाद मंगलवार को स्वजनों से संपर्क किया गया। महिला के भाई रमेश उरांव थाना पहुंचे और पहचान की पुष्टि के बाद पुलिस ने उसे विधिवत उनके सुपुर्द कर दिया। उन्होंने ने स्वजन से महिला की देखभाल करने की अपील की है।

### लापुंग में दो टेम्पो की आमने सामने की टक्कर में एक की मौत, चार घायल

**लापुंग :** प्रखंड क्षेत्र के फतेहपुर मुख्य सड़क पर दो टेंपो के आमने सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत व चार व्यक्ति गंभीर रूप से हुवे घायल। मृतक का नाम सलीम अंसारी 40 वर्ष , पिता अबुल अंसारी गांव गोविन्दपुर थाना जरियागढ़ के रूप में हुई हैं। घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा इलाज सीएचसी लापुंग भेजा गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स भेजा गया । रास्ते में ही सलीम अंसारी की मौत हो गई। जबकि घायलों में अकरम अंसारी, समूल अंसारी, इस्तखार अंसारी के अलावे एक टेंपो चालक भी गंभीर रूप से घायल है जिनको उपचार के बाद स्थिति अच्छी देख कर घर भेज दिया गया। मृतक सलीम अंसारी कपड़ा का व्यापारी था जो लापुंग बाजार कर के घर जा रहा था। उसी क्रम में यह घटना घटी। घटना की खबर पाकर लापुंग थाना प्रभारी गोविंद कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों क्षतिग्रस्त टेंपो को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गए।

### बाबा बर्फानी एवं माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए नगड़ी के युवा हुए रवाना



**पिस्का नगड़ी :** सावन माह की पावन बेला में नगड़ी क्षेत्र के श्रद्धालु युवाओं का एक जत्था भगवान बाबा बर्फानी (अमरनाथ) एवं माता वैष्णो देवी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ। यात्रा पर निकलने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पहले पवित्र अमरनाथ गुफा में प्राकृतिक हिम शिवलिंग के दर्शन करेंगे तथा इसके उपरांत माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाकर देश एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना करेंगे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के परिजनों, मित्रों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर और 'हर-हर महादेव' तथा 'जय माता दी' के जयघोष के साथ शुभ यात्रा की मंगलकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं ने कहा कि बाबा बर्फानी एवं माता वैष्णो देवी का दर्शन प्रत्येक सनातनी के लिए आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सभी आवश्यक नियमों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारंभ हो चुकी है और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा में कुल सात लोग रवाना हुए जिसमें निर्भय जायसवाल, नीतिश पाठक,नवनीत केसरी, दीपक साहू,आयुष केसरी, सचिन केसरी, दीपक साहू रवाना हुए।
क्षेत्रवासियों ने यात्रियों के सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए बाबा भोलेनाथ एवं माता रानी से सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

# नशे के लत में फंसे बच्चों को निकालने का लक्ष्य : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में नामकुम प्रखण्ड के रामपुर पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी तारा मिंज, लता कुमारी, प्रीति कुमारी, जसिन्ता टोप्पो, युधिष्ठिर महतो, बिनोद कच्छप, भुप्रताप महतो चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शहरी झुग्गी-झोपड़ी (स्लम) क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती नशे की लत आज एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट बन चुकी है। इन क्षेत्रों में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और निराशा के कारण युवा और बच्चे बहुत आसानी से नशे के जाल में फंस जाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्लम झुग्गी-झोपड़ी में रहनेवालों लोगों के नशा करने का मुख्य कारण निराशा और तनाव को बताया। नशे के दुष्परिणाम पर फोकस करते हुए उन्होंने कहा कि नशा से टीबी, कैंसर, लिवर की बीमारियां और मानसिक असंतुलन में प्रभाव पड़ता है। नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। डालसा टीम का उद्देश्य यह है कि झुग्गी-झोपड़ी में रहनेवाले ऐसे बालक जो नशे की लत में है, उनकी पहचान कर, उन्हें बचाना और उनका ईलाज नशामुक्ति केंद्र रिम्स एवं सीआईपी में कराना है। इसके अतिरिक्त उन्हें सरकारी स्कूल विशेषकर आवासेय विद्यालय में प्रवेश करवाकर शिक्षा प्रदान करवाना है। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को आगामी 18 सितम्बर को आयोजित होनेवाली चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। लता कुमारी ने राष्ट्रीय लोक अदालत पर फोकस करते हुए बतायी कि आगामी 12 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा, जिसमें वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते है। अंत में नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर फोकस की गयी तथा पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित होनेवाली समाधान समारोह विशेष लोक अदालत के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 21,22 और 23 अगस्त को व्यवहार न्यायालय, रांची में उपस्थित होकर अपने मामले की शीघ्र और सौहाद्रपूर्ण ढंग से समाधान करा सकते है।

## उपायुक्त ने किया जनता दरबार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में ह्यजनता दरबारह्न का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ बारी-बारी मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों के निष्पादन हेतु समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं, अबुआ आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना से जुड़ी शिकायतें, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं दखल दिहानी के मामले, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सड़क निर्माण सहित अन्य जन समस्याएं सामने आईं।प्रप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### कशमीर मरांडी की हैट्रिक से जेकेएसएस एफसी की शानदार जीत

# नेहरू युवा क्लब को 5-0 से हराया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन, रांची के तत्वावधान में स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित बी डिवीजन फुटबॉल लीग के छठे मुकाबले में जनकल्याण समर्पण संस्थान (जेकेएसएस) एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेहरू युवा क्लब को 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ जेकेएसएस एफसी ने लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। मैच की शुरूआत से ही जेकेएसएस एफसी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी कश्मीर मरांडी विपक्षी टीम की रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाते रहे। उन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई उन्होंने 13, 48, 51 एवं 55वें मिनट में कुल चार गोल दागकर मैच के निर्विवाद स्टार बने। वहीं, टीम के लिए एक अन्य गोल जोसेफ ने 35वें मिनट में किया। दोनों खिलाड़ियों की शानदार समझ और पूरी टीम के सामूहिक प्रयास के सामने नेहरू युवा क्लब पूरे मैच में संघर्ष करता नजर आया और कोई गोल नहीं कर सका। मैच समाप्त होने के बाद हैट्रिक हीरो कश्मीर मरांडी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ३सिकिदिरी का यह मैदान काफी शानदार है। यहां खेलना हमेशा अच्छा लगता है और मैं हर मैच का पूरा आनंद लेता हूं। टीम के साथियों के सहयोग से ही यह प्रदर्शन संभव हो पाया। आगे भी हम इसी लय को बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। जेकेएसएस फुटबॉल टीम के मेंटर नीतीश कुमार ने टीम की शानदार जीत का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और बेहतरीन टीम वर्क को दिया।

## मुरी के सिंगपुर गांव में अज्ञात चोरों की दो घरों में चोरी

**सिल्ली :** मुरी ओपी क्षेत्र के सिंगपुर गांव में बिते रात घर का ताला तोड़ लाखों रुपए की गहनों की चोरी का घटना मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सिंगपुर निवासी मोहम्मद ताहिर आलम रविवार को पुरे परिवार के साथ कुटाम गांव में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। रात को आज्ञत चोरों द्वारा देर रात घर का ताला तोड़ कर हजारों रुपए समेत लाखों रूपए की गहनों की चोरी कर लिया गया। सोमवार कि सुबह ग्रामीणों द्वारा चोरी का घटना उनके परिवार वालों को दिया गया। परिवार के लोग अपने घर पहुंच घटना कि जानकारी मुरी ओपी को दिया। मुरी ओपी घटना स्थल पहुंच घर में बिखरे समान की जानकारी लिया। पिड़ीत परिवार मुरी ओपी थाना पहुंच एक अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया। इस दौरान मुरी ओपी पुलिस चोरी कि घटना को लेकर क्षेत्र में छापामारी का अभियान चलाया, साथ ही आश्वाशन दिया कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

### भुरकुंडा में श्रावणी मेला समिति को भंग कर नयी समिति का किया गठन

# अब डाक से लगेगा मेला, सार्वजनिक होगा आय-व्यय का ब्योरा

- प्रदीप मांझी अध्यक्ष और अजय पासवान सचिव बने



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** थाना मैदान स्थित काली मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी और संचालन जवाहरनगर पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किया। बीते वर्ष श्रावणी मेला के आय-व्यय में हुई गड़बड़ी और पार्दर्शिता को लेकर उठे विवाद को देखते हुए सर्वसम्मति पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। साथ ही डाक के माध्यम से मेला लगाने और आय-व्यय में पारदर्शिता बरतने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि भुरकुंडा मैदान में मेला का आयोजन नई समिति के माध्यम से किया जाएगा। डाक बोलकर ही मेला लगाया जा सकेगा और आय-व्यय की जानकारी पूरी कमेटी को रहेगी। मेला से अर्जित आय का सर्वसम्मति से भुरकुंडा और जवाहरनगर पंचायत में सामाजिक रूप से किया जाएगा। कहा गया कि विगत वर्षों से दो लोग पूरी कमेटी को भ्रमित करते आ रहे हैं। जवाबदेही के बावजूद बीते वर्ष अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई बैठक में दोनों उपस्थित नहीं हुए। साथ ही अपुष्ट और मनमाने तरीके से खर्च बताकर पल्ला झाड़ लिया। वे स्पष्ट रूप से आय-व्यय का ब्योरा भी नहीं दे सके। मेले से अर्जित आय का बंदरबांट करने और व्यक्ति रूप से खाने-पीने पर खर्च करने की शिकायतें मिल रही थी। सार्वजनिक मेले में इस प्रकार का कृत्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है। बैठक के दौरान पुरानी कमेटी को भंग कर भुरकुंडा थाना मैदान श्रावणी मेला समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, सचिव भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, कोषाध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, वरीष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार, सह सचिव विजय सिंह, संरक्षक चमनलाल, सरोज झा, रॉबिन मुखर्जी, रेणुका देवी, संजय मिश्रा, राजेश मिश्रा, अशोक तिवारी, जगतार सिंह, संजीत राम, श्रीनाथ करमाली, प्रेम विश्वकर्मा, पंकज कुमार कार्यकारणी सदस्यों में सुनील बैठा, रोशन पासवान, शंकर बेदिया, आदित्य करमाली, युवराज पासवान, फिरदौश आलम, हरेराम साव, सुनील रजक, सुखवीर सिंह, घनश्याम पासवान सहित अन्य शामिल किए गए।

### लापुंग में ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प में उमड़ी भीड़

## ग्रामीण स्तर पर लाइसेंस बनना सरकार की अच्छी पहल : सविता उरांव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** ग्रामीण स्तर पर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने को लेकर परिवहन विभाग की ओर से लगातार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय लापुंग में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें परिवहन विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहें । और जो भी आवेदक पहले से ऑनलाइन आवेदन किए थे उनका परीक्षा लिया गया और जो आवेदक पास किये उनको तत्काल लर्नर पेपर दिया गया। कुछ आवेदक परीक्षा में पास नहीं हुवे। उनको आगामी कैंप महुगांव व दोलैचा पंचायत में शामिल होने को कहा गया। कैंप में सौ से अधिक लोगों ने स्लाट बुकिंग कर लाइसेंस बनाने पहुंचे। जहां लर्नर लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पुरी करने वाले लोगों को परिवहन विभाग के पदाधिकारी डीटीओ, आरटीओ व विडियो उषा मिंज प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव मुखिया सविता उरांव के हाथों तत्काल लर्नर लाइसेंस उपलब्ध कराया गया। मौके पर मुखिया सविता उरांव ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर पहुंचकर युवाओं को लाइसेंस उपलब्ध कराना सरकार की और परिवहन विभाग की बहुत ही अच्छी पहल है । लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया काफी जटिल होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के युवा अपना लाइसेंस नहीं बना पाए थे। वही परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि अभी बाई अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं । मौके उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, मुखिया सरोज मुंडा, धुचला मुंडा समेत कई लोग मौजूद रहें।

## श्रमाधान पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीकरण अभियान जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज के निदेश पर जिले में निर्माण श्रमिक, असंगठित श्रमिक एवं प्रवासी श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीकरण श्रमाधान पोर्टल के माध्यम से श्रम विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पात्र श्रमिकों का अधिक से अधिक निबंधन सुनिश्चित किया जा सके। श्रम अधीक्षक रामगढ़ अनिल कुमार रंजन ने बताया कि पंजीकरण के उपरांत श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सभी पात्र श्रमिकों से अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण कराने की अपील की गई है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए श्रम विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। निर्माण श्रमिक सेफ्टी किट योजना के अंतर्गत श्रमिकों को हेलमेट एवं एक जोड़ी सुरक्षा जूते खरीदने के लिए 1,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं श्रमिक औजार सहायता योजना के तहत 5000 की सहायता राशि दी जाती है, जिससे श्रमिक अपने कार्य के लिए आवश्यक उपकरण खरीद सकें। इसके अतिरिक्त मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर 5,000 से 50,000 तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अलावा भी श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उपायुक्त ने जिले के सभी पात्र निर्माण श्रमिकों, असंगठित श्रमिकों एवं प्रवासी श्रमिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी प्रखंड स्तरीय पंजीकरण शिविर में पहुंचकर अथवा श्रमाधान पोर्टल के माध्यम से अपना निबंधन अवश्य कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### साइकिल और बाइक पर चोरी का कोयला सयाल मोड़ में हो रहा डंप

## भुरकुंडा में कोयले का अवैध कारोबार जोरों पर, बंदरबांट की चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** सेंट्रल सौंदा की ओर से साइकिल और बाइक पर रात के अंधेरे में चोरी का कोयला सयाल मोड़ में एक यार्ड में गिराया जा रहा है। कोयला स्टॉक होने के बाद ट्रक पर लोड कर रात के अंधेरे में ही तस्करी की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि कोयला तस्कर 2 रुपये प्रति किलो की दर से साइकिल और बाइक सवारों से कोयला खरीदता है। बीते वर्ष जनता टाकीज के समक्ष पैसों के लेन-देन को लेकर अवैध कोयला कारोबारी और साइकिल से कोयला गिरानेवालों के बीज जमकर नोंक-झोंक हुई थी। जबकि स्थानीय लोगों की मौजूदगी के कारण मार-पीट बस होते-होते रह गई थी। सूत्रों की मानें तो तस्कर ने दिखावे के लिए कारोबार से संबंधित कागजात तैयार किया हुआ है। जबकि चोरी के कोयले से ही कमाई करता है। यही वजह है कि एक सप्ताह में कथित बुद्धिजीवियों के बीच हुए बड़ी रकम की बंदरबांट की चर्चा लोग चौक-चौराहों पर कर रहे हैं। सोमवार की देर शाम सयाल मोड़ के निकट सुनसान जगह में एक ट्रक भी देखा गया है। चर्चा है कि पूरी मिलीभगत से भुरकुंडा में कोयले का अवैध कारोबार चल रहा है। सयाल से रिवर साइड के रास्ते पर सीसीटीवी की जांच की जाए तो मिली भगत से कोयले की चोरी कहां से की जा रही है यह साफ हो जाएगा। हालांकि सेंट्रल सौंदा साइडिंग को लेकर चर्चा खूब हो रही है। जो कि जांच का विषय है। प्रशासन की ओर से अवैध कोयला कारोबार की रोकथाम को भले सुगबुगाहट नहीं हो रही हो, जांच एजेंसियों और खुफिया विभाग को भी कारोबार की भनक नहीं हो यह मुमकिन नहीं लगता। देखना यह होगा को अवैध कोयला कारोबारी फिर एक बार सलाखों के पीछे जाता है या संरक्षित रूप से कमाई कर साफ बच जाता है।

### बेड़ो प्रखंड नाई समाज की नयी कमिटी गठित, अवधेश ठाकुर बने अध्यक्ष

# समाज के उत्थान पर दिया गया जोर

- जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो पंचायत भवन में मंगलवार को बेड़ो प्रखंड नाई समाज की नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष अवधेश ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष बिरेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष उदित ठाकुर उप कार्यकारिणी अध्यक्ष दिपेश ठाकुर सचिव उमेश ठाकुर कोषाध्यक्ष धनंजय प्रमाणिक उपकोषाध्यक्ष सूरज ठाकुर संरक्षक सुरेश ठाकुर, रविशंकर ठाकुर सलाहकार कामेश्वर ठाकुर को बनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर ने कहा कि नाई समाज एक संगठित और शिक्षित समाज है। हमें अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। वहीं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाना है। नई कमिटी समाज की एकता और विकास के लिए काम करे, जिला कमिटी हर संभव सहयोग करेगी। वहीं नए अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता होगी। सभी समाज बंधुओं के सहयोग से बेड़ो प्रखंड नाई समाज को एक नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।बैठक की अध्यक्षता जिला नाई समाज 84 महासभा कमिटी के जिला अध्यक्ष रवि ठाकुर ने की। संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला नाई समाज 84 महासभा के उपसचिव लक्ष्मण ठाकुर ने किया। बैठक में जिला नाई समाज से अजय ठाकुर, राजकिशोर ठाकुर, मनीष ठाकुर बेड़ो से विवेक ठाकुर, अशोक ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, डुल्लू ठाकुर, बिरेंद्र ठाकुर, सूरज ठाकुर, दशरथ ठाकुर, विकास ठाकुर, नंदलाल ठाकुर सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अज्ञात चोर ने रसोई गैस सिलिंडर की चोरी की

**बुढ़मू :** गुरुगाई पंचायत के मोहनपुर निवासी रामकुमार दुबे के घर से अज्ञात चोर ने रसोई गैस सिलिंडर का चोरी कर लिया। थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार घर के बरामदा से अंदर सिलेंडर रखा हुआ था। सुबह में दस बजे से पहले किसी ने सिलेंडर चोरी कर लिया। आसपास खोजने का प्रयास करने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला. आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

## सोसो कलां मुख्य मार्ग बदहाल, जलजमाव और बड़े-बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** ग्रामीणों के अनुसार गोला प्रखंड के सोसो कलां स्थित एनएच-23 से सरला, पतरातु तथा गांव के विभिन्न टोला-मोहल्लों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। ग्रामीण जनता नारकीय जीवन बिताने को बाध्य हैं। लगातार बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलजमाव के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक इस मार्ग से रामनवमी, मुहर्रम और बारह रबीउल अव्वल जैसे प्रमुख पर्वों के जुलूस भी गुजरते हैं। वहीं मुस्लिम समुदाय के किसी व्यक्ति के निधन पर जनाजे को कब्रिस्तान ले जाने के लिए भी यही मुख्य रास्ता है। ऐसे में बरसात के दिनों में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में एक राजनीतिक दल के नेता द्वारा जनसहयोग से सड़क के गड्ढों में कच्ची मिट्टी डलवाकर लोगों को अस्थायी राहत देने का प्रयास किया गया था। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण वह मिट्टी पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई, जिससे सड़क की स्थिति पहले जैसी ही बदहाल हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया(टलवर्ट) के अंदर वर्षों से सफाई नहीं होने और कचरे के जमाव के कारण बारिश का पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे सड़क लंबे समय तक जलमग्न रहती है। विशेष सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण का टेंडर होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र जलनिकासी की व्यवस्था कराने और सड़क का स्थायी निर्माण शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# बिजली विभाग खराब ट्रांसफार्मर देकर मुरतो के ग्रामीणों को कर रही परेशान

## 15 दिन से बिजली गुल, 15 दिनों में दिये गये दोनों ट्रांसफार्मर निकले खराब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण प्रखंड के मुरतो गांव के ग्रामीण पिछले 15 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गांव में लगे 25 केबीए और 100 केबीए के दोनों ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद विभाग द्वारा 15 दिन में बदले में दिए गए दोनों ट्रांसफार्मर भी खराब निकले, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। गांव के बोलो उरांव,रवि उरांव, शनिचरवा भगत, राजा उरांव, शाहवीर उरांव, राजेश कुमार, विकास कुमार राजू साहू, प्रकाश साहू, महावीर साहू, लक्ष्मण मछली फुतुन महली ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिन पहले तेज आंधी-बारिश में गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। इसकी सूचना तुरंत बिजली विभाग को दी गई। जिसके बाद विभाग द्वारा एक ट्रांसफार्मर दिया गया, लेकिन वह कुछ ही घंटों में हॉर्न उड़ने लगा और लाइन बंद हो गई। दूसरी बार जब ट्रांसफार्मर दिया गया तो उसमें एमसील सटा खराब ट्रांसफार्मर दिया गया है।

**पढ़ाई, सिंचाई और रोजमर्रा के काम ठप**

गांव में बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गर्मी में पंखा-कूलर बंद होने से बीमार और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। धान की रोपनी का समय होने के कारण किसान सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। मोबाइल चार्ज करने के लिए भी लोगों को 3-4 किमी दूर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग कई बार जेई और एसडीओ को फोन कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। विभाग खराब ट्रांसफार्मर देकर हम लोगों को और परेशान कर रहा है।

**ट्रांसफार्मर बदलवाने का खर्च भी ग्रामीणों पर**

**ग्रामीणों** ने बताया कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे बदलवाने की सारी जिम्मेदारी लगभग पूरी तरह ग्रामीणों के कंधों पर आ जाती है। विभागीय व्यवस्था होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वयं चंदा एकत्र कर वाहन की व्यवस्था करनी पड़ती है और ट्रांसफार्मर लाने-ले जाने का पूरा खर्च उठाना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार किसी गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने पर बिजली आपूर्ति कई दिनों तक बाधित रहती है।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंगलवार से सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह भैरवी नदी से मंदिर तक निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान के जयघोष और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभा यात्रा में श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्ति वेदांता गुरुकुल, कुटाम (रांची) के छात्रों द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। संध्याकाल में वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य कुमार शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का शुभारंभ किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं सनातन धर्म के आदर्शों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए भगवान की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## एक झलक

### आईएफएस अधिकारियों ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को रांची स्थित लोक भवन में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी मोहम्मद शाहिद आलम और सुशील प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की। दोनों अधिकारी भारतीय विदेश सेवा के मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड प्रवास पर हैं। भेंट के दौरान दोनों अधिकारियों ने राज्यपाल से विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, प्राकृतिक संसाधनों तथा राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। उन्होंने राज्य की विशिष्ट पहचान, विकास की संभावनाओं तथा जनजातीय संस्कृति की विशेषताओं से भी दोनों अधिकारियों को अवगत कराया। राज्यपाल ने दोनों अधिकारियों को उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भारतीय विदेश सेवा के माध्यम से देश के हितों का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करेंगे तथा वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और साख को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक शुरू



**रांची** : बैठक में प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी, पूर्व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राय, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, कोर कमिटी सदस्य दिनेशानंद गोस्वामी उपस्थित है।

### रांची विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल सिंथेटिक मैदान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**रांची** : विश्व वॉलीबॉल दिवस के शुभ अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल सिंथेटिक मैदान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ. राजेश गुप्ता ने विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें विश्व वॉलीबॉल दिवस की बधाई दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मिठाइयां खिलाकर निरंतर अभ्यास करने और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विजय वर्मा राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को रांची विश्वविद्यालय से हर संभव सहयोग और मदद का भरोसा दिलाया।

### रिमझिम फुहारों से किसानों में खुशी, खेती ने पकड़ी रफ्तार

**खूंटी/रांची** : मानसून की रिमझिम फुहारों ने खूंटी जिले के किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। पिछले कुछ दिनों से हो रही हल्की बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे खरीफ खेती ने रफ्तार पकड़ ली है। जिले के खूंटी, तोरपा, कर्रा, मुरहू, रनिया और अड़की प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य तेजी से चल रहा है। खेतों में किसानों की चहल-पहल और हरियाली से सजे ग्रामीण इलाकों ने पूरे जिले का नजारा बदल दिया है। सुबह होते ही किसान अपने परिवार के साथ खेतों की ओर निकल पड़े हैं। कहीं ट्रैक्टर से जुताई हो रही है तो कहीं बैलों की मदद से खेत तैयार किए जा रहे हैं। महिलाएं और पुरुष मिलकर खेती किसानी में लग गए हैं।

### जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026 की तैयारी : जिला प्रशासन ने पूरा रथ यात्रा मार्ग किया अवलोकन

# अग्निशामक गाड़ी रेडी-टू-मूव स्थिति में हमेशा रहेगी तैनात

- रथ यात्रा के पूरे मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने के सख्त निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, राकेश रंजन ने ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ यात्रा 2026 की व्यापक तैयारियों को लेकर संयुक्त रूप से पूरे रथ यात्रा मार्ग का अवलोकन किया। दोनों अधिकारियों ने रथ यात्रा मार्ग सहित मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया और सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, स्वास्थ्य, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर अनेक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए साथ ही इन्होंने नीलाद्री प्रशासनिक भवन में बैठक भी की।

**निरीक्षण के दौरान दिये गये प्रमुख निर्देश**

1. **अतिक्रमण** मुक्त मार्ग : रथ यात्रा के पूरे मार्ग को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराने के सख्त निर्देश दिए गए। अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तत्काल शुरू की जाए।
2. स्वास्थ्य एवं आपातकालीन व्यवस्था : मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस तथा मेडिकल टीम तैनात रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए।
3. विद्युत व्यवस्थाः बिजली के तार कहीं भी खुले न रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को विशेष निर्देश दिए गए। पूरी विद्युत व्यवस्था को चेक किया जाएगा तथा बैकअप की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।
4. स्वच्छता व्यवस्था : मेला क्षेत्र में नियमित अंतराल (कुछ घंटों में) साफ-सफाई कराई जाएगी। बायो टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी तथा पेयजल की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी।
5. सुरक्षा एवं निगरानी
- पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाएगी।
- कंट्रोल रूम में 24 घंटे मॉनिटरिंग की जाएगी।
-फायर ब्रिगेड की गाड़ी रेडी-टू-मूव स्थिति में हमेशा तैनात रहेगी।
6.खोया-पाया केंद्र : रथ यात्रा मार्ग एवं मेला क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र स्थापित किया जाएगा ताकि आमजन को सुविधा हो।
7.मीडिया व्यवस्थाः मीडिया कवरेज के लिए वॉच टावर की व्यवस्था की जाएगी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन व गर्ल्स शतरंज चैम्पियनशिप-2026 में दिख रहा नन्हे खिलाड़ियों का जलवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में मंगलवार को 39वीं राष्ट्रीय अंडर-9 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 के दूसरे राउंड के ओपन मुकाबले में श्रेयांश दास ने वेदांत, अमुधन एस ने कविश, सिद्धार्थ अनुज ने युवनेश एम, निखिल ने राघव सिंह और शिवाय सिंह ने रियांश को हराया। दूसरी ओर गर्ल्स मुकाबलों में अरावा ने याजहिसाई बी, अन्वी दीपक ने याशिका, साईं अंशिता ने डोराशी और प्रीतिका ने कायरा अग्रवाल को शिकस्त दी; जबकि दूसरी ओर इशिता लाहिड़ी और दिलशाद एस के बीच का मैच परिणाम रहित रहा। राउंड 3 के उद्घाटन के अवसर पर आयोजन सचिव नवजोत अलंग और सरला बिरला विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के डीन अजय कुमार उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस अवसर पर आयोजन मंडली समेत प्रतिभागियों को बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## 23 अगस्त को 'अपने-अपने श्याम, श्याम अखंड ज्योति पाठ' का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा बाबा श्याम की असीम कृपा से 'अपने-अपने श्याम श्याम अखंड ज्योति पाठ' का आयोजन मारवाड़ी भवन, रांची में आगामी 23 अगस्त, रविवार को प्रातः 9 बजे से किया जा रहा है। होने वाले इस भव्य अलौकिक कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन आज समर्पण शाखा की सदस्यों द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने बताया कि इस हेतु पाठ वाचक श्याम रत्न श्री श्याम अग्रवाल जी अपने ग्रुप के साथ कोलकाता से आएंगे। साथ ही उनके ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति भी की जाएगी। इस पाठ के लिए रांची एवं अन्य क्षेत्रों के श्याम प्रेमियों में गजब का उत्साह है। ऐसा माना जा रहा है कि करीब 700 से अधिक श्याम प्रेमी इसमें शामिल होंगे एवं खाटू नरेश के दरबार में अपनी हाजरी एवं अर्जी लगाएंगे। समर्पण शाखा सभी श्याम प्रेमियों को इस पाठ में शामिल होकर इसका लाभ उठाने हेतु आमंत्रित करती है। शाखा सचिव रेखा राईका ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस ज्योति पाठ में बाबा का भव्य अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक झांकियां, इत्र एवं पुष्प वर्षा, छप्पन भोग एवं भव्य महाआरती के साथ-साथ विशेष रूप से बाबा के झूले का आयोजन किया जाएगा। जो भी श्याम प्रेमी इस पाठ में शामिल होना चाहते हैं, वे आगामी 15 जुलाई से पाठ कार्ड श्याम मंदिर हरमू रोड, श्याम मंदिर अग्रसेन पथ एवं रानी सती मंदिर रातू रोड से प्राप्त कर सकते हैं। चूंकि परिसर में जगह सीमित है, इसलिए पाठ कार्ड 'पहले आओ-पहले पाओ' के तर्ज पर ही दिया जाएगा। हिन्दू धर्म में श्याम ज्योति पाठ का विशेष महत्व है। इस पाठ से बाबा भक्तों के संकट हर लेते हैं एवं इस पाठ के अंतर्गत बाबा श्याम के जीवन से जुड़ी जानकारी एवं प्रेरणादायक वर्णन समाहित होते हैं।

### झारखंड में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**रांची** : झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से राज्य के अधिकांश हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर जलभराव, सड़कों पर फिसलन और यातायात प्रभावित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची मौसम केंद्र ने 10 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

## 'युवा संवाद' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यू एरिया, मोराबादी, रांची स्थित गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को उनके नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा भारतीय जीवन मूल्यों एवं 'स्व' यानी जो अपने आधारित जीवन की अवधारणा से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विद्यालय के नवम एवं दशम वर्ग के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर के प्रचारक श्री विशाल जी थे। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। 'स्व' आधारित जीवन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति, अपनी जड़ों तथा स्वाभिमान से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री आशीष जी, उप-प्रधानाचार्य श्री आनन्द प्रकाश जी, आचार्य श्री वेद जी एवं श्री मृत्युंजय जी सहित अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से गांधी नगर के कार्यवाह श्री विकास जी, महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख श्री रूपजी, श्री ह्रितिक जी, बौद्धिक प्रमुख श्री सुधीर जी, बाल कार्य प्रमुख श्री खगेश जी, श्री संदीप जी तथा अन्य स्वयंसेवक बंधु भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आदर्श नागरिक बनने के संकल्प के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## 211वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 211 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बलराम मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं बलराम मोदी ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। यजमान ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया।

### रक्षा राज्य मंत्री के प्रयास से फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी के भाई का हुआ सफल उपचार

## शीघ्र ही नये जीवन की शुरुआत करेगा शिवा : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची** : रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल जगत में रांची एवं झारखंड का नाम रोशन करनेवाली ओरमांझी (रांची) की खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा के भाई शिवा का एम्स, नई दिल्ली के जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सफल उपचार पूरा हो गया है। लगभग एक महीने तक चले विशेषज्ञ उपचार के बाद शिवा की स्वास्थ्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ स्वयं एम्स पहुंचे और शिवा को अपने नई दिल्ली स्थित आवास लेकर आए।
कुछ वर्ष पूर्व एक गंभीर दुर्घटना में शिवा बुरी तरह घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई और वह लंबे समय से बिस्तर पर रहने को विवश था। आर्थिक अभाव के कारण उसका समुचित उपचार भी संभव नहीं हो पा रहा था। मामले की जानकारी मिलने पर संजय सेठ ने उसके बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई और उसे एम्स, नई दिल्ली में भर्ती कराया। पूर्व में रांची में हुए उपचार के दौरान शिवा के शरीर में कई नट-बोल्ट लगाए गए थे, जिनसे गंभीर संक्रमण का खतरा उत्पन्न हो गया था। एम्स के जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में डॉ. कमरान फारूक के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक सभी नट-बोल्ट निकालकर उसे अत्याधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराई। चिकित्सकों के अनुसार, एक समय शिवा का जीवन गंभीर खतरे में था, लेकिन अब वह पूरी तरह खतरे से बाहर है और तेजी से स्वस्थ हो रहा है।

### गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के 91 प्रशिक्षु शिक्षक 20 विद्यालयों में 30 दिवसीय अभ्यास पाठ के लिए हुए रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची विश्वविद्यालय, रांची के निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षक-प्रशिक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन), रांची के बी.एड. सत्र 2025झ27 के 91 प्रशिक्षु शिक्षक आज से जिले के 20 आवंटित विद्यालयों में 30 दिवसीय अभ्यास पाठ (प्रैक्टिस ऑफ) कल से प्रारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची के पत्रांक-1423, दिनांक 05.05.2026 के आलोक में संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रमण कुमार झा ने अभ्यास पाठ कार्यक्रम के सफल संचालन एवं प्रभावी अनुश्रवण के लिए 10 पर्यवेक्षक प्राध्यापकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा आवंटित 20 विद्यालयों हेतु विरमित किया। इनमें डॉ. चंद्र माधव सिंह, भागीरथ आर्य, प्रो. दुलाल चंद्र महतो, प्रो. धनंजय तिवारी, डॉ. समीर कुमार, प्रो. पंकज कुमार मेहता, राकेश कुमार यादव, डॉ. जाकिर हुसैन तथा डॉ. ओम प्रकाश सहित अन्य पर्यवेक्षक प्राध्यापक शामिल हैं।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ रिकॉर्डतोड़ प्लेसमेंट

# 415 से अधिक विद्यार्थियों को मिला बेहतरीन पैकेज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस वर्ष भी प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट विभाग द्वारा ऑनलाइन, ऑन-कैंपस एवं पूल कैंपस मोड में लगातार भर्ती अभियानों का आयोजन हो रहा है, जिससे विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के बेहतरीन मौके हासिल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अभियान में अब तक अनेक अग्रणी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इनमें ईवाई, बिरला ओपस, टीसीएस, डेलोइट, आईडीबीआई बैंक गोदरेज आईटीसी होटल्स लिमिटेड, जी एयरोस्पेस, एक्सिस बैंक, बर्जर पेंट्स, एशियन पेंट्स, सिएट टायर्स, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, स्टरलाइट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, इंडस टावर्स, टेक महिंद्रा, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, इंडस टावर्स, क्रॉस लिमिटेड, अरविंद फैशंस, इन्फो एज सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हैं। विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) 2022-2026 बैच के दो विद्यार्थियों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी कंपनी यूरुसिस में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त किया है। छात्र अभिराज आर्यन को प्रति वर्ष एईडी 1,24,400 (लगभग 32.50 लाख वार्षिक) का आकर्षक पैकेज प्राप्त हुआ है, जबकि शशांक पांडेय को एईडी 1,18,400 (लगभग 31 लाख वार्षिक) का पैकेज मिला है। दोनों विद्यार्थियों को वेतन पैकेज के अतिरिक्त लगभग 39 लाख का बीमा कवर भी प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट अभियान लगातार जारी है। वर्तमान में कॉग्निजेंट, टीसीएस, विप्रो, सेजिलिटी, वेबक्रॉप्स सर्विसेज इंडिया, टेक महिंद्रा एवं अपर्णा कंस्ट्रक्शंस जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ भर्ती प्रक्रियाएं संचालित हो रही हैं। अब तक 415 से अधिक विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक प्लेसमेंट हो चुका है, जबकि कई कंपनियों की चयन प्रक्रिया अभी जारी है और उनके परिणाम आना शेष हैं। लगातार बढ़ती कंपनियों की भागीदारी, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसर तथा जारी भर्ती अभियान विश्वविद्यालय की सुदृढ़ प्लेसमेंट व्यवस्था और उद्योग जगत में उसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं।

## रिम्स-2 निर्माण में बाधा डालने की साजिश, बीजेपी का विकास विरोधी चेहरा बेनकाब : अख्तर अली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड सरकार के प्रवक्ता अख्तर अली ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर रिम्स-2 जैसे महत्वाकांक्षी और विश्वस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य को बाधित करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता के बेहतर स्वास्थ्य और भविष्य से खिलवाड़ करना बीजेपी की राजनीति का हिस्सा बन गया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का राजनीतिक मोहरे की तरह इस्तेमाल कर रिम्स-2 के निर्माण को रोकने का प्रयास न केवल दुर्भाग्यपूर्ण बल्कि बेहद शर्मनाक है। अख्तर अली ने कहा कि जनता द्वारा लगातार नकारे जाने के बाद बीजेपी अब संवैधानिक संस्थाओं की आड़ लेकर झारखंड के विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग की अनुशंसाएं बाध्यकारी नहीं होतीं और राज्य सरकार जनहित से जुड़े किसी भी विकास कार्य को राजनीतिक दबाव में रोकने वाली नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर बीजेपी खुद को आदिवासियों और गरीबों की हितैषी बताती है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली रिम्स-2 परियोजना में रोड़े अटका रही है। उनका कहना था कि बीजेपी नहीं चाहती कि झारखंड के लोगों को दिल्ली और मुंबई जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं रांची में उपलब्ध हों। अख्तर अली ने दो सीधे सवाल भी उठाए। पहला, क्या बीजेपी चाहती है कि झारखंड के गरीब मरीज इलाज के अभाव में अपनी जान गंवाते रहें? दूसरा, क्या राज्य के विकास को रोकना ही अब बीजेपी का एकमात्र एजेंडा बन गया है? उन्होंने कहा कि चाहे बीजेपी राजभवन, केंद्रीय एजेंसियों या किसी भी आयोग का सहारा ले, झारखंड सरकार अपने विकास संकल्प से पीछे हटने वाली नहीं है। रिम्स-2 राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक परियोजना है और इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।

## कैंसर उपचार में उत्कृष्टता की ओर कदम, आरसीएचआरसी में टाटा मेमोरियल सेंटर के विशेषज्ञ का शैक्षिक दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन की इकाई रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) में आज टाटा मेमोरियल सेंटर, नवी मुंबई के एक्टरेक एवं प्रोटॉन थेरेपी सेंटर के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर तथा हेड एंड नेक रोग प्रबंधन समूह (डिजीज मैनेजमेंट ग्रुप) के विशेषज्ञ डॉ. श्वेताभ सिन्हा ने एक शैक्षिक सत्र का संचालन किया। इस सत्र का उद्देश्य सिर एवं गर्दन (हेड एंड नेक) के कैंसर के उपचार से जुड़े नवीनतम वैज्ञानिक प्रमाणों और उपचार पद्धतियों पर विशेषज्ञों के बीच ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान करना था। अपने दौरे के दौरान डॉ. सिन्हा ने अस्पताल के बहु-विषयक ट्यूमर बोर्ड में भाग लिया, जहां जटिल हेड एंड नेक कैंसर मामलों पर वरिष्ठ चिकित्सकों, रेजिडेंट्स और फेलोज के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार निर्णयों और व्यावहारिक चिकित्सकीय अनुभवों के आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा हाल ही में जर्नल ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित एआरइएसटी ट्रायल रहा। इस अध्ययन से चिकित्सकों को यह तय करने में मदद मिलेगी कि प्रारंभिक अवस्था के मुख (ओरल) कैंसर के किन मरीजों को सर्जरी के बाद रेडियोथेरेपी की वास्तव में आवश्यकता है और किन मरीजों का बिना अतिरिक्त उपचार के भी सुरक्षित रूप से उपचार किया जा सकता है। इसका उद्देश्य कैंसर पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखते हुए अनावश्यक दुष्प्रभावों को कम करना तथा मरीजों की बोलने और निगलने जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को यथासंभव सुरक्षित रखना है। डॉ. सिन्हा ने आरसीएचआरसी के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग का भी दौरा किया और वहाँ उपलब्ध उपचार सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल की आधुनिक आधारभूत संरचना, अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक तथा गुणवत्तापूर्ण एवं मरीज-केंद्रित कैंसर उपचार के प्रति टीम की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी स्थापना के कम समय में ही अस्पताल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर आरसीएचआरसी के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. गौतम के. शरण ने कहा कि टाटा मेमोरियल सेंटर जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ नियमित शैक्षिक सहयोग यह सुनिश्चित करता है कि झारखंड के मरीजों को नवीनतम वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित कैंसर उपचार अपने राज्य के निकट ही उपलब्ध हो सके और उन्हें बेहतर इलाज के लिए दूर जाने की आवश्यकता न पड़े। निरंतर सीखने, चिकित्सकीय सहयोग और मरीज-केंद्रित सेवाओं की अपनी प्रतिबद्धता के साथ आरसीएचआरसी झारखंड एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों तक गुणवत्तापूर्ण और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित कैंसर उपचार पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) के बारे में: कांके स्थित सुकुरहुटू रोड पर स्थापित रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एक समग्र कैंसर उपचार संस्थान है, जहाँ कैंसर की जांच और उपचार के लिए अत्याधुनिक तकनीकों की सुविधा उपलब्ध है। इस अस्पताल की स्थापना टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा टाटा ट्रस्ट्स के सहयोग से की गई है।

## इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी ने किया सदर अस्पताल, रांची में सेवा व जागरूकता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सदर अस्पताल में डॉ. वंदिता के सौजन्य से इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची द्वारा सेवा एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत डायलिसिस मरीजों को सहयोग प्रदान किया गया तथा स्त्री रोग वार्ड में भर्ती महिला मरीजों के बीच पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के कर्मचारियों, मरीजों एवं उनके परिजनों को बायो-मेडिकल वेस्ट (जैव-चिकित्सा अपशिष्ट) के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण, स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रमण से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पर्यावरण संरक्षण अपनाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। इस सेवा एवं जागरूकता अभियान में क्लब की अध्यक्ष डॉ. अंजना वर्मा, उपाध्यक्ष पूनम यादव, संपादक डॉ. शैल सिंह, सदस्याएँ स्वेता सिंह, कनक लता सहित कुल छह सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची भविष्य में भी समाजहित में ऐसे सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## एक झलक

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मरीज का बाइक चोरी

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराने आए एक मरीज का बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही चौक तिलैया रोड निवासी प्रदीप कुमार केशरी मंगलवार को अपने बाईक स्प्लेंडर प्लस जेएच02बीसी 5970 से बरही अनुमंडलीय अस्पताल इलाज कराने के लिए डॉक्टर के पास गया हुआ था। डाक्टर के पास से इलाज करा कर जब वह बाहर आया तो देखा कि बाइक जगह पर खडी नहीं है। बाइक नहीं देखने पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज देखने को कहा। डाक्टर एवं अस्पताल कर्मियों के निगरानी में सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पता चला कि एक अज्ञात युवक अस्पताल परिसर में खड़े कई बाईक को घुम घुम कर देखा। देखने के बाद प्रदीप कुमार केशरी का बाईक का लॉक तोड़ कर फरार हो गया। इस सम्बंध में प्रदीप कुमार केशरी ने बरही थाना में मोटरसाइकिल चोरी को लेकर आवेदन देकर खोजबीन की अपील किया।

### चुरचू प्रखंड परिसर में परिवहन विभाग ने लगाया शिविर

**चरही (हजारीबाग) :** जागरूकता अभियान के तहत परिवहन विभाग की ओर से मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिये विशेष शिविर का आयोजन हुआ। जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी के नेतृत्व में आयोजित उक्त शिविर में 102 युवक–युवतियों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिये ऑनलाइन आवेदन किया। इस दौरान सारी प्रक्रियाओं के बाद युवक–युवतियों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस लर्निंग दिया गया मौके पर स्थानीय चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम, आशा राय नाजीर महेश मंडल, सारिक, अमन, अनिल जीवन दीपक ललन, जिला पार्षद वासुदेव करमाली प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक मुखिया संघ अध्यक्ष देवकी महतो चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ने सभी युवक–युवतियों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने लोगों से बाइक व स्कूटी चलाते समय हेलमेट व वाहन चलाते समय नियमानुसार सीट बेल्ट का प्रयोग करने को कहा। विशेष शिविर में 102 आवेदन आये लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर की जानकारी देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने बताया कि विशेष कैंप के दौरान कुल 102 आवेदकों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग आम नागरिकों को सरल, सुलभ एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### 60 वर्षीय वृद्ध लापता, परिजनों ने लोगों से मांगी मदद

**बरही :** थाना क्षेत्र के छोटकी बरही निवासी 60 वर्षीय मोहम्मद रियासत अंसारी बीते 5 जुलाई 2026 की रात से लापता हैं। परिजनों के अनुसार वह 5 जुलाई की रात्रि लगभग 12 बजे अपने घर से निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। लापता व्यक्ति स्व. साबू मियां के पुत्र हैं तथा उनका निवास छोटकी बरही, पोस्ट–रसोईया धमना, थाना–बरही, जिलाझहजारीबाग है। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मोहम्मद रियासत अंसारी के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तत्काल बरही थाना अथवा उनके परिजनों को सूचित करें। संपर्क नंबर: 7903561216, 9123485134
परिजनों ने लोगों से इस गुमशुदगी की सूचना को अधिक से अधिक साझा करने की अपील की है, ताकि जल्द से जल्द उन्हें सुरक्षित खोजा जा सके।

### डीवीसी स्थापना दिवस पर विस्थापितों का 'बलिदान दिवस'

**विष्णुगढ़ :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के नावाटांड़ स्थित सामुदायिक भवन में डीवीसी विस्थापित केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 'बलिदान दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में डीवीसी परियोजना के निर्माण के लिए अपनी जमीन, घर और आजीविका का त्याग करने वाले हजारों विस्थापित परिवारों के पूर्वजों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके योगदान को राष्ट्र निर्माण की अमूल्य धरोहर बताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश राम ने तथा संचालन बालेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि श्कोई भी जन्म अभिशाप नहीं होता, अभिशाप तब बनता है जब उसके संरक्षक और जिम्मेदार अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 7 जुलाई विस्थापित परिवारों के लिए केवल डीवीसी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उन हजारों लोगों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करने का दिन है, जिनकी कुबार्नी से डीवीसी जैसी ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी जा सकी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रहित में विस्थापित परिवारों ने अपनी पुश्तैनी जमीन, खेत, घर, जंगल और सांस्कृतिक विरासत तक का त्याग कर दिया, लेकिन आज भी अनेक परिवार पुनर्वास भूमि के वैधानिक स्वामित्व, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली, सड़क, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

# मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : आयुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने मंगलवार को माण्डू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चुरचू प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या-16 (मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र, लारा) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मतदान केन्द्र पर चल रहे गणना प्रपत्र वितरण एवं डिजिटाइजेशन कार्यों का जायजा लिया। आयुक्त ने कहा कि शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने बीएलओ को स्पष्ट किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा आप सभी पूरी जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। इस दौरान बीएलओ ने आयुक्त को जानकारी दी कि संबंधित



मतदान केन्द्र के अंतर्गत कुल 608 मतदाता हैं तथा सभी मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ प्राप्त प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य भी समानांतर रूप से किया जा रहा है। आयुक्त ने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटने न पाये। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, अद्यतनता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए अभियान के प्रत्येक चरण का निष्पादन पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाये। उन्होंने अधिकारियों एवं बीएलओ को घर-घर संपर्क अभियान में और अधिक तेजी लाने, गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण एवं संग्रहण सुनिश्चित करने तथा डिजिटाइजेशन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान की सतत निगरानी करने एवं दैनिक प्रगति की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, चुरचू, संबंधित बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शिथिलता पर उपायुक्त सख्त



**हजारीबाग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमन्त सती ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रगति की समीक्षा को लेकर जिले के सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में मांडू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरांव, हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आदित्य पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन तथा एएसडीडी सूची की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उपायुक्त ने कहा कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण किया जाना है, जो निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उपायुक्त ने अनुपस्थित सभी संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर के तत्काल वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि अन्य सभी कार्यों को फिलहाल स्थगित रखते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा 9 जुलाई तक शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि राज्यभर में विशेष गहन पुनरीक्षण का महत्वपूर्ण कार्य संचालित है और मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूर्ण जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करना होगा।

## बीडीओ-सीओ ने बूथों पर पहुंच कर परखी एसआईआर अभियान की प्रगति, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर दिया जोर

**विष्णुगढ़ :** विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत विष्णुगढ़ प्रखंड में मतदाता सत्यापन कार्य में तेजी लायी गयी है। अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी नित्यानंद दास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने सोमवार को बेड़ाहरियारा एवं नागी पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर किये जा रहे मतदाता सत्यापन, एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण, संग्रहण तथा डिजिटाइजेशन कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कई मतदाताओं से सीधे संवाद कर सत्यापन प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अपने समक्ष एन्यूमरेशन



फॉर्म भरवाकर पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और गुणवत्ता की जांच की। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देश दिया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रत्येक पात्र मतदाता का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए और न ही किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश रहनी चाहिए। अभियान को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और गंभीरता के साथ संचालित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। बीडीओ मधुश्री मिश्रा एवं अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है।

# एसडीपीओ ने की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही राधा प्रेम किशोर की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अनुमंडल क्षेत्र के सर्किल इंस्पेक्टर सहित सभी थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की के मामलों में तेजी लाने तथा नियमित रूप से वाहन जांच



अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। थाना स्तर पर आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साइबर अपराध, अवैध गतिविधियों और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान विभिन्न थानों के लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अनिल सिंह, बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, बरकट्ठा थाना प्रभारी आशीष भगत, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी समेत अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## लाखे मस्जिद के समीप जलजमाव की समस्या से मिली राहत

**हजारीबाग :** शहर के लाखे मस्जिद के समीप सड़क पर लंबे समय से जलजमाव की समस्या स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी, जिससे राहगीरों, दुकानदारों तथा आसपास के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लोगों की शिकायतों और मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने त्वरित पहल करते हुए समस्या के अस्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाया है। हजारीबाग नगर निगम की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में पानी निकासी की अस्थायी व्यवस्था कर दी गई है, जिससे सड़क पर जमा पानी धीरे-धीरे निकलने लगा है और लोगों को राहत मिलने लगी है।

# 79वें स्थापना दिवस पर डीवीसी कोनार में सजा ज्ञान का महाकुम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** सोमवार को डीवीसी कोनार के 79वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डीवीसी मध्य एवं उच्च विद्यालय, कोनार के सभा कक्ष में भव्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञान, बुद्धिमत्ता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, तार्किक सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह के मार्गदर्शन में वरीय प्रबंधक (विद्युत) विशाल यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समसामयिक घटनाओं, विज्ञान,



इतिहास और सामान्य ज्ञान की जानकारी भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बनने, नियमित अध्ययन करने और नई जानकारियों से स्वयं को लगातार अपडेट रखने का आह्वान किया। क्विज प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों से डीवीसी के इतिहास, कोनार परियोजना, झारखंड की संस्कृति एवं भूगोल तथा समसामयिक घटनाओं से जुड़े अनेक रोचक और चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने त्वरित एवं सटीक उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रभावशाली परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक सही उत्तर पर सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठता रहा और पूरा वातावरण उत्साह एवं रोमांच से भर गया। प्रतियोगिता के पहले चरण में कक्षा 5, 6 एवं 7 के विद्यार्थियों को ग्रुप-ए, बी एवं सी में विभाजित किया गया। इसमें ग्रुप-सी के अरविंद हेम्ब्रम, बादल हेंब्रम एवं कृष्णा हेंब्रम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 8, 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के बीच आयोजित प्रतियोगिता में 'गामा टीम' के विशाल कुमार, त्रिदेव पाण्डेय, प्रियंका कुमारी एवं आकाश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया।

# गैलेक्सी हाई स्कूल में वन महोत्सव की धूम विद्यार्थियों ने लगाया एक-एक पौधा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग) :** पबरा रोड स्थित गैलेक्सी हाई स्कूल में मंगलवार को वन महोत्सव का आयोजन उत्साह, उमंग और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक चांद अंसारी एवं प्राचार्य दीपक कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वन महोत्सव के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए और पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्रकृति के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही रंगारंग नृत्य-नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि वृक्ष केवल हरियाली ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, पर्यावरण संतुलन और पृथ्वी के अस्तित्व के आधार हैं। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों को प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। वन महोत्सव की सबसे खास पहल यह रही कि विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी ने अपने नाम से विद्यालय परिसर में एक-एक पौधा रोपित किया और उसकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। इस पहल ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और प्रकृति प्रेम की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य दीपक कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य की नींव है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व स्टडी किट वितरण ने बढ़ायी समारोह की गरिमा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोनार डैम परिसर में मंगलवार को उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के माध्यम से डीवीसी की गौरवशाली विकास यात्रा को याद किया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य कार्यालय परिसर में वरीय प्रबंधक (विद्युत) विशाल यादव द्वारा डीवीसी ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद फुटबॉल ग्राउंड स्टेडियम में परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन एवं केक काटकर डीवीसी की 79 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश



कुमार ने प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर डीवीसी मध्य एवं उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और उत्साह ने समारोह को यादगार बना दिया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के मार्गदर्शन में वरीय प्रबंधक विशाल यादव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच स्टडी किट का वितरण किया। इस पहल की विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सराहना की। अपने संबोधन में परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने डीवीसी की 79 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि निगम केवल बिजली उत्पादन और जल प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कोनार परियोजना में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भविष्य में भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का भरोसा दिलाया। समारोह में डीवीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालय परिवार तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। पूरे कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण, संस्थान की प्रगति और डीवीसी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

# नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** डीवीसी के 79वें स्थापना दिवस के अवसर पर परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से डीवीसी कोनार डिस्पेंसरी ने विष्णुगढ़ प्रखंड के मध्य विद्यालय, जमनीजारा में एक नि:शुल्क विद्यालय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कोनार डिस्पेंसरी के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी. एन. मंडल ने अपनी चिकित्सकीय टीम के साथ किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ऊंचाई, वजन, सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुल 127 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त किया। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय ग्रामीणों ने डीवीसी कोनार की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह तथा पूरी चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड की दादपुर पंचायत अंतर्गत हारपुर गांव में 5 जुलाई को एक महिला एवं उसके परिवार के साथ हुई कथित बेरहमी से मारपीट की घटना को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को सड़क पर उतर आया। आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के चौपारण स्थित आवास का घेराव कर मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक ताला नहीं खुलेगा। अचानक हुए इस विरोध प्रदर्शन से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण आवास के बाहर जुट गए और आरोपियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पुलिस की कार्रवाई से नाराज लोगों ने प्रशासन के खिलाफ भी अपना आक्रोश जताया।

# नन्हे हनुमान मंदिर को मिलेगा 'फूलों की घाटी' का स्वरूप, पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग चुरचू प्रखंड स्थित चरही घाटी के नन्हे हनुमान मंदिर परिसर को 'फूलों की घाटी' के रूप में विकसित करने के महत्वाकांक्षी अभियान का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता के इस अनूठे प्रयास में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर भक्ति, उत्साह और हरियाली के संकल्प से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री हनुमान जी की आरती, हवन, पूजन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। हजारीबाग के महापौर अरविन्द कुमार राणा की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने



सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और पर्यावरण संरक्षण की कामना की। इसके उपरांत विधिवत संकल्प लेकर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण किया गया। अभियान के प्रथम चरण में बेल, कल्पतरु, पीपल, रुद्राक्ष, चंदन, नीम, तुलसी, गुलमोहर, अष्टकमल सहित कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में सैकड़ों फूलदार, फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर पूरे मंदिर परिसर को हराभरा और आकर्षक बनाया जाएगा। उद्देश्य यह है कि भविष्य में यह स्थल फूलों की घाटी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करे तथा धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी केंद्र बने। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल कॉलोनी हनुमान मंदिर की कीर्तन मंडली ने बलराम सिंह के नेतृत्व में लगभग दो घंटे तक भक्तिमय भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। भजनों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

## कटकमसांडी में प्रज्ञा केन्द्रों की कार्यशैली पर सवाल

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित एक प्रज्ञा केंद्र की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों एवं सूत्रों का आरोप है कि मोटेशन (दाखिल-खारिज), ऑनलाइन आवेदन, जमीन से संबंधित कार्य तथा अन्य सरकारी सेवाओं के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए आने वाले लोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। उनका आरोप है कि लोगों की आवश्यकता और मजबूरी का लाभ उठाकर उनसे अपेक्षाकृत अधिक शुल्क लिया जाता है, जिससे आम नागरिक आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

# केरेडारी के बालेदेवरी और पाण्डु महायज्ञ में शामिल हुए सांसद, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी प्रखंड के पाण्डु पंचायत स्थित ग्राम बालेदेवरी में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ तथा पाण्डु में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बालेदेवरी में सांसद मनीष जायसवाल ने श्रद्धालुओं, आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने एनटीपीसी द्वारा भूमि अधिग्रहण एवं विस्थापन से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने मांग किया कि कंपनी भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और कट-ऑफ तिथि के अनुरूप सभी सुविधाएं सुनिश्चित करे तथा सभी विस्थापितों को एक स्थान पर सामूहिक रूप से बसाया जाए। सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वस्त किया कि वे कंपनी प्रबंधन से शीघ्र वार्ता कर ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रुद्र महायज्ञ जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा समाज में भाईचारा और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। बालेदेवरी महायज्ञ आयोजन समिति ने सांसद मनीष जायसवाल का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पांच जुलाई से शुरू हुए नौ दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति 13 जुलाई को होगी। प्रतिदिन हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से पधारी कथावाचिका साध्वी ज्योति प्रतिदिन कथा वाचन कर रही हैं।

# अनुपम प्रकाश की मुस्तैदी से नशे के सौदागरों का नेटवर्क ध्वस्त, 25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 03 शातिर अपराधी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग) :** जिले को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ पुलिस अधीक्षक को मिली एक गुप्त सूचना पर कटकमसांडी थाना पुलिस ने त्वरित और बेहद प्रभावशाली कार्रवाई की है। पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांढ़ गांव में भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ 'ब्राउन शुगर' की खरीद-बिक्री होने वाली है। इस सूचना पर बिना वक्त गंवाये अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया, जिसमें कटकमसांडी थाना प्रभारी पु०अ०नि० अनुपम प्रकाश ने अपनी अद्वितीय कार्यकुशलता और सक्रियता का परिचय देते हुए इस पूरे ऑपरेशन को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया। थाना प्रभारी अनुपम



प्रकाश और उनकी टीम ने डांढ़ गांव में घेराबंदी कर सबसे पहले बड़ा बाजार (हजारीबाग) निवासी मो. रिजवान और मो. रफीक को धर दबोचा। पुलिस टीम की पैनी नजर और सख्त पूछताछ के आगे दोनों तस्कर टिक नहीं सके और उनके पास से करीब 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई। अनुपम प्रकाश की सूझबूझ और कड़े रुख के कारण तस्करों ने तुरंत अपने मुख्य सप्लायर का नाम उगल दिया, जो डांढ़ गांव का ही रहने वाला छोटन साव था। थाना प्रभारी ने बिना देरी किए त्वरित एक्शन लिया और छोटन साव के ठिकाने पर छापेमारी कर उसे भी दबोच लिया, जिसके पास से और 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 25 ग्राम ब्राउन शुगर और तस्करी में इस्तेमाल मोबाइल जब्त कर पूरे रैकेट की कमर तोड़ दी है। पकड़े गए अपराधियों का पुराना और खौफनाक आपराधिक इतिहास रहा है, जिससे इलाके में इनका खासा खौफ था। गिरफ्तार मुख्य आरोपी मो० रिजवान पर पहले से ही सदर थाने में हत्या (धारा 302) जैसे दो संगीन मामले और एक अन्य गंभीर मामला दर्ज है, जबकि छोटन साव भी पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल जा चुका है। ऐसे खूंखार और शातिर अपराधियों को अपनी त्वरित सूझबूझ से दबोचकर कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने न सिर्फ एक बड़ी सफलता हासिल की है, बल्कि क्षेत्र में कानून का इकबाल बुलंद किया है।

## इकबाल हुसैन व पुलिस टीम की मुस्तैदी से राहुल दुबे गिरोह के दो खूंखार अपराधी गिरफ्तार, बड़ी वारदात टली



**गिद्दी (हजारीबाग) :** झारखंड पुलिस के 'सेवा ही लक्ष्य' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए हजारीबाग पुलिस ने एक बार फिर अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक को मिली एक गुप्त सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए पुलिस ने गिद्दी थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस पूरी साहसिक कार्रवाई में गिद्दी थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन की सक्रियता और सूझबूझ की चारों तरफ जमकर सराहना हो रही है। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने अपनी टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले कुख्यात राहुल दुबे गैंग के दो सक्रिय अपराधियों को रंगे हाथों दबोच लिया है। घटना 6 जुलाई 2026 की रात की है, जब पुलिस कप्तान को इनपुट मिला कि राहुल दुबे गिरोह के कुछ अपराधी हथियार से लैस होकर सफेद रंग की स्कॉर्पियो (संख्या खल्र-10अफ्र8705) से गिद्दी-मांडू के रास्ते हजारीबाग की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया, जिसमें गिद्दी थाना प्रभारी मो० इकबाल हुसैन ने अग्रिम मोर्चा संभाला। टीम ने कनकी मोड़ के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

## फरार अभियुक्त पर मुफस्सिल थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कानून से बचना अब होगा मुश्किल

**हजारीबाग :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी मुकेश सिंह के कुशल नेतृत्व में फरार अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 26/2019 (जी.आर. संख्या 1596/2021) के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद इम्तियाज, पिता-कल्लू मियां, ग्राम-हूरपा, थाना-मुफस्सिल, जिला-हजारीबाग के घर दिनांक 06 जुलाई 2026 को न्यायालय के आदेशानुसार विधिवत इश्तिहार चस्पा किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अवर निरीक्षक (पु.अ.नि.) जितेंद्र भगत द्वारा कानूनी प्रक्रिया का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए संपन्न की गई। उनकी सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठा एक बार फिर यह दर्शाती है कि फरार अभियुक्तों को कानून के दायरे में लाने के लिए मुफस्सिल थाना पुलिस पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## एक झलक

### सीपीडब्ल्यूडी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर, 18 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद**: **केंद्रीय लोक निर्माण विभाग** (सीपीडब्ल्यूडी) के 172वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, धनबाद एवं सीपीडब्ल्यूडी के संयुक्त तत्वावधान में सरायढेला स्थित कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अभियंता एवं कार्यपालक निदेशक (आईआईटी-आईएसएम, सीपीडब्ल्यूडी) उज्ज्वल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय सेवा कार्य है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, 8.52 लाख ईएफ का वितरण, 1.02 लाख फॉर्म हुए डिजिटाइज

**धनबाद** : जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच एन्यूमरेशन फॉर्म (ईएफ) का वितरण और उसके डिजिटाइजेशन का कार्य समानांतर रूप से जारी है। प्रशासन के अनुसार अब तक जिले में 8,52,251 ईएफ मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं, जबकि 1,02,790 फॉर्मों का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। इससे मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में तेजी आई है। विधानसभावार आंकड़ों के अनुसार टुंडी में 1,65,985, सिंदरी में 1,74,980, निरसा में 1,59,618, बाघमारा में 1,15,108, झरिया में 1,01,325 तथा धनबाद विधानसभा में 1,35,235 ईएफ वितरित किए गए हैं। वहीं डिजिटाइजेशन के मामले में टुंडी 31,933 फॉर्म के साथ आगे है। इसके अलावा सिंदरी में 28,170, निरसा में 12,928, बाघमारा में 9,248, झरिया में 8,260 तथा धनबाद विधानसभा में 12,251 फॉर्म डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल किए जा चुके हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि अभियान की सतत निगरानी की जा रही है। सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) लगातार मतदान केंद्रों का दौरा कर रहे हैं, ताकि ईएफ वितरण और डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा हो सके। प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच बनाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन करना है।

### यूकेजी छात्र हर्ष राज महतो को विद्यालय में दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**धनबाद** : पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में यूकेजी के छात्र हर्ष राज महतो के असामयिक निधन पर मंगलवार को श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सभा में निदेशक दिनेश कुमार महतो, प्रधानाचार्य रुपेश कुमार, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने दिवंगत छात्र की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। निदेशक दिनेश कुमार महतो ने कहा कि एक नन्हे विद्यार्थी का असमय निधन विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। वहीं, प्रधानाचार्य रुपेश कुमार ने कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा विद्यालय परिवार हर्ष राज महतो के परिजनों के साथ खड़ा है और उनकी मधुर स्मृतियां सदैव सभी के हृदय में जीवित रहेंगी। श्रद्धांजलि सभा में सुखेंदु माझी, निर्मल मोदक, तुषार, उत्तम, बिभाष, संपा, प्रियंका, स्वाति, मुस्कान, रुक्सार, वैभवी, सोनू शर्मा सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा का समापन दो मिनट के मौन और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

### सदर अस्पताल में अब नियमित मिलेंगे ईएनटी और चर्म रोग विशेषज्ञ, मरीजों को होगी बड़ी राहत

**धनबाद** : जिले के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की पहल पर धनबाद सदर अस्पताल में अब नाक, कान एवं गला (ईएनटी) तथा चर्म रोग विशेषज्ञ नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे। इससे मरीजों को निजी अस्पतालों या दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और सरकारी अस्पताल में ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विजया बाला मुर्मू तथा चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका कुमारी प्रत्येक ओपीडी दिवस पर मरीजों का उपचार करेंगी। रविवार को छोड़कर सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में मरीज इन विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन दोनों विशेषज्ञ सेवाओं की नियमित उपलब्धता की मांग की जा रही थी। अब यह व्यवस्था लागू होने से धनबाद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मिलेगा।

# केन्दुआडीह भू-धंसान पर बनी कार्ययोजना, एसओपी के बाद होगी खुदाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** केंदुआडीह में लगातार हो रहे भू-धंसान और गैस रिसाव की समस्या के समाधान तथा छह-सात माह से बंद धनबाद-बोकारो मुख्य सड़क को दोबारा चालू करने की दिशा में मंगलवार को जिला प्रशासन ने अहम पहल की। समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार (डीडीएमए) के अध्यक्ष आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, बीसीसीएल और तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वैज्ञानिक तरीके से खुदाई कर वास्तविक स्थिति का पता लगाने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि बीसीसीएल 10 जुलाई तक विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपेगा। एसओपी के अनुरूप प्रभावित सड़क के नीचे खुदाई शुरू की जाएगी। खुदाई के दौरान पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा जाएगा तथा प्रभावित परिवारों को




अस्थायी राहत शिविरों में स्थानांतरित किया जाएगा। रेस्क्यू टीम, डीजीएमएस, आईआईटी (आईएसएम), सिम्फर और अन्य तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य होगा। खुदाई के बाद प्राप्त तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर ही यह तय किया जाएगा कि सड़क को दोबारा चालू करना सुरक्षित है या नहीं। बैठक में सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि सड़क बंद रहने से हजारों लोगों को भारी परेशानी हो रही है, इसलिए बीसीसीएल को शीघ्र ठोस कदम उठाने चाहिए। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बीसीसीएल पहले भी कई धंसी सड़कों की मरम्मत कर उन्हें चालू कर चुका है, इसलिए इस सड़क के लिए भी गंभीर प्रयास होने चाहिए। विधायक अरूप चटर्जी, रागिनी सिंह, चंद्रदेव महतो तथा जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने भी वैज्ञानिक जांच के बाद सड़क खोलने का समर्थन किया। ऑनलाइन जुड़े बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन के निदेशानुसार एसओपी तैयार कर सभी सुरक्षा मानकों के साथ कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक के अंत में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बीसीसीएल भविष्य में किसी भी सरकारी सड़क, बिजली के खंभे या पाइपलाइन के पास कार्य शुरू करने से पहले प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेगा। बिना अनुमति कार्य कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर संबंधित क्षेत्र के महाप्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

## जनता दरबार में गूंजीं जमीन, पेंशन और आवास की समस्याएं, उपायुक्त ने दिये त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**धनबाद** : समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के समक्ष रखीं। जनता दरबार में सबसे अधिक आवेदन जमीन संबंधी विवाद, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण पत्र तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों के रहे। उपायुक्त ने एक-एक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनता दरबार में जाति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत आर्थिक सहायता, बकाया वेतन भुगतान, दाखिल-खारिज, अतिक्रमित भूमि, जन्म प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध नाली निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, बैंक खाते से अवैध निकासी और घरेलू विवाद समेत विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान धनबाद, बाघमारा, पुटकी, भूली, झरिया, गोविंदपुर, तोपचांची, बरवाअड्डा, कतरास, हीरापुर, बलियापुर, केन्दुआडीह, धनसार सहित जिले के कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

## धनबाद में अवैध कोयला खनन पर केन्द्र सख्त अमित शाह ने लागू करने का दिया 'जीरो कोल लीकेज प्लान' का निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद और आसपास के कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते अवैध कोयला खनन और कोयला चोरी पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में धनबाद के लिए कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय कोयला सचिव, कोयला मंत्रालय, सीआईएसएफ, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) तथा बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में अमित शाह ने धनबाद क्षेत्र में अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए 'जीरो कोल लीकेज प्लान' को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ और कोल इंडिया के अधिकारियों को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर एक्ट) के तहत मिले अधिकारों का पूरी सख्ती और समन्वय के साथ उपयोग किया जाए। अधिकारियों को संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी, तलाशी, अवैध कोयला,



उपकरण और वाहनों की जब्ती तथा न्यायालय में शिकायत दर्ज करने का अधिकार पहले ही दिया जा चुका है। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी कोयला परिवहन के लिए ई-वे बिल की अनिवार्य जांच सुनिश्चित की जाए और जीएसटी विभाग को भी इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि केवल वैध रूप से खनन किए गए कोयले का ही परिवहन और उपयोग हो। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में क्विक रिस्पॉन्स टीमों की तैनाती, हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों से निगरानी और कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में कोयला मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर 2025 में हुई पिछली समीक्षा के बाद कई ठोस कदम उठाए गए हैं। हालांकि अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि अब भी अवैध खनन को पूरी तरह रोकने के लिए और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।

### आईआईटी आईएसएम प्रबंधन के खिलाफ सुरक्षा प्रहरियों की भूख हड़ताल

# 110 गार्डों की बहाली की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से संबद्ध सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने मंगलवार को जगजीवन नगर स्थित मुख्य श्रम कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर आईआईटी आईएसएम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने करीब 14 माह पहले हटाए गए 110 सुरक्षा गार्डों की तत्काल पुनर्बहाली तथा श्रम कानूनों के कथित उल्लंघन के मामले में संस्थान पर कार्रवाई की मांग उठाई। संघ के महामंत्री प्रभात कुमार ने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के वर्षों से कार्यरत सुरक्षा गार्डों को सेवा से हटा दिया गया, जिससे



उनके परिवार आर्थिक संकट में आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम विभाग में लंबी सुनवाई के दौरान संस्थान के पंजीकरण और श्रम नियमों के पालन पर सवाल उठे हैं तथा अनुचित श्रम व्यवहार से जुड़ा मामला आगे की कार्रवाई के लिए दिल्ली स्तर पर लंबित है। उनका कहना था कि कई कर्मचारी 20 से 25 वर्षों से संस्थान की सेवा कर रहे थे और नौकरी छिनने से बच्चों की पढ़ाई तथा परिवार की आजीविका प्रभावित हुई है। भूख हड़ताल की शुरूआत बीएमएस जिला मंत्री धर्मजीत चौधरी और संघ के महामंत्री प्रभात सिंह ने की। अनशन में दीपक ओझा, गोरख राम, मनोज साव, जितेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, रिजु साव, लालजीत भारती, अमित कुमार, रवि कुमार, अरविंद मिश्रा, उपेंद्र सिंह, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा प्रहरी शामिल हुए। आंदोलन को ओम कुमार सिंह, रेखा कुमारी, सुशील कुमार सिंह, अनिल कुमार समेत कई सामाजिक कार्यकताओं ने भी समर्थन दिया। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को पूरे राज्य में और तेज किया जाएगा।

### जामाडोबा में बंद घर से 30 हजार के बर्तन चोरी, चार संदिग्ध हिरासत में

जोड़ापोखर (धनबाद): जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के आजाद नगर रेलवे कॉलोनी स्थित एसडीएम स्कूल के समीप रहने वाले निमाय कुमार हरि के बंद घर में सोमवार की रात चोरों ने धावा बोलकर करीब 30 हजार रुपये मूल्य के बर्तन चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जोड़ापोखर थाना में दर्ज कराई है। निमाय कुमार हरि ने बताया कि सोमवार रात घर में मेहमान आए थे। लगातार बारिश होने के कारण परिवार के लोग दूसरे स्थान पर रुक गए थे। मंगलवार सुबह उनके पिता राजन हरि घर पहुंचे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और रसोई से कई बर्तन गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## जेडआरयूसीसी बैठक में पिंटू कुमार सिंह ने महाप्रबंधक को सौंपा 15 सूत्री मांग पत्र, यात्री सुविधाओं पर दिया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : पूर्व मध्य रेल की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक में सदस्य पिंटू कुमार सिंह ने सोमवार को महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के नाम उप महाप्रबंधक (सामान्य) के माध्यम से 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में यात्रियों की सुविधा, नई ट्रेनों के परिचालन, स्टेशनों के विकास, सुरक्षा और साफ-सफाई से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। पिंटू कुमार सिंह ने हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार पटना तक करने की मांग करते हुए कहा कि इससे यात्रियों के साथ-साथ रेलकर्मियों को भी हाजीपुर जोनल मुख्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी और रेलवे की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने धनबाद से गिरिडीह होते हुए हजारीबाग टाउन के



लिए लोकल ट्रेन, धनबाद से नई दिल्ली एवं सिकंदराबाद के लिए नई ट्रेन चलाने तथा गंगा दामोदर एक्सप्रेस को दुमका के बजाय बक्सर तक विस्तारित करने की भी मांग रखी। ज्ञापन में गोमो जंक्शन, कतरास और धनबाद स्टेशन पर बदहाल सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार, हजारीबाग रोड स्टेशन का नाम बदलकर सरिया स्टेशन करने, कुमारधुबी स्टेशन पर धनबाद-पटना इंटरसिटी के ठहराव और कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर को रांची तक विस्तारित करने का भी प्रस्ताव दिया गया। इसके अलावा तत्काल टिकटों की दलाली पर सख्त कार्रवाई, धनबाद होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में आपातकालीन कोटा बढ़ाने, वारसलीगंज स्टेशन की रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर दुकानों का निर्माण कराने तथा गयाझपटना रेलखंड के चाकंद, बेला सहित अन्य स्टेशनों पर यूपीआई से टिकट भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। पिंटू कुमार सिंह ने आउटसोर्सिंग कार्यों की निगरानी के लिए जोनल सदस्यों को शामिल करते हुए एक मॉनिटरिंग कमेटी गठित करने तथा आरपीएफ बल की कमी को देखते हुए निजी सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इन मांगों पर अमल होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और रेलवे की कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी होगी।

## बीपीएससी में आरडीओ बने लक्ष्मीकांत पासवान का विधायक राज सिन्हा ने किया सम्मान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में ग्रामीण विकास पदाधिकारी (आरडीओ) पद पर चयनित लक्ष्मीकांत पासवान को मंगलवार को धनबाद विधायक एवं झारखंड विधानसभा के सचेतक राज सिन्हा ने उनके पुटकी ए-टाइप स्थित आवास पर सम्मानित किया। विधायक ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि लक्ष्मीकांत पासवान की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर हासिल की गई यह उपलब्धि बताती है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि लक्ष्मीकांत अपने दायित्वों का ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए ग्रामीण विकास और जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेंगे। विधायक ने युवाओं से शिक्षा, मेहनत और सकारात्मक सोच को अपनाने तथा सफल प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में नए कीर्तिमान स्थापित करने का आह्वान किया।

### धनबाद में 1016 वाहनों की जांच, एसएसपी के निर्देश पर चला एंटी क्राइम अभियान

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार की देर शाम तक वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और प्रवेश मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1016 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहन चालकों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया और भविष्य में सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी गई।

## झरिया की समस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त से मिलीं विधायक रागिनी सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झरिया विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर मंगलवार को विधायक रागिनी सिंह ने समाहरणालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में विधायक ने झरिया में भू-धंसान, सड़क, पेयजल, पुनर्वास, आधारभूत सुविधाओं और विकास योजनाओं से जुड़े लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि झरिया की समस्याएं लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। ऐसे में प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर इन मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और विकास कार्यों में तेजी आये। उपायुक्त आदित्य रंजन ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और सभी विभागों के समन्वय से लंबित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। मुलाकात के बाद विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से भू-धंसान, पुनर्वास और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े लंबित मामलों में जल्द प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा।

### शिक्षा व महिला सशक्तीकरण पर रागिनी सिंह का जोर झरिया में विद्यालय व आंगनवाड़ी भवन की रखी आधारशिला

**झरिया (धनबाद)** : झरिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और महिला-बाल कल्याण से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। विधायक रागिनी सिंह ने झरिया प्रखंड के फूसबंगला गांव में भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, धनबाद की ओर से बनने वाले नए प्राथमिक विद्यालय भवन तथा नुनीडीह बस्ती के बाबू बासा में डीएमएफटी योजना से बनने वाले ईजीएस/आईसीडीएस केंद्र (आंगनवाड़ी भवन) की आधारशिला रखी। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया के विकास को केवल सड़क, बिजली और पानी तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी मजबूत आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि फूसबंगला में बनने वाला विद्यालय भवन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा, जबकि नुनीडीह का नया आंगनवाड़ी भवन गर्भवती एवं धात्री माताओं, बच्चों और महिलाओं के लिए पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं तथा प्रारंभिक शिक्षा का प्रभावी केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और बस्ती तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे हों, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है और इन्हीं क्षेत्रों में निवेश से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मजबूत होगा।



## सड़क हादसे में युवक की मौत, मुआवजे की मांग पर तीन घंटे जाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी के समीप हीरक रोड पर मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में बड़ा पांडेयडीह निवासी 30 वर्षीय अरविंद पाण्डेय की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हरिणा चौक को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। बाद में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और प्रशासन के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार अरविंद पाण्डेय मंगलवार सुबह कंपनी का वाहन धनबाद छोड़कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। सुबह करीब आठ बजे मुराईडीह श्रमिक कॉलोनी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बरोरा पुलिस मौके



पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अरविंद को बीसीसीएल क्षेत्रीय अस्पताल, डूमरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी, लेकिन कई लोग घायल की मदद करने के बजाय मोबाइल से फोटो और वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। ऐसे में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की खबर मिलते ही डूमरा अस्पताल और मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवी गौतम पाण्डेय और उनके सहयोगियों ने परिजनों को समझाकर शव का पोस्टमार्टम धनबाद में कराया। इसके बाद परिजन व ग्रामीण हरिणा चौक पर सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। सूचना पर विधायक शत्रुघ्न महतो, बाघमारा अंचलाधिकारी गिरिजानंद किस्कू, बाघमारा थाना प्रभारी अजीत कुमार तथा बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार मौके पर पहुंचे और कई दौर की वार्ता के बाद लोगों को शांत कराया। विधायक और सीओ ने मृतक के परिजनों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन देने को कहा तथा सड़क दुर्घटना सहायता योजना के तहत सरकारी मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। आश्वासन मिलने के बाद जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।

### पदोन्नति पर एलआईसी विकास अधिकारी उमेश कुमार को भावभीनी विदाई, अभिकर्ताओं ने किया सम्मानित



**धनबाद** : भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की धनबाद शाखा-2 में पिछले 27 वर्षों से विकास अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे उमेश कुमार के सहायक शाखा प्रबंधक (विक्रय) पद पर पदोन्नत होने पर शनिवार को धनबाद स्थित 17 डिग्री होटल में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके अभिकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन करते हुए उनके लंबे कार्यकाल, नेतृत्व क्षमता और अभिकर्ताओं के मार्गदर्शन में निभाई गई भूमिका की सराहना की। समारोह में उमेश कुमार अपनी धर्मपत्नी सीमा कुमारी तथा पुत्र रचित नमन के साथ उपस्थित रहे। अभिकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों में सफलता की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व हजारीबाग मंडल लियाफी के अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि उमेश कुमार ने अपने कार्यकाल में न केवल निगम की प्रगति में योगदान दिया, बल्कि अनेक अभिकर्ताओं को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर जीतन राय, दशरथ प्रसाद, सुबोध सिंह, पंकज दवे, विनय झा, सुजीत कुमार, चंद्रशेखर राय, मिलन रॉय, लीलाधारी साव, कृष्ण सिंह, महाकांत झा, राहुल कुमार, राजकुमार, अमित सहित बड़ी संख्या में अभिकर्ता उपस्थित थे। सभी ने भावुक माहौल में उन्हें विदाई देते हुए उनके सफल एवं गौरवपूर्ण भविष्य की मंगलकामना की।

## प्रिंस खान के शूटर्स से संबंध का आरोप, कोर्ट जाने की तैयारी में सांसद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद के सर्किट हाउस में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने निरसा विधायक अरूप चटर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। सांसद ने मीडिया के समक्ष कुछ तस्वीरें प्रस्तुत करते हुए दावा किया कि इनकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। ढुल्लू महतो ने आरोप लगाया कि कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के फरार बताए जा रहे शूटर मोइज खान और रिजवान सिद्दीकी का संबंध अरूप चटर्जी से है। उनका दावा था कि दोनों विधायक के करीबी हैं और यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। सांसद ने कहा कि वह पूरे प्रकरण की जांच सुनिश्चित कराने के लिए जल्द ही माननीय न्यायालय का रुख करेंगे और जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी और दोषी कौन है, इसका पता चल सकेगा। प्रेस वार्ता के दौरान ढुल्लू महतो ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर भी निशाना साधते हुए



कहा कि विभिन्न विचारधाराओं के लोग उन्हें बदनाम करने और घेरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से वे विचलित नहीं होंगे और धनबाद के विकास तथा जनता के हित के मुद्दों को उठाते रहेंगे।

हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि ये सभी आरोप भाजपा सांसद ढुल्लू महतो द्वारा प्रेस वार्ता में लगाए गए हैं। इन आरोपों पर निरसा विधायक अरूप चटर्जी या संबंधित पक्ष की प्रतिक्रिया समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आई थी। साथ ही आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। इधर इस मामले में निरसा विधायक अरुप चटर्जी की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# छाताबाद में जमीन फटी, मैदान समाया, तालाब हुआ खाली, भू-धंसान से कई घर तबाह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : बीसीसीएल एरिया-3 के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद वार्ड संख्या-2 स्थित भंडारीडीह में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे हुए भीषण भू-धसान ने एक बार फिर कोयलांचल में भूमिगत आग और खनन प्रभावित क्षेत्रों की भयावह हकीकत सामने ला दी। तेज धमाके जैसी आवाज के साथ फुटबॉल मैदान का बड़ा हिस्सा अचानक जमीन में धंस गया। देखते ही देखते मैदान के किनारे स्थित बड़ा तालाब भी खाली हो गया और उसका लाखों लीटर पानी भू-धसान से बने विशाल गड्ढे में समा गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर घरों से बाहर निकल आए।

भू-धंसान की चपेट में आने से जुबेर अंसारी, सदाम अंसारी, डब्लू अंसारी और जियाउल अंसारी समेत कई परिवारों के घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं आसपास के दर्जनों मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। कई परिवारों ने एहतियातन अपने घर खाली कर दिए हैं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय अधिकांश लोग घरों से बाहर थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



घटना की सूचना मिलते ही धनसार से बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और जोखिम के बीच प्रभावित परिवारों के घरों से जरूरी सामान बाहर निकाला। कतरास सर्किल इंस्पेक्टर, कतरास थाना प्रभारी, अंगारपथरा ओपी प्रभारी तथा तेतुलमारी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और पूरे इलाके को बैरिकेडिंग कर डेंजर जोन घोषित कर दिया। प्रशासन ने लोगों को प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की हिदायत दी। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पार्षदों के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कतरास-भट्टमुड़ना मुख्य मार्ग जाम कर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन जारी है, जिससे जमीन पूरी तरह खोखली हो चुकी है। कई बार शिकायत और पूर्व में हुई भू-धसान की घटनाओं के बावजूद बीसीसीएल ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल मुआवजा, सुरक्षित पुनर्वास, क्षतिग्रस्त मकानों का उचित आकलन तथा अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन घंटों बाधित रहा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाघमारा अंचल अधिकारी गिरजानंद किस्कू भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए कुछ समय की मांग की, जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर सड़क जाम हटाया।

यह हादसा एक बार फिर कोयलांचल में भू-धसान और अवैध खनन की गंभीर समस्या को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सम्पादकीय.....

# बढ़ते साइबर अपराध, बड़ी चुनौती

**डिजिटल** क्रांति ने भारत को अभूतपूर्व गति, सुविधा और पारदर्शिता प्रदान की है। आज मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने सामान्य नागरिक के जीवन को सरल और सक्रिय बनाया है। भारत विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से उभर रहा है और 'डिजिटल इंडिया' तथा 'विकसित भारत-2047' का सपना इसी तकनीकी परिवर्तन पर आधारित है। किंतु इस उजले परिदृश्य के समानांतर एक भयावह अंधेरा भी तेजी से फैल रहा है-साइबर अपराधों का बढ़ता साम्राज्य। डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन वित्तीय ठगी, फिशिंग, पहचान की चोरी, निवेश घोटाले, व्यक्तिगत गोपनीयता पर सेंध, सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध, बाल यौन शोषण सामग्री का प्रसार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग आज केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक नैतिकता के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। विडंबना यह है कि जिस तकनीक का उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और ज्ञानसमृद्ध बनाना था, वही तकनीक अपराधियों के लिए सबसे प्रभावी हथियार बनती जा रही है। इंटरनेट की असीम संभावनाओं का लाभ जितनी तेजी से समाज ने उठाया है, उतनी ही तेजी से अपराधियों ने भी उसे अपने हित में ढाल लिया है। परिणामस्वरूप डिजिटल दुनिया में विश्वास का संकट गहराता जा रहा है। डिजिटल व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी विश्वास है। जब कोई नागरिक मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करता है, यूपीआई से भुगतान करता है या किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवेश करता है, तब वह केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल तंत्र की विश्वसनीयता पर भरोसा करता है। यदि यही भरोसा लगातार साइबर ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, नितांत व्यक्तिगत सूचनाओं के सार्वजनिक होने के भय, निवेश घोटालों और पहचान की चोरी जैसी घटनाओं से टूटने लगे, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। जिस प्रकार नकली मुद्रा का प्रसार पूरी आर्थिक व्यवस्था को संकट में डाल देता है, उसी प्रकार डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना कैशलेस अर्थव्यवस्था की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। परंपरागत अपराधों और साइबर अपराधों में मूलभूत अंतर है। पहले अपराध किसी निश्चित क्षेत्र तक सीमित रहते थे, अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी की संभावना अपेक्षाकृत अधिक होती थी। आज साइबर अपराधी हजारों किलोमीटर दूर बैठकर कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। उसके लिए जोखिम न्यूनतम और लाभ अधिकतम है। यही असंतुलन साइबर अपराध को अत्यंत खतरनाक बनाता है। अपराध का यह नया स्वरूप सीमाओं, भाषाओं और कानूनों की पारंपरिक सीमाओं को भी चुनौती दे रहा है। चिंता केवल आर्थिक अपराधों तक सीमित नहीं है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रचार-प्रसार के आरोपों ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। यदि लोकप्रिय डिजिटल मंचों पर पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन प्रसारित हो सकते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक विफलता भी है। प्रश्न यह भी है कि क्या सोशल मीडिया कंपनियां केवल स्वयं को तकनीकी मंच कहकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो सकती हैं? जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिद्म यह तय करते हैं कि कौन-सा विज्ञापन किस व्यक्ति तक पहुंचेगा, तब उन मंचों की जवाबदेही भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। आज अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म आपत्तिजनक सामग्री हटाने का दावा करते हैं, किंतु व्यवहार में उनकी प्राथमिकता कई बार राजस्व और व्यावसायिक हित प्रतीत होती है।

## ● किसने क्या कहा



भारत-इंडोनेशिया के लिए कई क्षेत्रों में असीमित अवसर

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

चढ़ावा चोरी के पुख्ता सबूत दें राजनीतिक दल वरना चुनावी स्टंटबाजी से बचें

मायावती
बसपा अध्यक्ष



# वैश्विक पटल पर चमकती भारत की शिल्प विरासत

विशेष — ओ.पी. पाल



साल 2023 में लॉन्च हुआ यह मंच भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित यह समर्पित ई-कॉमर्स पोर्टल है, जो हमारी पारंपरिक विरासत को संरक्षित कर रहा है। 'इंडिया हैंडमेड' न केवल भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर रहा है, बल्कि करीब 65 लाख शिल्पी कारीगरों को व्यापक बाजार देकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' के विजन को भी मजबूत कर रहा है। 'इंडिया हैंडमेड' पोर्टल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' के नारे को धरातल पर सच करता नजर आ रहा है। यह मंच केवल आर्थिक लेन-देन की जगह नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का भी मजबूत उपकरण है।

**भारत** की धरती केवल विविधताओं का देश नहीं बल्कि यह सदियों पुरानी कला, संस्कृति और शिल्प कौशल का जीवंत कोलाज भी है। कश्मीर के पहाड़ों में बुनी जाने वाली पश्मीना शॉल से लेकर दक्षिण के तटीय इलाकों में पहने जाने वाले मुंडू वस्त्रों तक, बनारस की गलियों की हथकरघा मशीनों से लेकर मध्य प्रदेश के चंदेरी सिल्क तक भारत का हर कोना अपनी विशिष्ट कलात्मक पहचान रखता है। लेकिन, इस बदलते युग में आधुनिक, गतिशील और डिजिटल हो रहे बाजार में इन पारंपरिक शिल्पों के सामने जगह बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती थी। इसी चुनौती को अवसर में बदलने और भारत के ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों कारीगरों को आधुनिक अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'इंडिया हैंडमेड' डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई, जो आज भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं के लिए मजबूत 'डिजिटल इंडिया ब्रिज' बन चुका है बल्कि यह वैश्विक स्तर पर देश के आर्थिक सशक्तिकरण की एक नई पटकथा भी लिख रहा है। साल 2023 में लॉन्च हुआ यह मंच भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा विकसित यह समर्पित ई-कॉमर्स पोर्टल है, जो हमारी पारंपरिक विरासत को संरक्षित कर रहा है। 'इंडिया हैंडमेड' न केवल भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर रहा है, बल्कि करीब 65 लाख शिल्पी कारीगरों को व्यापक बाजार देकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' के विजन को भी मजबूत कर रहा है। 'इंडिया हैंडमेड' पोर्टल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' के नारे को धरातल पर सच करता नजर आ रहा है। यह मंच केवल आर्थिक लेन-देन की जगह नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का भी मजबूत उपकरण है। जब दुनिया के किसी दूसरे कोने में बैठा व्यक्ति इस पोर्टल से कोई हस्तनिर्मित वस्तु खरीदता है तो वह केवल उत्पाद नहीं खरीद रहा होता बल्कि वह उस भारतीय कारीगर की उंगलियों के जादू, उसकी पीढ़ियों की विरासत और भारत की मिट्टी की कहानी को अपने घर ले जा रहा होता है। जैसे-जैसे हम डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं, इंडिया हैंडमेड यह सुनिश्चित कर रहा है कि हमारी प्राचीन कलाएं और तकनीकें पीछे न छूट जाएं। यह मंच आधुनिकतम ई-कॉमर्स तकनीक और प्राचीनतम मानवीय कौशलों का अद्भुत और सफल संगम है। यह हमारे बुनकरों और शिल्पकारों को केवल जीवित रहने का साधन नहीं दे रहा बल्कि उन्हें सम्मान, वैश्विक पहचान और समृद्धि का नया आसमान दे रहा है। इंडिया हैंडमेड के माध्यम से भारत की यह अनमोल विरासत न केवल सुरक्षित है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निरंतर आजीविका, नवाचार और गौरव का शाश्वत स्रोत बनकर चमक रही है। प्रत्येक भारतीय और वैश्विक नागरिक के लिए इस मंच से जुड़ना भारत की आत्मा और उसकी कलात्मक धड़कन से जुड़ने जैसा है। भारत का हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र, कृषि के बाद देश में रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 64.66 लाख हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर हैं। मसलन देश में 71 प्रतिशत हथकरघा बुनकरों में 64 प्रतिशत महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी इस क्षेत्र की सबसे खूबसूरत और मजबूत सामाजिक संरचना है। यानी जब एक ग्रामीण महिला बुनकर के बनाए उत्पाद को वैश्विक मंच मिलता है तो वह न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र होती है बल्कि अपने पूरे परिवार और समुदाय की सामाजिक स्थिति को भी बदल देती है। यही एक सशक्तिकरण और समावेशी विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। यह एक ऐसा ई-कॉमर्स पोर्टल है जो पूरी तरह से 'मेड इन इंडिया' और 'हैंडमेड' (हाथ से बने) उत्पादों के लिए समर्पित है। यहाँ मशीनी या कृत्रिम रूप से तैयार उत्पादों की कोई जगह नहीं है, जिससे हस्तनिर्मित कला की शुद्धता और प्रामाणिकता बनी रहती है। इंडिया हैंडमेड के माध्यम से अब कारीगर सीधे देश-विदेश के खरीदारों से जुड़ते हैं, जिससे उन्हें अपनी मेहनत का उचित और पारदर्शी मुआवजा मिलता है। एक छोटे से गांव में रहने वाले हुनरमंद शिल्पकार के पास पहले केवल स्थानीय मेलों या हाट-बाजारों तक ही पहुंच होती थी। लेकिन इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उनके उत्पादों को एक क्लिक पर करोड़ों ग्राहकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है, जिससे उनकी बाजार सीमाएं असीमित हो गई हैं। इंडिया हैंडमेड की एक सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह रोजमर्रा के उत्पादों के साथ-साथ भारत की विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान वाले शिल्पों को एक वीआईपी स्थान देता है। इसके तहत दो प्रमुख सरकारी पहलों को इस मंच पर विशेष रूप से एकीकृत किया गया है, जिसमें जीआई-टैग और ओडीओपी शामिल है। जीआई-टैग किसी उत्पाद की उस विशिष्ट गुणवत्ता, प्रतिष्ठा और विशेषताओं को प्रमाणित करता है जो मुख्य रूप से उसके भौगोलिक उद्गम के कारण होती हैं। इंडिया हैंडमेड पर खरीदार देश के कोने-कोने के प्रामाणिक जीआई उत्पादों को खरीद सकते हैं। इनमें उत्तराखंड की ऐपन कला, कश्मीर की सबसे नरम और बेशकीमती शुद्ध पश्मीना शॉल, केरल के पारंपरिक सूती वस्त्रों में शुमार मुंडू उत्पाद, यूपी के वाराणसी रेशमी बुनाई के लिए विश्व प्रसिद्ध बनारसी साड़ी (सिल्क उत्पाद), गोरखपुर व अन्य क्षेत्र के मिट्टी से बनी जीवंत मूर्तियां और घरेलू सजावट के सामान टेराकोटा उत्पाद, मध्य प्रदेश की चंदेरी सिल्क, पश्चिम बंगाल की बारीक सूती बुनाई और हाथ से तैयार तंगेल साड़ी और झारखंड/बिहार के प्राकृतिक सुनहरे रंग और अनूठे टेक्सचर जैसे उत्पाद भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्यएक जिला एक उत्पादह्न का हिस्सा बन चुके हैं।

# जीवन का मुख्य आधार है जल

गौरतलब — अरुण कुमार दीक्षित



मानसून ने बड़ी प्रतीक्षा कराई। मानसून शब्द अरबी भाषा के मौसम शब्द से लिया गया है। इसका अर्थ मौसम या ऋतु होता है। यह शब्द मुख्य रूप से अरब सागर में हवा की दिशा में होने वाले बदलावों के लिए प्रयोग किया जाता है। ऋतु शब्द संस्कृत का है। यह वैदिक संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ यज्ञ या धार्मिक अनुष्ठान से है।

**जल** अमृत है। जल को प्राण कहा गया है। जल प्रत्येक प्राणी के लिए अपरिहार्य है। प्रत्येक प्राणी जल पर निर्भर है। सम्पूर्ण विश्व में पेयजल की कमी हो रही है। नदियों का जल घट रहा है। जल स्रोत सूख रहे हैं। विश्व का तापमान बढ़ा है। तापमान बढ़ने से ऋतु चक्र में परिवर्तन हो रहा है। कहीं अत्यधिक गर्मी है कहीं पर अतिवृष्टि तो कही शीत से लोग पीड़ित हैं। मानसून ने बड़ी प्रतीक्षा कराई। मानसून शब्द अरबी भाषा के मौसम शब्द से लिया गया है। इसका अर्थ मौसम या ऋतु होता है। यह शब्द मुख्य रूप से अरब सागर में हवा की दिशा में होने वाले बदलावों के लिए प्रयोग किया जाता है। ऋतु शब्द संस्कृत का है। यह वैदिक संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ यज्ञ या धार्मिक अनुष्ठान से है। भारतीय दर्शन में ऋतु में छह हैं। बसंत ऋतु की बड़ी महिमा बताई गई है। इसे ही ऋतुओं का राजा कहा गया है। इसके बाद ग्रीष्म ऋतु है। वर्षा ऋतु मोहक होती है। किसान अपनी खेती की तैयारी में लग जाते हैं। इसके बाद हेमंत ऋतु। फिर शिशिर ऋतु। इसी तरह शब्द है ऋत। कई बार ऋत को ऋतु और ऋतु को ऋत कह दिया जाता है। ऋत वैदिक दार्शनिक अवधारणा है। यह प्रकृति का शाश्वत अनुशासन है। ऋतु एक चक्र है। मौसम है। जल जीवन का मुख्य आधार है। ऋग्वेद में जल को आपः कहकर दिव्य चेतना और प्राण शक्ति कहा गया है। जल मात्र भौतिक तत्व नहीं है। यह माँ के समान पालक भी है। जल के देवता वरुण हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि, जल में सभी रोगों को दूर करने की क्षमता है। जल के देवता वरुण ब्रम्हांड के नियमों (ऋत) को बनाए रखते हैं। पर्जन्य देव वर्षा बादल बिजली के देव हैं। जल का दार्शनिक वर्णन उपनिषदों में किया गया है। छांदोग्य उपनिषद में जल को प्राण और ईश्वर के निकट माना गया है। जल ही अन्न और जीवन है। महर्षि उद्दालकअपने पुत्र श्वेतकेतु को समझाते हैं कि जल के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। जल न हो तो अन्न नहीं होगा। बिना अन्न के जीवन नहीं हो सकता। कहा कि जल में ईश्वरीय तत्व होता है। जैसे जल में नमक घुला हो वह अदृश्य रहता है लेकिन बूंद में स्वाद होता है। वैसे ही निराकार जीवों में सभी जगह और हर जीव में व्याप्त है। अथर्ववेद में जल को ॾशिवोतमॾ रस कहा गया है। सामवेद में जल को सोमजल कहा गया है। रामचरितमानस में जल पंच महाभूतों में आधार है। गीता में श्रीकृष्ण ने जल की महिमा को ईश्वरीय ऊर्जा कहा है। सर्वव्यापी सत्ता के रूप में कहा है।

## आज का इतिहास

- सिसिलीयाई वेस्पर का युद्ध; माल्टा की लड़ाई 1283 में हुई।
- 170 सदस्यीय दल के साथ समुद्र के रास्ते भारत पहुंचने के लिए वास्को डी गामा यूरोप से 1497 में रवाना हुए थे।
- न्यूयॉर्क पुलिस की वर्दी को 1693 में मंजूरी दी गयी।
- रूस और तुर्की ने 1833 में सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- ग्वालियर के किले के पतन के बाद लॉर्ड केनिंग ने 1858 में शांति की घोषणा की थी।
- अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल का प्रकाशन 1889 में शुरू हुआ।
- भारतीय संविधान में सुधार के लिए मांटेग्यु चेम्सफोर्ड रपट 1918 में प्रकाशित की गयी।
- अमेरिकी शेयर सूचकांक डाऊ जोंस ग्रेट डिप्रेशन के निचले स्तर 41 अंक पर 1932 में पहुंच गया था।
- अमेरिकी वायुसेना में 1948 को महिलाओं की भर्ती शुरू हुई।
- प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में विश्व की सबसे बड़ी नहर पंजाब की भाखड़ा-नंगल पर जलविद्युत परियोजना की शुरुआत की।
- म्यामां के बगां में 1975 को आए भूकंप में हजारों मंदिर ध्वस्त हो गये तथा भारी जानमाल की क्षति हुई।
- थॉमस क्लेस्टिल आस्ट्रिया के राष्ट्रपति 1992 में बने।
- शिमाकी मुकाई 1994 में जापान की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी।
- उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने 1997 में पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य को संगठन में शामिल होने का आमंत्रण दिया।
- पापुआ न्यु गिनी (प्रशान्त महासागरीय देश) प्रधानमंत्री बिल स्कोट का 1999 में इस्तीफा।
- बांग्लादेश के बल्लेबाज मोहम्मद अशरफुल ने 2001 में 17 साल की उम्र में श्रीलंका के खिलाफ शतक जड़ा। वह बांग्लादेश के सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।
- दक्षिण अफ़्रीका में 2002 को अश्वेत क्रिकेटरों के लिए कोटा प्रणाली समाप्त।

## अंकजाल - 8322

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 17 | 24 | ■ | 33 | 15 | 19 | 12 | ■ |
| 20 | | 5 | | ■ | | 4 | | 2 | 20 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | ■ | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 21 | 13 | 15 | 28 | ■ | 23 | 19 | 17 | ■ |

### अंकजाल 8321 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 31 | 16 | 23 | ■ | 21 | 17 | 14 | 15 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 5 | 4 | 18 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | ■ | 3 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 26 |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ | 6 | 2 | 5 | 13 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 18 |
| ■ | 22 | 18 | 10 | 28 | ■ | 24 | 22 | 20 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## तुम्हारी सम्पदा है निष्ठा

**यदि** तुम सोचने हो कि ईश्वर में तुम्हारी निष्ठा ईश्वर का कुछ हित कर रही है, तो यह भूल है। ईश्वर या गुरु में तुम्हारी निष्ठा ईश्वर या गुरु का कुछ नहीं करती। निष्ठा तुम्हारी सम्पदा है। निष्ठा तुम्हें बल देती है। तुममें स्थिरता, केंद्रीयता, प्रशांति और प्रेम लाती है। निष्ठा तुम्हारे लिए आशीर्वाद है। यदि तुममें निष्ठा का अभाव है, तुम्हें निष्ठा के लिए प्रार्थना करनी होगी। परन्तु प्रार्थना के लिए निष्ठा की आवश्यकता है यह विरोधाभासी है। लोग संसार में निष्ठा रखते हैं परन्तु समस्त संसार सिर्फ साबुन का बुलबुला है। लोगों की स्वयं में निष्ठा है परन्तु वे नहीं जानते कि वे स्वयं कौन हैं! लोग सोचते है कि ईश्वर में उनकी निष्ठा है परन्तु वे सचमुच नहीं जानते कि ईश्वर कौन है। निष्ठा तीन प्रकार की होती है- पहली है स्वयं में निष्ठा- स्वयं में निष्ठा के बिना तुम सोचते हो, मैं यह नहीं कर सकता, यह मेरे लिए नहीं, मैं कभी इस जिंदगी से मुक्त नहीं हो पाऊंगा। दूसरी है संसार में निष्ठा-संसार में तुम्हें निष्ठा रखनी ही होगी वरना तुम एक इन्च भी नही बढ़ सकते। यदि तुम सब पर शक करोगे, तब तुम्हारे लिए कुछ नहीं हो सकता। तीसरे ईश्वर में निष्ठा रखो, तभी तुम विकसित होगे। ये सभी निष्ठाएं आपस में जुड़ी हैं।प्रत्येक को मजबूत होने के लिए तुममें तीनों ही होनी चाहिए। यदि तुम एक पर भी शक करोगे, तुम सब पर शक करना आरम्भ कर दोगे।

## सुविचार

मित्र को प्रकृति की उत्कृष्ट कृति माना जा सकता है।
**अमरसन**

बिना विश्वास के कोई काम हो ही नहीं सकता।
**नारायणदास**

# वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम की चपेट में यूरोप



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**बात** अचरज भरी लग सकती है पर सही मायने में देखा जाए तो यूरोप जिस तरह हीटवेव की चपेट में आया है, उसका बड़ा और प्रमुख कारण वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम है। यूरोपीय देश गंभीर हीटवेव की चपेट में हैं। इस तरह की हीटवेव का कारण ओमेगा ब्लॉक की स्थिति होती है। यूरोप के वायुमण्डल में हीट डोम बनने के कारण ऐसा हुआ है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्य रुप से हवाएं पश्चिम से पूर्व की ओर बहते हुए आगे बढ़ती है। ओमेगा ब्लॉक की स्थिति में हवाएं उत्तर और दक्षिण की ओर मुड़कर ग्रीक शब्द ओमेगा का आकार बना लेती है और इस तरह वायुमण्डल में ट्रैफिक जाम के हालात हो जाते हैं। इससे आसमान साफ हो जाता है, गर्म हवाएं क्षेत्र विशेष में फंस जाती है और सूरज की किरणें सीधे उस इलाके में पड़ने लगती है। यह स्थिति तेज गर्मी और उसके असर के रूप में सामने आती है। इसी वजह से हीटवेव का असर अधिक हो जाता है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्यतः यह हालात दो-तीन दिन या सप्ताह तक रह सकते हैं पर इस बार यूरोप में यह दौर लंबा चला। इससे इंग्लैण्ड, फ्रांस, इटली, जर्मनी सहित यूरोप के करीब 23 देश प्रभावित हैं।

आस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी और सिडनी यूनिवर्सिटी की नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने छह बड़े हीटवेवों का अध्ययन किया है। जलवायु परिवर्तन, नमी बढ़ने, गगनचुंबी इमारतों में तापमान रोधक सामग्री का उपयोग ना के बराबर होने और सुविधा के नाम पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से वातावरण प्रभावित हो रहा है। सामान्यतः यह माना जाता है कि अधिक गर्मी बच्चों-बुजुर्गो के लिए जानलेवा हो जाती है पर इस बार की हीटवेव अपना रौद्र रुप दिखा रही है। दरअसल, यूरोपवासी इतनी गर्मी के आदी भी नहीं हैं। इसके साथ हीटवेव का असर इतना अधिक है कि शरीर स्वयं अपने आपको तापमान अनुकूल नहीं बना पा रहा है।

यूरोप में हीटवेव के चलते हालात इतने खराब हो गए कि सड़कों की डामर पिघल गई, रेल की पटरियां टेढ़ी-मेढ़ी हो गई। इससे हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। इसके कारण यातायात तक बाधित हो गया है। हीटवेव के कारण जंगलों में आग के समाचार आम हो रहे हैं तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालात के चलते चेतावनी जारी की है। यूरोपीय देशों में तापमान 40 सेल्सियस से अधिक पहुंच गया और इससे जनजीवन बुरी तक प्रभावित हो गया है। देखा जाए तो यूरोप का मौसम संतुलन बिगड़ गया है।

प्रकृति के साथ अत्यधिक छेड़छाड़ का परिणाम समूचा विश्व भुगत रहा है। तापमान में बढ़ोतरी वैश्विक है पर यूरोप में इस बार हीटवेव के हालात अधिक गंभीर हो गये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो हीटवेव के कारण यूरोप में एक तरह से हेल्थ इमरजेंसी के हालात बन गए और तेज गर्मी के कारण मौसम जनित बीमारियों और हीटवेव की चपेट में आने से बड़ी संख्या में लोगों को जीवन से हाथ धोना पड़ा है। प्रकृति की नाराजगी का असर अब गंभीरता से सामने आ रहा है। जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो रहा है, वहीं विश्लेषकों की मानें तो यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था पर आज के हालात में 11 लाख करोड़ का असर पड़ने की आशंका है, वहीं साल 2030 तक यूरोप को 61 लाख करोड़ का नुकसान भुगतने के लिए तैयार

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। | **तुला** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। |
| **वृष** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। | **वृश्चिक** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। |
| **मिथुन** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। | **धनु** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। |
| **कर्क** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। | **मकर** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें, कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। |
| **सिंह** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। | **कुंभ** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। |
| **कन्या** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। | **मीन** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। |

# अब दिल्ली के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा या नयी शासन प्रणाली जरूरी

गौरतलब — मनोज कुमार मिश्र



तमाम प्रयास के बावजूद एनसीआर प्लानिंग बोर्ड दिल्ली पर से आबादी का बोझ घटा नहीं पाया। इसके ठीक उलट एनसीआर की आबादी भी रोजगार, व्यवसाय से ले लेकर उपचार आदि हर काम के लिए दिल्ली पर ही निर्भर है। अभी संयोग से दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार से लेकर केन्द्र में भी भाजपा की अगुवाई वाली सरकार है। बावजूद इसके दिल्ली में किसी सरकार के पास पूरे अधिकार नहीं हैं। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली आज भी बहुशासन प्रणाली की दंश झेल रही है।

**दिल्ली** की जनगणना के आरंभिक जानकारी के मुताबिक दिल्ली की आबादी दो करोड़ तीस लाख से ज्यादा हो गई है। माना जा रहा है कि यह आंकड़ा ढाई करोड़ तक पहुंच सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की आबादी इतनी ही और होगी, जिसे दिल्ली की ही विस्तारित आबादी माना जाता है। तमाम प्रयास के बावजूद एनसीआर प्लानिंग बोर्ड दिल्ली पर से आबादी का बोझ घटा नहीं पाया। इसके ठीक उलट एनसीआर की आबादी भी रोजगार, व्यवसाय से ले लेकर उपचार आदि हर काम के लिए दिल्ली पर ही निर्भर है। अभी संयोग से दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार से लेकर केन्द्र में भी भाजपा की अगुवाई वाली सरकार है। बावजूद इसके दिल्ली में किसी सरकार के पास पूरे अधिकार नहीं हैं। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली आज भी बहुशासन प्रणाली की दंश झेल रही है।

जिस भाजपा के अभियान ने दिल्ली को वापस विधानसभा दिलवाई और नई व्यवस्था के तहत 1993 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में जीत कर सरकार बनाई, उसी भाजपा के 2025 के विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में पहली बार दिल्ली को पूरा (पूर्ण) राज्य बनाने के सवाल पर चुप्पी दिखी। 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली में आबादी समाने की एक सीमा है। वह भी तब जब दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास काम करने के पूरे अधिकार न हों। जो अधिकार दिल्ली के उप राज्यपाल के पास हैं कायदे में वही अधिकार दिल्ली सरकार के पास होने चाहिए। इसके अलावा पूरे एनसीआर के लिए नई शासन व्यवस्था पर भी प्राथमिकता से बात होनी चाहिए।

दिल्ली की बहुशासन प्रणाली की परेशानियों को समझने का इससे बढ़िया उदाहरण नहीं हो सकता है। सालों से दिल्ली में रह रहे एक अध्यापक ने सवाल किया कि दिल्ली के एक जनप्रतिनिधि के बारे में बताएं, जो मेरी कालोनी की हर समस्याओं का समाधान करा पाए। वैसे यह सांसद, विधायक या निगम पार्षद में से किसी के लिए यह संभव है, अगर वैधानिक तरीके से कहा जाए तो यह किसी के लिए संभव नहीं है। केन्द्र सरकार के नियंत्रण वाला दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) वैधानिक कालोनी बनाकर उसे एक निश्चित समय के बाद दिल्ली नगर निगम को सौंप देता है। निगम कालोनी की सड़कें ठीक करने, साफ-सफाई आदि का काम तो करा सकती है लेकिन बिजली (दिल्ली विद्युत बोर्ड) और पानी (दिल्ली जल बोर्ड) दिल्ली सरकार के अधीन है। यह काम दिल्ली सरकार करेगी। मुख्य सड़कें लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) यानी दिल्ली सरकार के अधीन ही है। कानून-व्यवस्था यानी दिल्ली पुलिस, केन्द्र सरकार के अधीन है। देश की राजधानी दिल्ली का वीआईपी इलाका यानी नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी इलाका सीधे केन्द्र सरकार के अधीन है। इनके अलावा भी अनेक संस्थाएं स्वशासी हैं और उन पर दिल्ली की किसी सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर, उपायुक्त ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# समस्याओं का निपटारा जिला प्रशासन की प्राथमिकता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और भरोसा दिलाया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच कराकर उसका जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समय पर निपटारा करना जिला प्रशासन की



सर्वोच्च प्राथमिकता है। जन शिकायत निवारण में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, पेयजल, सड़क, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतों की सुनवाई के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों का भौतिक सत्यापन करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को त्वरित राहत देना है। ऐसे में सभी मामलों का गंभीरता से निष्पादन किया जाए, ताकि आम लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

### उपायुक्त ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त संदीप कुमार ने मंगलवार को ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की भौतिक स्थिति, रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों के संधारण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों तथा अग्निशमन उपकरणों का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने दायित्वों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निदेर्शों और निर्धारित मानकों का पूरी गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### मृतक पारा शिक्षक के परिजनों से मिले दीपक प्रताप देव, डंडई में युवाओं संग संगठन विस्तार पर की चर्चा



**गढ़वा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने सोमवार को सगमा प्रखंड के पुतुर गांव निवासी पारा शिक्षक मनोज कुमार यादव के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। बताया गया कि जहरीले जंतु के काटने से मनोज कुमार यादव की मृत्यु हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही दीपक प्रताप देव मृतक शिक्षक के आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है और हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद दीपक प्रताप देव डंडई प्रखंड पहुंचे, जहां उन्होंने युवा कार्यकताओं एवं नवजवान साथियों से मुलाकात की। रारो पंचायत सचिवालय में आयोजित बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए दीपक प्रताप देव ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त होगा।

## एक झलक

### झाड़-फूंक के के चक्कर में गंवायी जान, सांप काटने के तीन घंटे बाद अस्पताल पहुंचा

**लातेहार :** आधुनिक दौर में भी ग्रामीण इलाकों में अंधविश्वास लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। लातेहार जिले के बरियातू प्रखंड के मतकोमा गांव में सांप काटने के बाद समय पर इलाज नहीं मिलने से एक युवक की मौत हो गयी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने में लगे रहे। करीब तीन घंटे बाद जब युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।मृतक की पहचान मतकोमा गांव निवासी पंकज गंझू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम घर में ही उसे सांप ने काट लिया था। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गया। इसके बावजूद परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय कथित रूप से सांप का विष उतारने वाले एक ओझा के पास ले गए। वहां कई घंटे तक झाड़-फूंक की गई। जब युवक की हालत बेहद गंभीर हो गई तो देर रात उसे अस्पताल लाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि युवक को सांप ने शाम में ही काट लिया था, लेकिन अस्पताल लाने में करीब तीन घंटे की देरी हुई। इस दौरान परिजन झाड़-फूंक कराते रहे। उन्होंने कहा कि यदि मरीज को समय पर अस्पताल लाया जाता तो उसकी जान बचने की संभावना थी।

### बिजली पोल के अर्थिंग तार में उतरे करंट से बकरी की मौत

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के अम्बवाटोली पंचायत के गुड़गुटोली गांव में बिजली विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव में लगे एक बिजली पोल के अर्थिंग तार में करंट प्रवाहित होने से एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है और उन्होंने विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय पशुपालक राशिद खान की बकरी गांव के पास चर रही थी। इसी दौरान वह बिजली के खंभे से जुड़े अर्थिंग तार के संपर्क में आ गई। तार में करंट होने के कारण बकरी गंभीर रूप से झुलस गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना से राशिद खान और उनका परिवार सदमे में है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न आपदा राहत मामलों से जुड़े कुल 61 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गयी। विचार-विमर्श के बाद समिति ने सभी 61 मामलों को स्वीकृति प्रदान कर दी। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी और जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश सहित अन्य आपदाओं से संबंधित आवेदनों पर चर्चा हुई। अंचल और अनुमंडल स्तर पर जांच एवं सत्यापन के बाद प्राप्त प्रस्तावों को राहत राशि के भुगतान के लिए मंजूरी दी गयी।

## एसवीएम में अभिभावकों ने किया कक्षा अवलोकन, गतिविधि आधारित शिक्षण की सराहना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु वाटिका के अंतर्गत आयोजित अभिभावक कक्षा अवलोकन कार्यक्रम के दूसरे दिन उदय कक्षा का अभिभावकों ने अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप पंचपदी शिक्षण पद्धति पर आधारित गतिविधि आधारित कक्षा संचालन को अभिभावकों ने सराहा।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शत-प्रतिशत गतिविधि आधारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था लागू है। कक्षा अवलोकन के माध्यम से अभिभावक शिक्षण प्रक्रिया को निकट से समझ सकेंगे, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनका सहयोग और प्रभावी होगा। उदय कक्षा की मातृ आचार्य रूबी कुमारी ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सहज, रोचक और सहभागितापूर्ण ढंग से अध्ययन कराया। कक्षा संचालन में मातृ आचार्य मनीषा कुमारी ने सहयोगी की भूमिका निभाई। पूरे सत्र के दौरान बच्चों की सक्रिय भागीदारी, आत्मविश्वास और सीखने की उत्सुकता ने अभिभावकों को प्रभावित किया। अवलोकन के बाद अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय की यह पहल अत्यंत प्रशंसनीय है।

## चंदवा आरओबी परियोजना बहाल करने की मांग

# पंसस अयुब खान ने नितिन गडकरी को भेजा पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने टोरी-चंदवा एनएच-99 (नया एनएच-22) पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजना को रद्द किए जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने मंगलवार को चंदवा उप डाकघर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर परियोजना को बहाल कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने इस मांग को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी टैग किया है।अपने पत्र में अयुब खान ने कहा है कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के 10 राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजनाओं को रद्द करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें टोरी-चंदवा आरओबी परियोजना भी शामिल है। रिपोर्ट में जमीन अधिग्रहण में देरी को इसका कारण बताया गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का ऑनलाइन शिलान्यास 3 अप्रैल 2021 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। इसके बाद निविदा प्रक्रिया पूरी हुई, बजट भी स्वीकृत हुआ और प्रारंभिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं। संशोधित प्राक्कलन भी तैयार किया गया था। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, लेकिन परियोजना रद्द होने की खबर से पूरे इलाके में निराशा फैल गयी है। अयुब खान ने पत्र में कहा कि टोरी रेलवे फाटक राज्य के सबसे व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग में शामिल है। इस मार्ग से लगातार कोयला मालगाड़ियों और अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है, जिसके कारण फाटक अधिकतर समय बंद रहता है। घंटों तक लंबा जाम लगने से छोटे-बड़े वाहन फंसे रहते हैं और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि जाम के कारण कई बार एम्बुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों की मौत तक हो जाती है। कई गर्भवती महिलाओं को रास्ते में ही प्रसव के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग होने के साथ अस्पताल, थाना, प्रखंड कार्यालय और चंदवा शहर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, इसलिए यहां आरओबी का निर्माण अत्यंत जरूरी है।

## वन महोत्सव सप्ताह के समापन पर बनवारी साहू महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), बनवारी साहू महाविद्यालय के तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह मनाया गया। सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया। वन महोत्सव सप्ताह के समापन अवसर पर मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने पौधा लगाकर की। इसके बाद छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें ताकि वे भविष्य में बड़े वृक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में बाल संसद क्लब का सफल आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** गुमो स्थित ग्रिजली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से बाल संसद गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला आरक्षण विधेयक पर आधारित नाट्य प्रस्तुति रही। जिसमें कक्षा आठ के विद्यार्थियों रिद्धिका गौरीसरिया, काश्वी वैभव, युगांत जैन, युग जैन, अखिल आनंद, अरनव भदानी, सागर मोदी, आयुषी आर्या, पीयूष राज, आरव बजाज, ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ संसद की कार्यवाही का सजीव मंचन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने लोकसभा की कार्यवाही, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच होने वाली चर्चा, तर्क-वितर्क तथा अंततः विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगो की खूब सराहना प्राप्त की। इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के महत्व का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बाल संसद में विभिन्न पदों पर नियुक्त विद्यार्थियों ने अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। सदन की कार्यवाही अनुशासित एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे विद्यार्थियों को संसदीय व्यवस्था एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरजा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भविष्य के निर्माता हैं। बाल संसद जैसी गतिविधियाँ बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने, अपने विचारों को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करने तथा दूसरों के विचारों का सम्मान करना सिखाती हैं। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा भी प्रदान करती हैं। पूरे कार्यक्रम का सुंदर एवं प्रभावशाली संचालन छात्रा नित्या अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्या वंदना नारायण, संयोजक सकिंदर कुमार, श्वेता अग्रवाल, दलजीत कौर सहित शिक्षकगण - मुकेश कुमार, सूरज कुमार, मुकेश कुशवाहा, दीपक कुमार, तथा अन्य शिक्षकों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

### वनरोपण को लेकर रोन्हों गांव में विवाद, फॉरेस्टर को बंधक बनाने का आरोप, 27 पर केस

**लातेहार :** बरियातू थाना क्षेत्र के रोन्हों गांव में वनरोपण अभियान के दौरान विवाद हो गया। वन विभाग के फॉरेस्टर आनंद कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि कुछ ग्रामीणों ने उन्हें करीब तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मामले में उनके आवेदन पर 27 लोगों के खिलाफ नामजद तथा कई अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।वन विभाग के अनुसार, रोन्हों गांव में बरसात के मौसम में पौधारोपण के लिए योजना स्वीकृत हुई थी। इसके लिए पहले से नर्सरी में पौधे तैयार किए गए थे। जब विभाग की टीम पौधारोपण कराने पहुंची तो कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। फॉरेस्टर आनंद कुमार चौधरी का कहना है कि सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो विरोध कर रहे लोगों ने उन्हें घेर लिया। उनका आरोप है कि उन्हें तीन घंटे तक बंधक बनाए रखा गया। उन्होंने बताया कि वनरोपण का कार्य ग्रामसभा की स्वीकृति और सरकारी निर्देश के तहत कराया जा रहा था। वहीं, विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जिस ग्रामसभा के आधार पर योजना स्वीकृत की गई, वह वैध नहीं है।

## पलामू जिला विधि विभाग की जिला कमेटी का शीघ्र होगा गठन : हृदयानंद मिश्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग के अध्यक्ष श्री अमित कुमार पांडे के आवास पर विधि विभाग के प्रपोज्ड कमेटी के गठन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के माननीय सदस्य श्रीमान हृदयानंद मिश्रा जी उपस्थित हुए । अपने संबोधन में माननीय सदस्य श्री हृदयानंद मिश्रा जी ने यह विश्वास जताया कि आने वाले समय में विधि विभाग के अध्यक्ष श्री अमित पांडे जी के द्वारा शीघ्र ही जिला कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उक्त कमेटी जिला में कांग्रेस पार्टी के विधिक कार्यक्रमो को समाज में प्रचारित एवं प्रसारित कर विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता प्रदान करने का एक मजबूत माध्यम बनाकर उभरेगी । उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि अमित पांडे मैं क्षमता और संभावना है कि वह भविष्य में पार्टी को बेहतर नेतृत्व प्रदान करेंगे। इस मौके पर विधि विभाग के अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि आज कि यह बैठक विधि विभाग के जिला समिति के गठन की रूपरेखा को तय करने को लेकर की गई है, उन्होंने यह भी कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में जिला समिति की घोषणा कर दी जाएगी।पलामू जिला में कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के कर्यक्रमों को पूरी शिद्दत के साथ पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमान श्याम नारायण सिंह जी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ कांग्रेसी कांग्रेसी नेता श्रीमान राज कुमार सिंह जी पलामू जिला चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष श्रीमान विन कुमार पाठक जी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमान अंजनी पाठक जी वरिष्ठ अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी जी वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पांडे जी वरिष्ठ अधिवक्ता केदारनाथ चौबे जी वरिष्ठ वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष तिवारी जी अधिवक्ता सुरेंद्र पांडे जी अश्वनी तिवारी जी अश्वनी त्रिपाठी जी अभिषेक दुबे जी अभिषेक चौबे जी विघोरी रंजन पांडे जी अधिवक्ता अनिमेष जी सुनील कुमार सिंह जी मनोज कुमार मिश्रा जी ओमप्रकाश अमरेंद्र जी अजीत पाठक जी मोहम्मद इम्तियाज अधिवक्ता राजन सहाय जी अधिवक्ता विशाल पाठक जी वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल सिंह जी आदि सभी लोगों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किया।

## नहर बेड की अतिक्रमित भूमि की जांच, नक्शा नहीं मिलने से रुकी मापी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** जल संसाधन विभाग गढ़वा अवर प्रमंडल संख्या-2 के सहायक अभियंता अरविंद कुमार ने सोमवार को डंडई के यदुवंशी पेट्रोल पंप के समीप नहर बेड की अतिक्रमित भूमि की जांच की। कार्यपालक अभियंता नवीन महली के निर्देश पर पहुंचे सहायक अभियंता ने अंचल निरीक्षक सुबोध कुमार, राजस्व उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव और अमीन निर्मल ठाकुर से जमीन से संबंधित भू-नक्शे की जानकारी ली। जांच के दौरान अंचल कर्मियों ने बताया कि डंडई प्रखंड के भू-नक्शे को अभी तक मान्यता नहीं मिली है। इसके बाद सहायक अभियंता ने कहा कि प्रमाणित नक्शा उपलब्ध होने के बाद ही नहर बेड की जमीन की मापी कराई जा सकेगी। उन्होंने बताया कि भू-अर्जन विभाग से नक्शा मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्थल निरीक्षण में निर्माण नहर बेड की जमीन पर होने की संभावना दिख रही है। मापी के बाद यदि अतिक्रमण की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी अंचल अधिकारी द्वारा जांच की गई थी, जिसमें नहर की जमीन पर निर्माण की बात सामने आई थी। कार्रवाई में देरी से ग्रामीणों और किसानों में चिंता बनी हुई है। उनका कहना है कि नहर में पानी आने के बाद आवागमन की समस्या बढ़ सकती है।

## बेतला में पेसा कानून पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

# ग्राम सभा के अधिकारों पर दिया गया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** मल्टी आर्ट एसोसिएशन, पलामू की ओर से बेतला स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सचिव मिथलेश कुमार ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य और इसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक (मास्टर ट्रेनर) जेम्स हेरेंज ने पेसा (पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पेसा कानून की पृष्ठभूमि, इसके उद्देश्य और अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कानून आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन को मजबूत करने के लिए बनाया गया है और ग्राम सभा को जल, जंगल तथा जमीन से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान पेसा कानून की विभिन्न धाराओं और नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने भी कानून से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका प्रशिक्षक ने विस्तार से जवाब दिया। कार्यशाला में संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, संजय कुमार, संजय समीर एक्का, राजीव कुमार, विमल सिंह, मनीता कुमारी, निरंजन युवराज, बलकी सिदेश्वर, आश्रिता कुजूर, संध्या देवी, विमल कुजूर, अमिंता उरांव, महेंद्र सिंह, मकलदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीवीसी तुबेद कोल माइंस में मनाया गया 79वां स्थापना दिवस, 06 एमएमटी कोयला उत्पादन उपलब्धि पर जताया गर्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** दामोदर वैली कॉपोरेशन (डीवीसी) का 79वां स्थापना दिवस डीवीसी तुबेद कोल माइंस में मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने डीवीसी की उपलब्धियों को याद करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने तथा सुरक्षित एवं बेहतर कार्य संस्कृति के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार ने डीवीसी का ध्वज फहराकर की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डीवीसी पूर्वी भारत की प्रमुख विद्युत उत्पादक संस्थाओं में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रगति में हर कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी के सामूहिक प्रयास से डीवीसी नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।वरिष्ठ प्रबंधक (खनन) एस. डी. सिंह ने कहा कि पिछले 79 वर्षों में डीवीसी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जो सभी कर्मचारियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि डीवीसी तुबेद कोल माइंस ने 6 मिलियन मीट्रिक टन (6 एमएमटी) कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल किया है।



# मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीबी नियंत्रण में सुधार के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, कुपोषण उन्मूलन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), परिवार कल्याण, आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (अइब्ड), एबीएचए आईडी एवं एनक्यूएएस सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण,



नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में मई 2026 तक संस्थागत प्रसव की उपलब्धि 95 प्रतिशत तथा पूर्ण टीकाकरण 94 प्रतिशत रही है। उन्होंने इन उपलब्धियों को और बेहतर बनाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। गम्भीर कुपोषित बच्चों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें माल न्यूट्रिशन ट्रीटमेंट सेंटर (एमटीसी) में भर्ती कराया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया।टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा में उपायुक्त ने अधिक से अधिक लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं कॉरपोरेट संस्थानों को 'निक्षय मित्र' बनने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को पोषण सहयोग उपलब्ध कराने में सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। समीक्षा में बताया गया कि जिले में उपचाररत 1,825 टीबी मरीजों में से 162 मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा शेष मरीजों को भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वहीं परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 11 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाले विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य आधारित उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड एवं एबीएचए आईडी बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा में बताया गया कि जिले में एबीएचए आईडी निर्माण की उपलब्धि 48.23 प्रतिशत है तथा जून माह में 42,446 नई एबीएचए आईडी बनाई गई हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।बैठक में सिविल सर्जन, एमएमसीएच अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### केटीपीएस में दामोदर घाटी निगम के 79वें स्थापना दिवस का भव्य शुभारम्भ



**कोडरमा :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के 79वें स्थापना दिवस का शुभारंभ 7 जुलाई 2026 को डीवीसी कोडरमा ताप विद्युत स्टेशन (केटीपीएस) में अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ।समारोह की शुरुआत रन फॉर डीवीसी से हुई, जिसमें केटीपीएस के डीवीसीकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह दौड़ केटीपीएस प्रशासनिक भवन से प्रारंभ होकर केटीपीएस मुख्य द्वार (फोर लेन) तक आयोजित की गई। इस आयोजन ने कर्मचारियों के बीच एकता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ किया।इस अवसर पर तपस मिर्धा, महाप्रबंधक (एएचएम) एवं मानस नस्कर, महाप्रबंधक, केटीपीएस फेज- की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी समारोह में उपस्थित रहे इसके उपरांत सेंट्रल फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित एक गरिमामय समारोह में तपस मिर्धा, महाप्रबंधक (एएचएम) द्वारा मानस नस्कर, महाप्रबंधक, केटीपीएस फेज-की उपस्थिति में डीवीसी ध्वज फहराया गया।

## एक झलक

### चतरा में आउटसोर्सिंग बहाली में पारदर्शिता की मांग तेज

**चतरा** : चतरा जिले में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं में आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों को लेकर स्थानीय युवाओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। लोगों की मांग है कि सभी आउटसोर्सिंग बहाली की आधिकारिक सूचना जिला प्रशासन की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाए और आवेदन से लेकर साक्षात्कार तक की पूरी प्रक्रिया चतरा में ही कराई जाए। इससे स्थानीय अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलेगा और भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। वहीं, कुछ लोगों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग की कई नियुक्तियां रांची में कथित रूप से मोटी रकम लेकर की जाती हैं, हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और स्थानीय युवाओं के हित में संचालित करने की मांग की है, ताकि जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का उचित अवसर मिल सके।

### कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर, 160 छात्राओं की हुई जांच

**कुंडहित (जामताड़ा)** : मंगलवार को कुंडहित प्रखंड के लखीबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मासिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुंडहित की चिकित्सकीय टीम ने विद्यालय की 160 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की तथा आवश्यकतानुसार उन्हें नि:शुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराईं।शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश यादव ने छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, वजन, ऊंचाई, आंख, कान एवं त्वचा संबंधी जांच के साथ-साथ मौसमी बीमारियों के लक्षणों की भी जांच की। चिकित्सकों ने छात्राओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, स्वच्छता बनाए रखने, नियमित व्यायाम करने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी।साथ ही किशोरियों को स्वच्छता एवं एनीमिया से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया।स्वास्थ्य जांच के दौरान अधिकांश छात्राओं का स्वास्थ्य सामान्य एवं संतोषजनक पाया गया, जबकि कुछ छात्राओं में सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं मिलने पर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं और नियमित देखभाल की सलाह दी गयी।

### नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई, चार दुकानों को किया गया सील

**गुमला** : नगर परिषद के स्वामित्व वाली दुकानों के बड़े बकायेदार के विरुद्ध नगर परिषद के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। चार सर्वाधिक बकायेदारों के दुकानों को नगर परिषद के द्वारा सील कर दिया गया। जिनका दुकान सील हुआ उनका नाम है (1) शहाबुद्दीन, बस स्टैंड रोड, दुकान संख्या 31 का 72,600/- रुपया बकाया, (2) जाहिद अनवर, बस स्टैंड रोड, दुकान संख्या इर 06 का 72,600/- रुपया बकाया, (3) श्री वासिम रजा, स्टेडियम परिसर दुकान संख्या सेट III/09 का 49,700/- रुपया बकाया एवं (4) श्री मनोज कुमार केशरी, पुराना नगर पंचायत, दुकान संख्या 03/F का 1,79,498/- रुपया बकाया। अन्य बकाएदार जिनकी राशि कम है, उन्हें वर्तमान में नोटिस निर्गत किया गया है। यदि वे भी ससमय किराया जमा नहीं करते हैं तो उनके दुकान को भी सील कर दिया जायेगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुआ साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

# 50 से अधिक मामलों पर हुई सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूर-दराज क्षेत्रों से आए 50 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में सुधार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, पेंशन, आवास, प्रमाण-पत्र निर्गत करने, पेयजल, विद्युत



आपूर्ति, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई।सुनवाई के दौरान गुमला प्रखंड के एक लाभुक समिति के सचिव ने ग्राम स्थित सरना एवं मसना स्थल की घेराबंदी कार्य में कथित अनियमितता, लाभुक समिति की जानकारी के बिना कार्य प्रारंभ किए जाने तथा बाहरी व्यक्तियों के माध्यम से कार्य कराए जाने की शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच एवं नई लाभुक समिति के गठन की मांग की। जिले के पूर्व साक्षरता कर्मियों के प्रतिनिधियों ने वर्ष 2018 से लंबित मानदेय भुगतान, सरकार को आवश्यक राशि की मांग भेजने तथा संविदाकर्मी का दर्जा दिलाने हेतु राज्य सरकार को अनुशंसा पत्र भेजने की मांग उपायुक्त के समक्ष रखी।सिसई प्रखंड के बानेश्वर उरांव ने आर्थिक एवं शारीरिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए अपने पुत्र का किसी आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रशासन से सहयोग की मांग की। स्वास्थ्य विभाग की एक महिला आशुलिपिक ने स्थानांतरण के बाद चार माह से वेतन भुगतान नहीं होने, आवंटन के अभाव में उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों तथा उपयुक्त पद पर स्थानांतरण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में सिसई प्रखंड के बानेश्वर उरांव ने एक अन्य आवेदन के माध्यम से दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर होने का उल्लेख करते हुए अबुआ आवास योजना अथवा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की मांग की।घाघरा प्रखंड के हफीज अंसारी ने मुख्यमंत्री जल-नल योजना के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के बावजूद लंबे समय से बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत करते हुए प्रशासन से भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की।

## अल्पसंख्यक संस्थानों की समस्याओं के समाधान को राज्य सरकार प्रतिबद्ध : प्राणेश सालोमन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के तत्वावधान में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सालोमन, ज्योति सिंह मथारू एवं सदस्य रंजीत कुमार मल्लिक ने परिषदन में प्रेस वार्ता की। इस दौरान प्राणेश सालोमन ने कहा कि आयोग राज्य के सभी जिलों का दौरा कर अल्पसंख्यक विद्यालयों, शिक्षकों की बहाली, विद्यालय भवन, हास्टल तथा अन्य समस्याओं का जायजा ले रही है। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि गुमला दौरे के दौरान कई अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया। सिलम स्थित आईटीआई संस्थान का भी भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा परिसर की



साफ-सफाई बेहतर रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिले के मदरसों की समस्याओं की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों और समस्याओं को आयोग राज्य सरकार के समक्ष रखेगी, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर अल्पसंख्यक संस्थानों में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। मौके पर सीएस शम्भू नाथ चौधारी, नप उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, अकिल रहमान, अनिश हव्वारी, नईम अंसारी सदाब नैय्यर समेत अन्य मौजूद थे।

## जिला प्रशासन ओर बीएसएल के सहयोग से 10 दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चालित ट्राईसाइकिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : समाहरणालय परिसर में मंगलवार को जिला प्रशासन एवं बीएसएल के सहयोग से 10 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया।उपायुक्त अजय नाथ झा ने लाभुकों को ट्राईसाइकिल प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सम्मानजनक, सुगम और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने कहा कि यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का कार्य है। पिछले एक वर्ष से लोक संवाद (जनता दरबार) के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर प्रशासन के पास पहुंच रहे हैं। इस दौरान कई ऐसे दिव्यांगजन सामने आए, जिनके पास आवागमन का कोई साधन नहीं था। ऐसे लोगों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल अथवा अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध सूची के सभी दिव्यांगजन को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराकर सैचुरेट किया जा चुका है। भविष्य में यदि कोई नया पात्र लाभार्थी सामने आता है, तो उसे भी प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों ने जिला प्रशासन एवं बीएसएल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**कोडरमा में मना एमएस धोनी का 45वां जन्मदिन प्रशंसक अरमान बोले**

## क्रिकेट के भगवान से एक बार मिलने की है तमन्ना



**कोडरमा (झुमरी तिलैया)** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का जादू फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। इसका एक नजारा झुमरी तिलैया शहर के दर्जी मोहल्ला में देखने को मिला, जहां निवासी अरमान दीप (मोनू) ने धोनी का 45वां जन्मदिन अपने घर पर बड़े ही धूमधाम से मनाया। अरमान, महेंद्र सिंह धोनी के बहुत बड़े प्रशंसक हैं और वह हर साल इसी तरह उनका जन्मदिन मनाते आ रहे हैं। अरमान ने बताया कि साल 2004 में जब धोनी ने टीम इंडिया में कदम रखा था, वह तभी से उनके मुरीद हैं। पिछले दो दशकों से उनकी यह दीवानगी लगातार बढ़ती ही जा रही है।

**दूर से देखा, पर सामने से दीदार की है आस**

**मैंने** कई बार धोनी को मैदान में दूर से देखा है, लेकिन आज तक कभी सामने से उनसे मिलने का मौका नहीं मिला। दिल में हमेशा एक उम्मीद रहती है कि जिंदगी में एक बार उनसे मुलाकात हो जाए, तब जाकर दिल को असली सुकून मिलेगा।

## श्री दिगम्बर जैन विद्यालय, झुमरी तिलैया में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : श्री दिगम्बर जैन विद्यालय पानी टंकी झुमरी तिलैया, कोडरमा में पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अपनी जननी माँ के प्रति सम्मान व कृतज्ञता का भाव विकसित करना था।

**कार्यक्रम की झलकियां**

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अतिथियों को प्रतीक चिह्न स्वरूप पौधा देकर किया गया। विद्यालय इंचार्ज अभिषेक जैन ने सभी अतिथियों के स्वागत में अभिनंदन भाषण दिया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य नवीन जैन पांड्या ने वृक्षों



की उपयोगिता के विषय में कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित रखने, शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करने, वर्षा चक्र को प्रभावित करने, भूजल संरक्षण करने, तापमान नियंत्रित रखने तथा जैव विविधता को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़-पौधे मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी जीवनदायी हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'एक पेड़ मां के नाम' विषय पर भाषण, कविता और नारे प्रस्तुत किए। सभी बच्चों ने अपनी मां के नाम का पौधा लगाकर उसे बड़े होने तक संभालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही किशोर पांड्या - चेयरमैन, श्री दिगम्बर जैन विद्यालय सुनील छाबड़ा-संयोजक श्री दिगम्बर जैन विद्यालय, रीता सेठी - सह संयोजिका श्री दिगम्बर जैन विद्यालय, विद्यालय भूमि दान दातार :- प्रदीप छाबड़ा की उपस्थिति रही।

## बीएलओ अनीता और सुनीता बने बोकारो बीएलओ ऑफ द डे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत 6 जुलाई 2026 अपराह्न 6 बजे तक के कार्य निष्पादन के आधार पर अनीता देवी एवं सुनीता देवी को बोकारो : बीएलओ ऑफ द डे घोषित किया गया। चंदनकियारी विधानसभा के भाग संख्या-238 की बीएलओ अनीता देवी ने एक दिन में 1107 गणना प्रपत्रों का वितरण कर वितरण श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके पर्यवेक्षक वरूण कुमार हैं। वहीं, गोमिया विधानसभा के भाग संख्या-159 की बीएलओ सुनीता देवी ने एक दिन में 138 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कर डिजिटाइजेशन श्रेणी में सर्वोच्च प्रदर्शन किया। उनके पर्यवेक्षक कपिल कुमार दास हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने दोनों बीएलओ एवं उनके पर्यवेक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यनिष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने सभी बीएलओ से अभियान के दौरान गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही, मतदाताओं से भी एसआईआर-2026 अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

## गुमला में खाद्य सुरक्षा व तम्बाकू निषेध टीम की संयुक्त छापेमारी

# विद्यार्थियों को दी गयी खाद्य सुरक्षा की जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त गुमला एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गुमला के संयुक्त निर्देश पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय गुमला, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम तथा मांझाटोली क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग एवं तंबाकू निषेध टीम द्वारा विशेष संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर, आशा राज एवं तंबाकू निषेध पदाधिकारी वंदना स्मिता होरो ने किया।अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, किराना दुकानों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं की सघन जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षित भंडारण, खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण, उत्पादों की एक्सपायरी तिथि तथा लेबलिंग संबंधी प्रावधानों की



विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों को खाद्य पदार्थों के रख-रखाव एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए गए। विशेष रूप से दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे वेज एवं नॉन-वेज खाद्य पदार्थों को एक ही स्थान पर न रखें तथा खाद्य सामग्री को लपेटने या परोसने के लिए समाचार पत्र (न्यूज पेपर) का उपयोग न करें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बरसात के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों एवं फूड प्वाइजनिंग की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया।

## 'हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में उपायुक्त ने की 35 मामलों की सुनवाई

**बोकारो** : समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त 35 आवेदनों पर क्रमवार सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, विद्युत, बीएसएल, डीपीएलआर, आपूर्ति, कल्याण एवं विभिन्न अंचल कार्यालयों से जुड़े मामलों पर सुनवाई किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रिस्पॉन्सिव एवं नागरिक केंद्रित प्रशासन की अवधारणा के अनुरूप कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–रमेश कुमार राय, उम्र–63 वर्ष, उँचाई–6 फीट, रंग–गोरा,

उपरोक्त लापता व्यक्ति रमेश कुमार राय, उम्र–63 वर्श, पिता–स्व0 जगरनाथ राय, पता–हवाई नगर, रोड नं0–14 बिरसा चौक, थाना–जगरनाथपुर, जिला–राँची जो दिनांक–14.05.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चले जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में जगरनाथपुर थाना सन्हा सं0–17/2026, दिनांक–16.06.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
थाना प्रभारी, जगरनाथपुर, राँची। – 9431706169
आवेदिका वृजमानो। – 9508973193

PR 384256 Police(26-27)D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।


## 18 जुलाई को लातेहार में एनआई एक्ट मामलों की विशेष लोक अदालत

# प्री-काउंसिलिंग में 4.20 लाख का विवाद सुलझा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 18 जुलाई 2026 (शनिवार) को व्यवहार न्यायालय, लातेहार में एनआई एक्ट (चेक बाउंस) मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार शेष नाथ सिंह के मार्गदर्शन में की जा रही है। विशेष लोक अदालत से पहले 17 जुलाई तक प्री-काउंसिलिंग (पूर्व सुलह वार्ता) की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसी क्रम में



मंगलवार को प्री-काउंसिलिंग बैठक में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। शिकायत वाद संख्या 405/2023 में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से 4 लाख 20 हजार रुपये के लेनदेन से जुड़े विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। मामले में मध्यस्थ लाल अरविंद नाथ शाहदेव ने दोनों पक्षों के बीच प्रभावी मध्यस्थता की। उनके प्रयासों से लंबे समय से लंबित विवाद समाप्त हो गया। समझौता कराने में अधिवक्ता रमन गुप्ता और बदरु डोजा का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसके कारण दोनों पक्ष सम्मानजनक समाधान तक पहुंच सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेष नाथ सिंह ने कहा कि लोक अदालत और प्री-काउंसिलिंग की व्यवस्था लोगों को लंबे अदालती मुकदमों, समय और खर्च से राहत दिलाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से होने वाले समझौते में किसी की हार नहीं होती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और विश्वास मजबूत होता है।

## डीवीसी ने स्थापना दिवस पर तुबेद मध्य विद्यालय के बच्चों को बांटी प्लेट-ग्लास और खेल सामग्री

**लातेहार** : दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) की तुबेद कोल माइंस परियोजना में निगम का 79वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत परियोजना प्रभावित मध्य विद्यालय तुबेद के विद्यार्थियों के लिए प्लेट, ग्लास और खेल सामग्री का वितरण किया गया।विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बच्चों के लिए प्लेट और ग्लास उपलब्ध कराए गए। वहीं, विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने और उनके शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए फुटबॉल, क्रिकेट सहित अन्य खेल सामग्री भी दी गई। डीवीसी के डीजीएम (माइनिंग) दीपक कुमार ने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने मध्याह्न भोजन के लिए प्लेट और ग्लास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिसे सीएसआर के माध्यम से पूरा किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक (माइनिंग) एस.डी. सिंह ने कहा कि डीवीसी अपनी सीएसआर योजनाओं के जरिए परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़**

**भर्ती कैम्प दिनांक 10 जुलाई 2026**

**सूचना**

राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा भर्त्ती कैम्प का आयोजन 10.07.2026 को पूर्वाहन् 11.00 बजे से अपराहन् 03.00 बजे तक जिला नियोजनालय, रामगढ़ के कार्यालय परिसर में किया जा रहा है।

इस भर्त्ती कैम्प में निम्नलिखित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियॉ निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Premsons Bajaj, Ranchi | Sales Executive | 05 | 12th Pass | 18-40 Years | Negotiable | | All Over Jharkhand |
| 2. | Care At Home, Ranchi | Care giver & Bed Side Attendant | 50 | 10th Pass | 18-40 Years | 17545 | Exp. in Sale Field | Ranchi |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
रामगढ़

PR 384304 (Labour Employment and Traning) 26-27 (D)


## हंटरगंज में राजद का शक्ति प्रदर्शन, कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन विस्तार का हुआ बड़ा संकल्प

# जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहा हूं : सत्यानंद भोक्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत गोदोबार स्थित एनएच-22 के समीप सूर्या होटल में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से कार्यकर्ता सम्मेलन सह नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन की मजबूती, पंचायत स्तर तक पार्टी के विस्तार, जनसरोकारों को प्राथमिकता देने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकताओं को तैयार रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड की सभी 28 पंचायतों से बड़ी संख्या



में कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों की उपस्थिति ने इसे राजद के शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी स्थापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष देवलाल यादव ने की, जबकि संचालन मौलाना अतीक मंसूरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रदेश महासचिव सह पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश प्रवक्ता मनोज यादव, प्रदेश महासचिव अरुण यादव, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शारदा देवी सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। समारोह में नव नियुक्त पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, सोशल मीडिया प्रभारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष, महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र एवं पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

## एक झलक

### उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र यादव ने सहयोग शिविर में सुनीं जन-समस्याएं

**सारण** : सोनपुर प्रखंड की गोविन्द चक पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री-सह-उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सहयोग शिविर लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मजबूत स्तम्भ बन गया है, जहाँ संपूर्ण प्रशासन जनता के सामने उपस्थित होकर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर रहा है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 7 प्रचार गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सोनपुर के विधायक उपस्थित थे। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर के लिए 30 दिन पहले से आवेदन लिए जा रहे थे।

### जिले के 31 चिन्हित स्थलों पर सहयोग शिविर का आयोजन

**सहरसा** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित कुल 31 स्थलों पर सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने कहरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, सिरादेयपट्टी में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लाभुकों को नियमानुसार निष्पादित आवेदनों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन से प्राप्त आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा सभी विभागों के समन्वित प्रयास से प्राप्त लगभग शत-प्रतिशत आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन किया जा रहा है।

### महिलाओं ने सुरक्षा, महंगाई और आरक्षण को लेकर बुलंद की आवाज

**सुपौल** : जिले के जदिया प्रखंड अंतर्गत कोरियापट्टी पूरब पंचायत में मंगलवार को अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की ओर से आयोजित महिला सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभा में महिला सुरक्षा, बढ़ती महंगाई, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण, नशाखोरी और महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है तथा उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर अब किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी ने कहा कि देश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

### नीना झा ने सम्भाला जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी का कार्यभार

**सारण** : छपरा विभागीय अधिसूचना के आलोक में नीना झा उपनिदेशक जनसंपर्क, सारण प्रमंडल, छपरा ने आज जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सारण के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने जिले में कार्यरत विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर परिचय साझा किया और सरकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई। इससे पूर्व विभागीय आदेश के तहत निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार का स्थानांतरण हो गया, जिसके बाद उन्होंने नई पदाधिकारी को कार्यभार सौंपा। पदभार सौंपने के बाद रविंद्र कुमार ने सारण की मीडिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नई पदाधिकारी नीना झा को भी सारण के मीडिया जगत से सदैव की भांति सहयोग मिलता रहेगा। इस विशेष अवसर पर दीपक मिश्रा, विपिन कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अपराधियों व सीमावर्ती घुसपैठियों से किसी तरह का समझौता नहीं : सम्राट

एजेंसी

**अररिया** : जिले के फारबिसगंज प्रखंड के हरिपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार सबके साथ न्याय के साथ बढ़ाने वाली सरकार है और वह खुद अपराधी और सीमावर्ती क्षेत्र में रह रहे घुसपैठियों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी और अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों को बिहार छोड़ना होगा।उन्होंने कहा कि भारत समृद्ध तभी होगा,जब बिहार समृद्ध होगा और इस समृद्धि के लिए सबों को लगना होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को भी संबोधित किया।जिसमें उन्होंने सहयोग शिविर के आयोजन के मकसद के पीछे आमजनों के कामों का निवारण करना बताया।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे बिहार में 4 लाख 53 हजार 62 शिकायतों के आवेदन मिले हैं उऔर उनमें से 4 लाख 25 हजार 260 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है और लंबित 27 हजार आवेदनों के निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि अररिया जिला से 7 हजार 130 आवेदनों में 6 हजार 845 आवेदनों का निष्पादन हुआ,जबकि हरिपुर पंचायत से मिले 259 आवेदनों में 245 आवेदनों का निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े बताते हैं कि बिहार में पदाधिकारी अब तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। अधिकारी विकास को तरजीह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन पर 30 दिन के अंदर अगर निष्पादन नहीं हुआ तो उनके कार्यालय से अधिकारियों को नोटिस जाएगा और इस तरह तीसरे नोटिस के बाद भी काम नहीं होता है तो वैसे अधिकारी को सस्पेंड और निलंबित करने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 15 जुलाई से सूबे के 213 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने के साथ ही गांव के हाई स्कूल में कोचिंग देने का काम करने की बात कही। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि फारबिसगंज में एयरपोर्ट का निर्माण किया जाएगा, जिसकी शुरूआत अगले साल शुरू की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 20 हजार करोड़ रुपए बिहार के विकास के लिए दिए जाने पर आभार प्रकट किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस समृद्ध बिहार का सपना देखा था,उसे पूरा किया जाएगा।लोहिया स्वच्छता अभियान के साथ ही गरीब लोगों को पक्का मकान बनाने का काम भारत की नरेन्द्र मोदी की सरकार और बिहार सरकार पूरा करने का काम करेगी। सम्राट चौधरी ने गांव गांव और घर घर बिजली पहुंचाने के बाद सोलर प्लेट लगाने की बात कही 125 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन पर सरकार बिजली लेकर पैसा देने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी गोरखपुर एक्सप्रेस हाइवे सिक्स लेन के साथ कोशी मेची नदी लिंक परियोजना से हरेक खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का काम होगा और बिहार की मिट्टी सोना उगलेगी।



## झारखंड चैम्बर एफजेसीसीआई व झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) एवं झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के बीच राज्य के युवाओं के कौशल विकास, उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू पर एफजेसीसीआई की ओर से अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा तथा झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी की ओर से शैलेन्द्र कुमार लाल, भा.प्र.से., मिशन निदेशक-सह-मुख्य परिचालन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एफजेसीसीआई की ओर से रोहित अग्रवाल (महासचिव), राम बंगार (उपाध्यक्ष), प्रवीण लोहिया (उपाध्यक्ष), प्रियंक भगत एवं आलोक कुमार (चेयरमैन, स्किल डेवलपमेंट सब-कमिटी) उपस्थित थे। वहीं झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी की ओर से राजन श्रीवास्तव (फाइनेंस मैनेजर), अमित प्रजापति (ऑपरेशन मैनेजर) तथा राजीव खरे (प्रोजेक्ट हेड, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम भी मौजूद रहे। एमओयू के तहत झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित एवं प्रमाणित युवाओं को एफजेसीसीआई के सदस्य प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### 15 दिन पैदल चल कर ओडिशा से रांची पहुंचे धौनी के जबरा फैन

# मुलाकात नहीं हुई, तो आवास के बाहर मनाया जन्मदिन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रातू** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के प्रति प्रशंसकों की दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। इसी दीवानगी का अनोखा उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब ओडिशा के रहने वाले माधव बेरा अपने चहेते खिलाड़ी महेंद्र सिंह धौनी से मिलने के लिए करीब 15 दिनों तक पैदल यात्रा कर रांची पहुंचे। माधव बेरा ने बताया कि उनका सपना धौनी से मिलकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देना और उनके साथ जन्मदिन मनाना था। इसी उद्देश्य से उन्होंने ओडिशा से पैदल यात्रा शुरू की और कई जिलों से होते हुए रांची पहुंचे। यात्रा के दौरान उन्हें लोगों का सहयोग और हौसला भी मिलता रहा। रांची पहुंचने के बाद माधव धौनी के आवास के बाहर पहुंचे, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था और व्यस्तता के कारण उनकी धौनी से मुलाकात नहीं हो सकी। हालांकि इससे उनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने धौनी के आवास के बाहर ही केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया, हाथ में शुभकामना संदेश लेकर अपने पसंदीदा खिलाड़ी के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया। माधव बेरा ने कहा कि महेंद्र सिंह धौनी उनके आदर्श हैं। उनकी सादगी, संघर्ष और देश के लिए किए गए योगदान से वह हमेशा प्रेरित होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में कभी न कभी उन्हें अपने आदर्श से मिलने का अवसर अवश्य मिलेगा। धौनी के प्रति माधव बेहरा की इस अनोखी दीवानगी को देखने के लिए आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने उनकी लगन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सच्चे प्रशंसक अपने आदर्श के लिए किसी भी हद तक जाने का जज्बा रखते हैं। माधव की यह यात्रा अब शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।



## साइकिल वितरण में घोर लापरवाही, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड के सात विद्यालयों के कुल 253 छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। हालांकि वितरण व्यवस्था में भारी लापरवाही देखने को मिली। आरोप है कि साइकिल आपूर्ति करने वाली एजेंसी ने अधिकांश साइकिलों को बिना सही तरीके से फिटिंग और जांच किए ही विद्यार्थियों को सौंप दिया। कई साइकिलों के हैंडल, ब्रेक, पैडल, सीट और अन्य पुर्जे ढीले पाए गए, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विद्यार्थियों ने बताया कि इस स्थिति में साइकिल चलाकर घर ले जाना भी जोखिम भरा था। मौके पर कई छात्र स्वयं रेंच लेकर साइकिल के पुर्जे कसते नजर आए, लेकिन वे पूरी तरह ठीक नहीं कर सके। एक विद्यालय के शिक्षक ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रत्येक साइकिल को उपयोग योग्य बनाने के लिए बाहर किसी मिस्त्री से लगभग 250 रुपये खर्च कर मरम्मत करानी पड़ेगी। वहीं हालमाद विद्यालय की छात्राओं का कहना था कि कई बार यह खर्च 500 रुपये तक पहुंच जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि कई विद्यालयों के बच्चों को सुबह करीब नौ बजे ही प्रखंड कार्यालय बुला लिया गया था। एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि बच्चे पूरे दिन भूखे-प्यासे इंतजार करते रहे और शाम करीब चार बजे के बाद साइकिल वितरण शुरू हुआ। बच्चों और शिक्षकों का कहना है कि कई बार अनुरोध करने के बावजूद साइकिलों की सही फिटिंग नहीं कराई गई। अतिथि हाथों साइकिल वितरण करना था इस इंतजार में विद्यार्थी और शिक्षक घंटों तक परेशान होते रहे। स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों ने मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रत्येक साइकिल की तकनीकी जांच और फिटिंग सुनिश्चित करने के बाद ही वितरण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।



## झारखंड में हॉकी के विकास पर खेल मंत्री और हॉकी इंडिया महासचिव के बीच मंथन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : झारखंड में हॉकी के समग्र विकास, खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा खेल अधोसंरचना के विस्तार को लेकर मंगलवार को राज्य के खेल मंत्री सुदिप्य कुमार और हॉकी इंडिया के महासचिव एवं हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह के बीच विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। खेल मंत्री के आवास पर हुई शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों पक्षों ने राज्य में हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भोलानाथ सिंह ने खूंटी जिले में बालिकाओं के लिए खेल विभाग की ओर से आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र शुरू किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए खेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झारखंड लंबे समय से देश को उत्कृष्ट हॉकी खिलाड़ी देता रहा है। विशेष रूप से खूंटी, सिमडेगा और आसपास के क्षेत्रों में हॉकी की समृद्ध परंपरा रही है, जहां बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं।

### हेसल पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक सम्पन्न

## सर्वसम्मति से सहायक सचिव लक्ष्मी भुटकुमार चुने गये



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा** : प्रखंड अंतर्गत हेसल पंचायत भवन में ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायत से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके उपरांत ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से सहायक सचिव लक्ष्मी भुटकुमार, उपसचिव संगीता देवी, कोषाध्यक्ष सरिता देवी, उप कोषाध्य्च फुलमनी तिर्की को चुना गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत लिए गए इस निर्णय का स्वागत किया तथा नवनिर्वाचित सहायक सचिव को शुभकामनाएं दीं। ग्राम प्रधान राम नाथ करमाली ने कहा कि ग्राम सभा ग्रामीण स्वशासन की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है और पंचायत के विकास से जुड़े सभी कार्य पारदर्शिता एवं जनसहभागिता के साथ किए जाएंगे। बैठक का समापन सभी ग्रामीणों के सहयोग और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर पंचायत सचिव तस्लीम अंसारी, रामेशर महतो, मिन्हाज अंसारी, कृष्णा महतो, तबरेज अंसारी, गोपाल करमाली, अमेरुल अंसारी, सूरज करमाली, पंकज महतो, अख्तर अंसारी सहित ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं शामिल रहे।

## भाजपा गेतलसूद मंडल कार्यालय में मासिक बैठक सम्पन्न



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अनगड़ा** : भारतीय जनता पार्टी के गेतलसूद मंडल कार्यालय में मासिक बैठक गेतलसूद मंडल अध्यक्ष सोहराई बेदिया की अध्यक्षता एवं मंडल प्रभारी माधुरी देवी की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार शामिल हुए और उन्होंने बताया कि संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। संचालन मंडल महामंत्री दिलीप मिर्धा ने की।इस मासिक बैठक में एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष बुधराम बेदिया, एससी मोर्चा जिला महामंत्री संजय नायक, सत्यदेव मुंडा, शंकर बैठा, संजय भोगता, संजय कुमार (गुड्डू), बिगेश्वर महतो, सुखदेव महतो, गांधिया करमाली, संगीता देवी, सुशीला देवी, एतवा बेदिया, सिकन्दर महतो, श्रीनारायण सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## विद्यालय में जल जीवन हरियाली दिवस पर हुआ पौधरोपण




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पटना** : गुलजारबाग अवस्थित राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय नरकट घाट, पटना में जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर विद्यालय के स्नातक विज्ञान शिक्षक सूर्य कान्त गुप्ता के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। श्री गुप्ता ने जीवन के लिए जल एवं हरियाली के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। शिक्षक अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं को बिहार सरकार के जल जीवन हरियाली कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की। शरफुद्दीन नूरी में पौधारोपण से होने वाली लाभों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सुनीता कुमारी ने जल बचाने के उपाय के बारे में बताएं। पौधारोपण सह जल जीवन हरियाली हेतु जागरूकता कार्यक्रम में नगमा परवीन, तमन्ना, सुमुन परवीन, रजिया, साविया, गुलनाज, शवाना, शाहजहाना, रूबी परवीन ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रणया कुमारी, अजीज फातिमा, कनिज तैय्यबा, सबा हाशमी, रोकईया मोसर्रत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एस इब्तेशाम हुसैन काशिफ के द्वारा किया गया।

## सीएम के सहयोग शिविर में छाया रहा मांस फैक्ट्री बंद करने का मुद्दा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अररिया** : फारबिसगंज के डाक हरिपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में हलहलिया पंचायत के सुखसेना में स्थापित मांस फैक्ट्री बंद किए जाने की मांग छाया रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सभा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मांस फैक्ट्री बंद करने की तख्तियाँ लेकर मांस फैक्ट्री को जनहित में बंद करने की मांग की। इतना हीं नहीं स्थानीय सांसद और विधायक ने भी इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री का ध्यान अपने संबोधन में आकृष्ट कराया।जिस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी संज्ञान लेते हुए डीएम को प्रदूषण और अन्य मानकों को लेकर जांच करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जब सभा स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने सबों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।इसी दौरान हाथ में सैकड़ों की संख्या तख्तियां लिए हुए ग्रामीण मांस फेक्ट्री बंद करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे।जिसे सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों के द्वारा तत्काल शांत कराया गया।लेकिन औराही के पूर्व मुखिया सुनील मंडल,मुसहरी पंचायत के अनमोल मंडल,प्रदीप ऋषिदेव सहित सैकड़ों की संख्या में युवा लगातार मांस फैक्ट्री बंद करने की मांग करते रहे।इसको लेकर मुख्यमंत्री को आम जनता की ओर से एक त्राहिमाम संदेश के साथ आवेदन भी दिया गया। स्थानीय विधायक मनोज विश्वास ने भी अपने संबोधन में हलहलिया स्थित तीन मांस फैक्ट्री के कारण भौगोलिक स्थिति चेंज होने की बात कही।प्रदूषण और मांस फैक्ट्री के कारण उठते सड़ांध के कारण बसावट वाले लोगों में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित होने और बारबार महामारी फैलने की बात कही।साथ ही विधायक ने मांस फैक्ट्री के कारण वायु के साथ जल प्रदूषण और चापाकल से रक्तरंजित जल का प्रवाह होने की बात करते जनहित में इसे बंद करने की बात कही। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मांस फैक्ट्री के कारण होने वाले लोगों के जनजीवन के प्रभाव की जानकारी दी है और विश्वास है कि मुख्यमंत्री संज्ञान में लेकर मांस फैक्ट्री को बंद करने की दिशा में पहल करेंगे।



### मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट की दो दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला सम्पन्न

# बच्चों को रचनात्मकता से जोड़ने की पहल

■ 'मोबाइल छोड़ो, कला से जुड़ो' का संदेश, मंडला और लिप्पन आर्ट सीख बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : बरियातू स्थित मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के निःशुल्क पाठशाला केंद्र में दो दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना, भारतीय लोककलाओं से परिचित कराना तथा उन्हें मोबाइल की बढ़ती लत से दूर कर सृजनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना था। कार्यशाला में प्रशिक्षक नवनीत कौर ने बच्चों को मंडला आर्ट एवं लिप्पन आर्ट का प्रशिक्षण दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला और फलों के नामों के साथ ड्राइंग का अभ्यास भी कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और लगन के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक नवनीत कौर ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का अत्यधिक समय मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन पर व्यतीत हो रहा है, जिससे उनकी एकाग्रता, रचनात्मकता और सामाजिक व्यवहार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास, आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल शिक्षा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। कला, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़े कार्यक्रम बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारते हैं तथा उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों और चित्रों की सभी ने सराहना की। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट ने भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं शैक्षणिक कार्यशालाओं का नियमित आयोजन करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वंदना उपाध्याय, प्रियंका शर्मा, नवनीत कौर सहित अमरीश, गुरुप्रीत, नैंसी, अद्विक, खुशी, विशाल, किशन और लावण्या सहित अनेक बच्चे उपस्थित थे।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर सिटी ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज में छात्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, झारखंड प्रदेश द्वारा महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म-जयंती के अवसर पर आज सिटी ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज, रांची के परिसर में एक छात्र सम्मेलन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती सिंह ने की। उन्होंने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और एकात्म भारत के संकल्प का प्रतीक है। आज की नर्सिंग छात्राएं कल की राष्ट्र-निर्मात्री हैं। उन्हें मुखर्जी जी के 'एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' के विचारों से प्रेरणा लेकर सेवा और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। महिला मोर्चा इस विचार को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे।



# स्पेन ने पुर्तगाल को हरा कर क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह

फीफा वर्ल्डकप 2026



**एजेंसी**

**डलास स्टेडियम :** स्पेन ने सोमवार को रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच का इकलौता और निर्णायक गोल स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने स्टॉपेज टाइम में किया। इस हार के साथ महान फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के विश्व कप करियर का भी अंत हो गया। पूरा मुकाबला बेहद कड़ा और संतुलित रहा। दोनों टीमों के बीच 90 मिनट तक कोई गोल नहीं हो सका और मैच अतिरिक्त समय की ओर बढ़ता दिख रहा था। लेकिन 91वें मिनट में स्पेन ने शानदार रणनीति का परिचय देते हुए जीत दर्ज कर ली। मैदान पर उतरने के कुछ ही मिनट बाद मिकेल मेरिनो ने अपनी सूझबूझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाउल मिलने के बाद उन्होंने बिना समय गंवाए खेल दोबारा शुरू किया, आगे बढ़कर बॉक्स में जगह बनाई और फेरान टोरेस के सटीक पास को गोल में बदल दिया। यह गोल अंततः स्पेन की जीत का कारण बना। स्पेन के मुख्य कोच लुइस डे ला फुएंते का मेरिनो को 85वें मिनट में मैदान पर उतारने का फैसला पूरी तरह सफल साबित हुआ। चोटों से जूझने के बावजूद मेरिनो ने इस विश्व कप में अपनी उपयोगिता साबित कर दी। स्पेन ने 2010 में विश्व कप जीतने के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। टीम की सफलता में उसके मजबूत रक्षा पंक्ति की भी अहम भूमिका रही। गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक बिना गोल खाए नया रिकॉर्ड कायम किया, जबकि स्पेन विश्व कप इतिहास में लगातार छह क्लीन शीट रखने वाली पहली टीम बन गई। दूसरी ओर, 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए यह मुकाबला बेहद भावुक रहा। स्पेन के अनुशासित डिफेंस ने उन्हें पूरे मैच में कोई बड़ा मौका नहीं दिया। रोनाल्डो ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का समापन 233 मैचों में 146 गोल के शानदार रिकॉर्ड के साथ किया। आठ वर्ष पहले रूस विश्व कप में रोनाल्डो की हैट्रिक की बदौलत दोनों टीमों के बीच 3-3 से रोमांचक मुकाबला हुआ था, लेकिन इस बार स्पेन ने संयम और रणनीति के दम पर जीत हासिल की। अब स्पेन क्वार्टर फाइनल में अमेरिका और बेल्जियम के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम से कैलिफोर्निया के इंगलवुड में भिड़ेगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व कप को कहा अलविदा, बोले

# यह मेरा आखिरी फीफा वर्ल्ड कप था



**आर्लिंग्टन :** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि कर दी है कि फीफा विश्व कप 2026 उनके करियर का आखिरी विश्व कप था। स्पेन से राउंड ऑफ-16 में 0-1 की हार के बाद भावुक रोनाल्डो ने कहा कि वह विश्व कप को अलविदा कह रहे हैं, लेकिन अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर कोई जल्दबाजी में फैसला नहीं लेंगे। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में रोनाल्डो ने कहा कि स्पेन के साथ जीत में थोड़ी किस्मत का साथ मिला और मुकाबला किसी भी दिशा में जा सकता था। उन्होंने कहा, इस तरह विश्व कप से बाहर होना मेरे लिए बेहद दुखद है। मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। अपनी ओर से पूरी कोशिश की और मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी। हां, यह मेरा आखिरी विश्व कप था, लेकिन अब मैं अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगा और शांति से आगे के बारे में सोचूंगा। मैं कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लूंगा। 41 वर्षीय रोनाल्डो ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह पुर्तगाल के लिए उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था या नहीं। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनका व्यक्तिगत फैसला टीम के अभियान पर हावी हो जाए। उन्होंने कहा, मैं भावनाओं में बहकर फैसले नहीं करता। रोनाल्डो ने पुर्तगाल के साथ अपने सफर पर गर्व जताते हुए कहा कि उन्होंने देश को वह उपलब्धियां दिलाईं, जो पहले कभी नहीं मिली थीं। उन्होंने कहा, मैंने पुर्तगाल के लिए तीन बड़े खिताब जीते। क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पहले पुर्तगाल ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था। राष्ट्रीय टीम के साथ 2016 में जीती गई यूरोपीय चैम्पियनशिप मेरे लिए विश्व कप जीतने जितनी ही बड़ी उपलब्धि है। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के साथ ही मुख्य कोच रोबर्टो मार्टिनेज का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। रोनाल्डो ने उनके लिए भी सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे उनके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। वह शानदार कोच और बेहतरीन इंसान हैं। उन्होंने पुर्तगाल के लिए जो किया, उसके लिए उनकी सराहना होनी चाहिए। मैं उनका धन्यवाद करता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। अल-नस्र के स्टार फॉरवर्ड ने अंत में कहा, किसी बड़े टूर्नामेंट से बाहर होना हमेशा दुख देता है। यह विश्व कप था और हमारी टीम लगातार बेहतर खेल रही थी। मेरी नजर में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। मुकाबला किसी भी तरफ जा सकता था, लेकिन यही फुटबॉल है। हमें इस हार से उबरकर आगे बढ़ना होगा।

## भारत में पहली बार आईटीटीएफ लेवल-1 कोच शिक्षा कार्यक्रम शुरू

# स्कूल प्रशिक्षकों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण



**एजेंसी**

**नोएडा :** देश में स्कूल स्तर पर टेबल टेनिस को मजबूत बनाने और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इंटरनेशनल स्कूल्स स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन (आईएसएसओ) ने इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएफ) अकादमी और इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) के सहयोग से आईटीटीएफ लेवल-1 कोच शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रम 6 से 10 जुलाई तक नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि इस कार्यक्रम में देशभर से 22 शारीरिक शिक्षा शिक्षक, स्कूल कोच और टेबल टेनिस प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग पद्धतियों, खिलाड़ियों के विकास की आधुनिक तकनीकों और प्रभावी प्रशिक्षण प्रणाली से परिचित कराना है, ताकि स्कूल स्तर पर खेलों को नई मजबूती मिल सके। कार्यक्रम का संचालन थाईलैंड की अंतरराष्ट्रीय स्तर की आईटीटीएफ प्रशिक्षक क्रिस्टीना ची कर रही हैं। वह प्रतिभागियों को कक्षा प्रशिक्षण के साथ-साथ टेबल पर व्यावहारिक कोचिंग भी दे रही हैं। प्रशिक्षण में कोचिंग की मूलभूत तकनीक, तकनीकी कौशल विकास, प्रशिक्षण सत्र की योजना, खिलाड़ियों की प्रगति और युवा खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक सीखने का वातावरण तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आईटीटीएफ प्रशिक्षक क्रिस्टीना ची ने कहा, ₹कोच शिक्षा किसी भी मजबूत खेल व्यवस्था की आधारशिला होती है। जब शिक्षक और प्रशिक्षक अंतरराष्ट्रीय स्तर की जानकारी और व्यावहारिक तकनीकों से लैस होते हैं तो युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिलता है। भारत के शिक्षकों में जो उत्साह देखने को मिला है, वह बेहद प्रेरणादायक है। मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम भविष्य के बेहतरीन टेबल टेनिस खिलाड़ियों को तैयार करने में मदद करेगा। आईएसएसओ के सह-निदेशक गौरव दीक्षित ने कहा, आईएसएसओ का लक्ष्य छात्रों के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों और कोचों को भी विश्वस्तरीय अवसर उपलब्ध कराना है।

## शूटिंग चैम्पियन ताशा झा को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**रांची :** रांची के खेलगांव में आयोजित तीसरी रांची जिला शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में दोहरे पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली ताशा झा को गुमला जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया है। एकलव्य राइफल शूटिंग क्लब रांची की ओर से खेलते हुए ताशा ने 22 राइफल 25 मीटर जूनियर महिला प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। ताशा की इस दोहरी और गौरवशाली उपलब्धि पर गुमला के उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने कैडेट ताशा झा को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## शहीद तापस सोरेन स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट में कसियाडीह ने उल्हारा को 2-0 से किया पराजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही (हजारीबाग) :** चुरचू प्रखण्ड के कसियाडीह सिद्धो कान्हू मैदान में 18वाँ दो दिवसीय शहीद तापस सोरेन स्मृति फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। टूनामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि चरही पंचायत पूर्व मुखिया महादेव सोरेन एवं झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ने संयुक्त रूप से फुटबॉल को किक मारकर किया। पहला मैच फूलों झानो कसियाडीह और उल्हारा के बीच खेला गया जिसमें कसियाडीह ने उल्हारा को 2-0 से पराजित किया। मौके पर पूर्व मुखिया महादेव सोरेंन ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक होता है उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपना भविष्य को उज्वल बना सकते है झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हंसदा ने कहा कि हमारा उद्देश्य इस तरह का आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्र के खिलाड़ियों को मौका देना है इस पर फिलन होरो, रेफरी महादेव टुडू, नेमन कुमार, बिशुन मुर्मू, सीताराम प्रजापति, कतिलाल हंसदा, नेमन कुमार ,राजू हंसदा, विजय हंसदा, मनोज हंसदा, ताहाराम हेम्ब्रोम, मोतीलाल सोरेन, सलमान सोरेन, अनिल कच्छप, रामदेव सोरेन, आशीष हंसदा, अरमान सोरेन, चंचल हंसदा, अतीत हंसदा बिनोद टुडू एवं समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड

मिलेट मिशन सह कृषक गोष्ठी आयोजित

# किसानों को वैकल्पिक खेती और सूखा प्रबंधन की दी गयी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के कीनामाड़ स्थित संयुक्त कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में प्रखंड प्रमुख पशुराम लोहरा की अध्यक्षता में झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मिलेट की खेती, इसके लाभ, सरकारी योजनाओं और संभावित सूखे की स्थिति में वैकल्पिक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कृषि निरीक्षक कमल उरांव ने किसानों को मिलेट क्या है, इसकी विशेषताओं एवं पोषण संबंधी महत्व की जानकारी दी। वहीं उप परियोजना निदेशक आत्मा कंचन कुमार सुमन ने किसानों से मिलेट मिशन योजना में पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि मिलेट की खेती कम पानी में भी बेहतर उत्पादन देती है और बदलते जलवायु परिदृश्य में किसानों के लिए लाभदायक विकल्प साबित हो सकती है। उन्होंने अल नीनो प्रभाव के कारण संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक खेती अपनाने की सलाह दी। साथ ही ऊपरी, मध्यम एवं निचली भूमि में मौसम के अनुरूप कौन-कौन सी फसलें लगाई जाएं, इसकी भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य ने किसानों को पूर्व में क्षेत्र में होने वाली मिलेट की खेती के अनुभव साझा किए और किसानों को इसे पुनः अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड प्रमुख पशुराम लोहरा ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए उन्हें भगवान का स्वरूप कहा तथा मिलेट की खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक आत्मा कंचन कुमार सुमन, कृषि निरीक्षक कमल उरांव, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राहुल कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक रितेश कुमार, चंदन कुमार, कृषक मित्र एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# झारखंड हाईकोर्ट सिविल कोर्ट टाइपिस्ट परीक्षा में चार विद्यार्थियों ने पायी सफलता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के चर्च रोड स्थित कला कम्प्यूटर टाइपिंग इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता का परिचय दिया है। झारखंड उच्च न्यायालय के अंतर्गत आयोजित सिविल कोर्ट टाइपिस्ट भर्ती परीक्षा में संस्थान के चार विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि संस्थान और पलामू जिले का भी नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। संस्थान के निदेशक दीपक कुमार वर्मा ने बताया कि इस भर्ती परीक्षा में कुल 200 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इनमें कला कम्प्यूटर टाइपिंग इंस्टीट्यूट के चार विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासित तैयारी और संस्थान में दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण टाइपिंग प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संस्थान का सफलता का रिकॉर्ड लगातार बेहतर रहा है। वर्ष 2004 में संस्थान के आठ, 2009 में सात, 2014 में नौ, 2017 में आठ तथा 2025 में चार विद्यार्थियों ने विभिन्न न्यायिक टाइपिस्ट परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की थी। इस वर्ष भी चार विद्यार्थियों के चयन ने संस्थान की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है।

## जमीन विवाद में हत्या, हंटरगंज में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत

# बड़े भाई समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के औरु पंचायत अंतर्गत डटमी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय कैलाश यादव, पिता स्वर्गीय जागो यादव, के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कैलाश यादव का अपने बड़े भाई और अन्य परिजनों के साथ पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत के माध्यम से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ। इसी विवाद ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान कैलाश यादव के साथ लाठी-डंडे और अन्य हथियारों से मारपीट की गई, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। मृतक की पत्नी और पुत्री ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर बड़े भाई विलाश यादव, कमलेश यादव, मिथिलेश यादव समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के निर्देश पर एसआई नितेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चतरा भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के बाद डटमी गांव में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विवाद का समय रहते समाधान हो जाता, तो इस तरह की दुखद घटना को रोका जा सकता था।

## बाइक की डिक्की से 3.50 लाख रुपये गायब उचक्कों की तलाश

**बोकारो :** जिले के चास थाना क्षेत्र में उचक्कों ने एक बुजुर्ग को अपना निशाना बनाते हुए बाइक की डिक्की में रखे 3.50 लाख रुपये उड़ा लिए। घटना के बाद पीड़ित ने चास थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, भुक्तभोगी दिनेश चंद्र झा ने गुरुद्वारा के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 3.50 लाख रुपये की निकासी की थी। उन्होंने रुपये को प्लास्टिक के थैले में रखकर अपनी बाइक की डिक्की में रख दिया और जोधाडीह मोड़ की ओर निकल गए। बताया जाता है कि जैसे ही वह भीड़भाड़ वाले जोधाडीह मोड़ के पास पहुंचे, इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उन्हें आवाज देकर बताया कि उनकी बाइक की डिक्की में रखा थैला लेकर कोई भाग गया है।

# किसान गोष्ठी में मिलेट मिशन और वैज्ञानिक धान खेती की दी गयी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** कुंडहित प्रखंड अंतर्गत बाबूपुर पंचायत के आदिवासी बहुल ग्राम सोनाहारा तथा अमलादेही गांव में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से किसान जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती, झारखंड मिलेट मिशन योजना, वैकल्पिक खेती तथा धान की लाइन रोपाई (लाइन सोइंग) विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। सोनाहारा में आयोजित किसान गोष्ठी में बीटीएम सुजीत कुमार ने कृषकों को झारखंड मिलेट मिशन योजना के तहत मोटे अनाज (मिलेट) की खेती पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई। साथ ही खरीफ मौसम में दलहनी फसलों की खेती, फसलों में संतुलित उर्वरकों के उपयोग, कम वर्षापात की स्थिति में अपनाई जाने वाली वैकल्पिक खेती तथा कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे उन्नत बीजों के संबंध में विस्तार से बताया गया। किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया। वहीं, अमलादेही गांव में बीएओ मनोरंजन मिर्धा, बीटीएम सुजीत कुमार सिंह एवं एटीएम अमीर हेंब्रम ने किसानों को धान की लाइन रोपाई (लाइन सोइंग) विधि का प्रशिक्षण दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीधी लाइन में धान की रोपाई करने से पौधों को पर्याप्त पोषण एवं धूप मिलती है।

## प्रसूता की मौत के बाद डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था पर उठे सवाल

# डॉक्टर और एएनएम की कमी से मरीज परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** प्रसूता की मौत के बाद डंडई प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि अस्पताल में नियमित रूप से न तो डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं और न ही पर्याप्त संख्या में एएनएम की तैनाती है। इसके कारण क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को अस्पताल में कमला देवी नामक प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि प्रसव के दौरान जिन स्वास्थ्यकर्मियों की सहायता ली गई, उनकी भूमिका और कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि प्रसव पीड़ा के दौरान महिला का रक्तचाप लगातार बढ़ता रहा, लेकिन समय पर उचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। प्रसूता के प्रसव कार्य में शामिल जीएनएम सोनी देवी की ड्यूटी कथित तौर पर चलंत चिकित्सा वाहन में मरीजों के बीच दवा वितरण करने की है, लेकिन विभागीय स्तर पर पिछले कई महीनों से उनसे डंडई अस्पताल के प्रसव कक्ष में कार्य लिया जा रहा था। वहीं अस्पताल की दाई मानमती देवी, जिनका कार्य अस्पताल परिसर की साफ-सफाई करना बताया जाता है, उनसे भी प्रसव कक्ष में सहयोग लेने की बात सामने आई है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर किन अधिकारियों के निर्देश पर इन कर्मियों से प्रसव कक्ष में कार्य लिया जा रहा था। इस मामले की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बिजली की समस्या से जूझ रहा अस्पताल

**डंडई** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली की समस्या भी लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल निर्माण के बाद से अब तक बिजली की स्थायी व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसका असर रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। बताया जाता है कि बिजली के अभाव में रात के समय प्रसव कक्ष में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सोमवार की रात ड्यूटी पर तैनात एनएम रीना बखला और दुर्गा कुमारी ने बताया कि प्रसूता की मौत के बाद दिन में हुए हंगामे और रात में अस्पताल परिसर में अंधेरा रहने के कारण उन्हें सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रही। उन्होंने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण उन्हें अस्पताल गार्ड के साथ बैठकर पूरी रात गुजारनी पड़ी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार, पर्याप्त चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती तथा बिजली की समस्या दूर करने की मांग की है।

# चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस हाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं, सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गई। उन्होंने संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया तथा विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों के सीलिंग, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिएमौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ,विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं : आदित्य साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा) :** भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा के तत्वावधान में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती समारोह का भव्य आयोजन डोमचांच कॉलेज परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय आदित्य साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक आदरणीया डॉ. नीरा यादव उपस्थित रहीं। प्रदेश अध्यक्ष के कोडरमा जिला आगमन पर विभिन्न मंडलों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। चंदवारा मंडल द्वारा जिला प्रवेश द्वार पर, झुमरी तिलैया मंडल द्वारा सुभाष चौक पर, कर्मा मंडल द्वारा चराडीह चौक पर तथा कोडरमा नगर मंडल द्वारा बजरंगबली मंदिर चौक पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत डोमचांच के शहीद चौक पर आदित्य साहू ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इसके बाद कॉलेज परिसर में निदेशक हिमांशु जी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के हाथों दीप प्रज्वलित कर 11,000 पौधों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया। मुख्य संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदित्य साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय यादव एवं नरेंद्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि आदित्य साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका प्रसिद्ध नारा 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' आज भी राष्ट्रवाद का प्रेरणास्रोत है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके सपनों को साकार करते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, जिससे देश की एकता और अधिक मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेकर कार्य करे। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि आप जनहित में कार्य करें और जनता के हित के मुद्दों को उठाए ताकि जनता से आपका संबंध मजबूत हो उन्होंने कहा आपके यहाँ का जगन्नाथ जैन कॉलेज और कोडरमा जिला के सभी कॉलेजों को गिरिडीह के नए विश्वविद्यालय जे सी बोस में सम्मिलित किया जा रहा है यह यहां के लोगों के साथ अन्याय है नए विश्वविद्यालय का निर्माण होना चाहिये परन्तु उसमें नजदीक के कॉलेज को जोड़ना उचित है कोडरमा से हजारीबाग 50-60 किलोमीटर की दूरी पर है और गिरिडीह 125-130 किलोमीटर दूर है इसलिए यह अनुचित है मेरा हेमंत सरकार से स्पष्ट कहना है भारतीय जनता पार्टी जनता जनार्दन के साथ अन्याय नहीं होने देगी अगर आप जल्द निर्णय लेकर इस अन्धे आदेश को नहीं बदलते है तो भारतीय जनता पार्टी जगन्नाथ जैन महाविद्यालय और कोडरमा जिला के सभी महाविद्यालय को गिरिडीह जाने नहीं देगी इसके लिए हमे बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा तो भी हम करेंगे । विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार भाजपा की वैचारिक नींव हैं। आज का यह आयोजन उनके आदर्शों को आत्मसात करने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य-रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, नितेश चंद्रवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष-रामनाथ सिंह प्रकाश राम, वरिष्ठ भाजपा नेता-विजय साव ,बेदू साव, वीरेंद्र सिंह, भारत नारायण मेहता, डॉ. नरेश पंडित, केदारनाथ यादव, राजेश सिंह, अखिल सिन्हा, महेंद्र यादव, महेंद्र वर्मा, हिमांशु कुमार।



# शेयर बाजार में चार दिन तेजी पर लगा ब्रेक, गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। दिन भर उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से बाजार की मजबूती और बढ़ी, लेकिन आखिरी आधे घंटे के कारोबार में चौतरफा मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण बाजार की चाल टूट गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स दबाव में कारोबार करते रहे। रियल्टी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह फार्मास्यूटिकल, मीडिया, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी सेक्टर के शेयरों में आज जम कर खरीदारी होती रही। इस खरीदारी के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट



कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 480.11 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 481.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,397 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,599 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,633 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 165 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,951 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,018 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,933 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 176.09 अंक की मजबूती के साथ 78,461.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद कुछ देर तक मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली होती रही, लेकिन पहले 20 मिनट के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे के करीब सेंसेक्स 379.85 अंक की छलांग लगा कर 78,664.92 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली होने लगी, जिससे इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आने लगी। खासकर, शाम तीन बजे के करीब बिकवाली का दबाव काफी अधिक बढ़ गया, जिसकी वजह से यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 633.88 अंक टूट कर 254.03 अंक की कमजोरी के साथ 78,031.04 अंक तक पहुंच गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब 150 अंक की रिकवरी कर 104.35 अंक की गिरावट के साथ 78,180.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 34.10 अंक उछल कर 24,464.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद हुई बिकवाली की वजह से पहले 20 मिनट के कारोबार में ही यह सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में 24,423.50 अंक तक गिर गया। इसके बाद खरीदार में लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे के करीब निफ्टी 100.55 अंक की मजबूती के साथ 24,530.90 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। शेयरों की लगातार हो रही बिक्री के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 181.95 अंक लुढ़क कर 81.40 अंक की गिरावट के साथ 24,348.95 अंक के स्तर तक आ गया।

## एक झलक

### झारखंड का 02 मीट्रिक टन आम्रपाली आम पहुंचा दुबई किसानों की बढ़ी आमदनी

**नयी दिल्ली** : झारखंड के आकांक्षी जिले गुमला और आकांक्षी ब्लॉक देवघर से दुबई के लिए 2 मीट्रिक टन आम्रपाली आम का व्यावसायिक निर्यात किया गया है। इन आमों को राज्य की जनजातीय और महिला किसानों के समूह ने उपजाया है। ये आम गुमला और देवघर जिलों की महिला संचालित तीन किसान उत्पादक कंपनियों से खरीदे गए हैं। इस पहल से किसानों को स्थानीय बाजार की तुलना में लगभग 180 फीसदी अधिक मूल्य मिला है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने झारखंड से दो मीट्रिक टन आम्रपाली आम का व्यावसायिक निर्यात दुबई के लिए कराया है। आम की इस खेप का निर्यात मेसर्स फेयर एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने दुबई में लुलु स्टोर्स में खुदरा बिक्री के लिए किया। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि ये आम गुमला और देवघर जिलों की महिला संचालित तीन किसान उत्पादक कंपनियों से खरीदे गए हैं। इन कंपनियों का विकास बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात आदिवासी और महिला किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ह्यएक्सह्न पर लिखा कि मोदी सरकार के प्रयासों से लगातार स्थानीय कृषि उत्पाद अब विदेशों में अपनी पहचान स्थापित करते जा रहे हैं। गोयल ने आगे कहा कि एपीडा के सहयोग से जनजातीय महिला किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से झारखंड स्थित गुमला तथा देवघर जैसे आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के आम्रपाली आम अब दुबई के बाजारों में अपने स्वाद से अलग पहचान बना रहे हैं। यह पहल झारखंड के बागवानी क्षेत्र की बढ़ती निर्यात क्षमता को उजागर करती है और क्षमता निर्माण, बाजार संपर्कों और निर्यात सुविधा के माध्यम से महिला–नेतृत्व वाले किसान संघों को मजबूत करने के लिए एपीईडीए के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

### स्विगी में विदेशी निवेश घट कर 50 फीसदी के नीचे आया

**नयी दिल्ली** : ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति और त्वरित आपूर्ति की अग्रणी कंपनी स्विगी में विदेशी निवेश घटकर कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 50 फीसदी से नीचे 49.76 फीसदी पर आ गया है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि स्विगी में कुल विदेशी निवेश 6 जुलाई, 2026 तक घटकर 49.76 फीसदी रह गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू स्वामित्व बढ़कर 50.24 फीसदी हो गया है। स्विगी में हुए कुल विदेशी निवेश में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और अन्य अप्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। स्विगी की हिस्सेदारी अनुपात में आया बदलाव ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जब कंपनी ह्यभारतीय स्वामित्व और नियंत्रण वाली फर्मह्न (आईओसीसी) का दर्जा हासिल करने की कोशिश कर रही है। हालांकि, कंपनी ने यह साफ किया है कि सिर्फ शेयर होल्डिंग 50 फीसदी पार होने से कंपनी का मालिकाना या नियंत्रण अपने आप नहीं बदल जाता।

# नथिंग ने उतारा फोन (4बी), 6000 एमएएच बैटरी और एआई फीचर्स से बढ़ी प्रतिस्पर्धा

**रांची** : लंदन की कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन फोन (4बी) पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह स्मार्टफोन आकर्षक डिजाइन, तेज प्रदर्शन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सुविधाओं के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव देगा। इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेनरेशन 4 प्रोसेसर, 6.77 इंच का 120 हट्र्ज सुपर एमोलेड डिस्प्ले, 50 मेगापिक्सल ओआईएस मुख्य कैमरा, 119 डिग्री अल्ट्रा वाइड कैमरा और 6000 एमएएच बैटरी दी गई है, जो 33 वॉट फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। कंपनी के अनुसार फोन में ग्लिफ बार इंटरफेस, नथिंग ओएस 4.1,



एंड्रॉयड 16, 4के वीडियो रिकॉर्डिंग, ड्यूल वीडियो कैप्चर, ट्रूलेंस इंजन 4, एचडीआर10 प्लस, ट्रू ड्यूल स्टीरियो स्पीकर, आईपी64 रेटिंग और वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। यह फोन गेमिंग, मल्टीटास्किंग और उच्च गुणवत्ता वाली फोटोग्राफी के लिए बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होगा। स्मार्टफोन काला, सफेद और नीले रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा। कंपनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ साझेदारी में फोन (4बी) आरसीबी एडिशन भी लॉन्च किया है। यह विशेष संस्करण आकर्षक लाल रंग, विशेष ब्रांडिंग और कलेक्टर पैकेजिंग के साथ आएगा। कंपनी ने फोन के लिए तीन वर्ष तक एंड्रॉयड अपडेट और छह वर्ष तक सुरक्षा अपडेट देने की घोषणा की है। नथिंग का मानना है कि नया फोन प्रीमियम मिड-रेंज स्मार्टफोन श्रेणी में ग्राहकों के लिए एक मजबूत विकल्प साबित होगा।

## सेवा उत्पादन सूचकांक को 60 दिन के अंतराल पर जारी करने की सिफारिश

**नयी दिल्ली** : विशेषज्ञों की एक समिति ने क्षेत्रवार सूचकांक हर महीने तैयार करने और सेवा उत्पादन सूचकांक को संदर्भ महीने के 60 दिन के भीतर जारी करने की सिफारिश की है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सांख्यिकी मंत्रालय ने मई 2025 में नीति आयोग की विशिष्ट फेलो देबजानी घोष की अध्यक्षता में सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) पर एक तकनीकी परामर्श समिति बनाई थी। इसमें शिक्षा और उद्योग संगठन के प्रतिनिधियों के अलावा, उत्पादन सूचकांक पर तकनीकी परामर्श में सेवा क्षेत्र से संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सदस्य भी शामिल हैं। यह रिपोर्ट 2024-25 को आधार वर्ष मानते हुए, 2-अंकीय एनआईसी 2025 स्तर पर संकलन और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) भार का उपयोग करके एकत्रीकरण के लिए लास्पेयर्स वॉल्यूम इंडेक्स की अनुशंसा करती है।

# सैमसंग गैलेक्सी A27 5G की भारत में बिक्री शुरू

**रांची** : सैमसंग ने भारत में अपने नए गैलेक्सी A27 5G स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। यह स्मार्टफोन अब सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर रिटेल आउटलेट्स, Samsung.com और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। गैलेक्सी अ27 5ॠ तीन आकर्षक रंगों में पेश किया गया है: लाइट ग्रीन, लाइट पिंक और ब्लैक। यह तीन मेमोरी वेरिएंट्स 6GB+128GB, 8GB+128GB और 8GB+256GB में उपलब्ध है। इसकी शुरूआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है। ग्राहकों को 3,000 रुपये तक का कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट

SAMSUNG

जैसी आसान फाइनेंसिंग योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। गैलेक्सी A27 5G में 6.7 इंच का 120Hz सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसे कॉर्निंग गोरिल्ला विक्टस+ का प्रोटेक्शन मिलता है। स्मार्टफोन में 4ल्ले स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ UFS 3.1 स्टोरेज और LPDDR5X RAM दी गई है, जिससे मल्टीटास्किंग और गेमिंग का अनुभव तेज और स्मूद रहता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50MP OIS प्राइमरी कैमरा दिया गया है, जो 4K वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। इसके अलावा 5MP अल्ट्रावाइड कैमरा और 2MP मैक्रो कैमरा भी मौजूद हैं। कैमरा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए ऑब्जेक्ट इरेजर, एडिट सजेशन्स और माय फिल्टर जैसे अकफीचर्स दिए गए हैं। वहीं, 12MP फ्रंट कैमरा हाई-क्वालिटी वीडियो कॉलिंग और शानदार सेल्फी के लिए उपयुक्त है। गैलेक्सी A27 5G में सर्किल टू सर्च विद गूगल, 22 भाषाओं में रियल-टाइम वॉयस ट्रांसक्रिप्शन, गूगल जेमिनी और परप्लेक्सिटी का इंटीग्रेशन भी मिलता है। बिक्सबी की मदद से यूजर्स सामान्य भाषा में फोन की सेटिंग्स को नियंत्रित कर सकते हैं। वहीं लाइव ट्रांसक्रिप्शन फीचर अंग्रेजी, हिंदी और गुजराती में कॉल ट्रांसक्रिप्शन को सपोर्ट करता है। गैलेक्सी A27 5G में 5000mAh की बैटरी दी गई है। कंपनी इस डिवाइस के लिए 6 वर्षों तक एंड्रायड ओएस और सुरक्षा अपडेट देने का वादा कर रही है। सुरक्षा के लिए इसमें सैमसंग नॉक्स उपलब्ध है। इसके साथ ही सैमसंग वॉलेट के जरिए टैप एंड पे, यूपीआई भुगतान और डिजिटल आईडीज (पहचान पत्रों) को सुरक्षित रखने जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

# सेबी एक अगस्त से खुले बाजार के जरिये शेयर पुनर्खरीद व्यवस्था लागू करेगी

**नयी दिल्ली** : पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयर की पुनर्खरीद (बायबैक) की व्यवस्था को फिर से लागू करने के नियम अधिसूचित किए हैं। कंपनियां 1 अगस्त से ओपन मार्केट में अपने शेयर वापस खरीद सकेंगी। इस प्रक्रिया की समय-सीमा 66 कार्य-दिवस तय की गई है। नए नियमों के तहत कंपनियां पुनर्खरीद के लिए अलग से पुनर्खरीद खिड़की के बिना नियमित कारोबार व्यवस्था के माध्यम से पुनर्खरीद कर सकेंगी। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एक जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा कि शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में पुनर्खरीद कंपनी की चुकता पूंजी और मुक्त भंडार के 15 फीसदी से कम होगा। इसकी गणना कंपनी के एकल और समेकित दोनों वित्तीय विवरणों के आधार पर की जाएगी। इस संबंध में सेबी के निदेशक मंडल ने जून में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके अलावा शेयर बाजार के जरिए खुले बाजार में पुनर्खरीद की प्रक्रिया पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर पूरी करनी होगी। इससे पहले यह अवधि अधिकतम छह महीने तक हो सकती थी। सेबी ने कहा कि पुनर्खरीद की पेशकश सार्वजनिक घोषणा की तारीख से चार कार्य दिवस के भीतर खुलेगी और पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर बंद होगी। सेबी ने दो पुनर्खरीद पेशकशों के बीच न्यूनतम अंतराल को पुनर्खरीद विनियमों के तहत अलग समय-सीमा बनाए रखने के बजाय कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप कर दिया है। सेबी ने 2025 में खुले बाजार के जरिए पुनर्खरीद की व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया था। नियामक ने उस समय शेयरधारकों के साथ असमान व्यवहार और कर संबंधी विकृतियों पर चिंता जताई थी, क्योंकि यह व्यवस्था चुनिंदा निवेशकों के पक्ष में मानी जाती थी।

## सोनी सब कलाकार बता रहे हैं कि कैसे सोशल मीडिया उन्हें अपने दर्शकों के और करीब लाता है



**मुंबई** : आज के डिजिटल फर्स्ट दौर में कलाकारों और दर्शकों का रिश्ता सिर्फ टेलीविजन स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा है। सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन गया है, जहां कलाकार अपनी ज़िंदगी की झलकियां साझा करते हैं, दर्शकों से सीधे बातचीत करते हैं और तुरंत प्रतिक्रिया पाते हैं। शूटिंग के दौरान के बिहाइंड द सीन्स पलों से लेकर ट्रैवल डायरीज, इंटरैक्टिव कंटेंट और दिल से की गई बातचीत तक, डिजिटल दुनिया ने कलाकारों को अपने चाहने वालों से सच्चा और गहरा जुड़ाव बनाने का मौका दिया है। सोनी सब के कलाकार बताते हैं कि कैसे डिजिटल स्पेस को अपनाने से उन्हें रचनात्मक रूप से संतुष्टि मिली है और फैंस के साथ उनका रिश्ता और मजबूत हुआ है। गुलकी जोशी ने साझा किया, सोशल मीडिया से जुड़ी मेरी सबसे प्यारी याद तब की है, जब मैंने अपने पेज पर एक छोटा-सा कॉन्टेस्ट रखा था, जिसमें फैंस को मेरे बारे में सवालों के जवाब देने थे। यह देखकर दिल खुश हो गया कि लोग मेरी जर्नी को कितनी बारीकी से फॉलो करते हैं। करुणा पांडे ने साझा किया, ज्यादातर लोग मुझे स्क्रीन पर पुष्पा के रूप में जानते हैं, लेकिन सोशल मीडिया ने मुझे एक्टिंग से परे अपनी असली पैशन शेयर करने का मौका दिया है।

# कोचीन शिपयार्ड की बिक्री पेशकश में संस्थागत निवेशकों के हिस्से को मिला पूर्ण अभिदान

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में 5.04 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) में संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से को मंगलवार को अपेक्षा से अधिक अभिदान मिला। सीएसएल के 59.66 लाख से अधिक शेयर के आधार आकार की पेशकश के मुकाबले संस्थागत निवेशकों ने लगभग 74 लाख शेयर के लिए बोलियां लगाईं। इस तरह उनके लिए आरक्षित हिस्से को 1.23 गुना अभिदान मिला है। इसके लिए शेयर बाजार बंद होने तक बोली




प्रक्रिया जारी रहेगी। वहीं, बोलियों का सांकेतिक मूल्य 1,401.85 रुपये प्रति शेयर रहा, जबकि न्यूनतम मूल्य 1,400 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

**कोचीन शिपयार्ड में 5.04 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही सरकार**

**केंद्र** सरकार दो दिन की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये जहाज निर्माण कंपनी सीएसएल में 1.32 करोड़ से अधिक शेयर यानी 5.04 फीसदी तक अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। इसमें 2.52 फीसदी शेयर बेचे जाएंगे, जबकि अधिक मांग आने की स्थिति में उतनी ही अतिरिक्त हिस्सेदारी ह्यग्रीन-शूह्न विकल्प के तहत बेची जाएगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के ओएफएस के लिए निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर 5.04 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री से सरकारी खजाने को लगभग 1,800 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। खुदरा निवेशक 8 जुलाई को बिक्री पेशकश के लिए बोली लगा सकेंगे। वर्तमान में सीएसएल में सरकार की 67.91 फीसदी हिस्सेदारी है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार अब तक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कोल इंडिया, एनएचपीसी, एनएलसी इंडिया, जीआईसी और आईआरएफसी में ओएफएस के जरिये हिस्सेदारी बेचकर कुल 18,561 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। वहीं, समूचे वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण के जरिये 80 हजार करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा है।

## पेज एक के शेष

**भारत-इंडोनेशिया के लिए कई क्षेत्रों में असीमित अवसर : मोदी...**

दोनों देशों के संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया केवल समुद्र ही साझा नहीं करते बल्कि दोनों देशों का साझा इतिहास, संस्कृति और सभ्यतागत विरासत भी है। रामायण, महाभारत, नालंदा, बोरोबुदुर, प्रम्बानन मंदिर, गरुड़ और बाली की सांस्कृतिक परंपराएं दोनों देशों को सदियों से जोड़ती रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने इंडोनेशिया की स्वतंत्रता की लड़ाई में भी संयुक्त राष्ट्र में उसका मजबूत समर्थन किया था।

मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय प्रगति की है, वहीं भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 25 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है तथा इंडोनेशिया में 100 से अधिक भारतीय कंपनियां कार्यरत हैं लेकिन सहयोग की संभावनाएं अभी भी असीम हैं।

ब्रिक्स का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष इंडोनेशिया इसका पूर्ण सदस्य बना और इस वर्ष भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर ब्रिक्स को अधिक व्यवहारिक, संतुलित और ग्लोबल साउथ की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में कार्य कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'गंगा-महाकम विजन' प्रस्तुत करते हुए भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के लिए चार प्रमुख स्तंभों का प्रस्ताव रखा। इनमें सभ्यतागत संबंधों को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए भारत-इंडोनेशिया सिविलाइजेशन डायलॉग की शुरूआत, साझा विकास के माध्यम से नए अवसरों का सृजन, सुरक्षा एवं सामरिक विश्वास को मजबूत करना तथा साझा समुद्री भूगोल को साझा समृद्धि में बदलने के लिए समुद्री सहयोग को नई दिशा देना शामिल है।

अपने संबोधन की शुरूआत में प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया की जनता द्वारा मिले स्नेह और स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करना 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और यह दोनों देशों की लोकतांत्रिक परंपराओं, साझा विरासत तथा प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रतीक है।

**भारत-इंडोनेशिया के बीच रक्षा, ब्रह्मोस, अंतरिक्ष और डिजिटल सहयोग समेत हुए 14 समझौते...**

आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग संबंधी समझौते शामिल हैं।

इसके अलावा समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा सहयोग संबंधी समझौते का विस्तार, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के बीच सहयोग, दूरसंचार प्रौद्योगिकी एवं सेवाओं, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग से जुड़े समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। दोनों देशों ने भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और इंडोनेशिया के जनरल इलेक्शन कमीशन (केपीयू) के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति जताई। रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देते हुए ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली पर सहयोग तथा एयर-टू-एयर मिसाइल सहयोग समझौता भी किया गया। औद्योगिक सहयोग के तहत भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाताउ स्टील के बीच इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक संयुक्त उपक्रम पर सहमति बनी। वहीं, भारत के नॉन-फेरस मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट सेंटर (एनएफटीडीसी), मिडवेस्ट लिमिटेड और पीटी पर्मिनास के बीच रेयर अर्थ मैग्नेट के विकास के लिए भी समझौता हुआ।

यात्रा के दौरान दोनों देशों ने छह महत्वपूर्ण नई पहलों की भी घोषणा की। इनमें योग्यकार्ता स्थित ऐतिहासिक प्रम्बानन मंदिर परिसर के संरक्षण एवं पुनरुद्धार में भारत की ओर से सहायता, हिंद महासागर क्षेत्र के सूचना संलयन केंद्र (आईएफसी-आईओआर) में इंडोनेशियाई संपर्क अधिकारी की तैनाती तथा इंडोनेशिया को 100 टन उच्च गुणवत्ता वाले डीडब्ल्यूआर-162 गेहूं के बीज उपलब्ध कराना शामिल है। दोनों देशों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर और इंडोनेशिया के महान शिक्षाविद् की हजर देवांतरा की विरासत को समर्पित 'टैगोर-देवांतरा सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कूटनीति वर्ष' मनाने की घोषणा भी की। इसके अलावा इंडोनेशिया के सिंघासारी विशेष आर्थिक क्षेत्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बेंगलुरु का शाखा परिसर स्थापित किया जाएगा। भारत के ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) की तर्ज पर इंडोनेशिया ओपन नेटवर्क (आईओएन) शुरू करने की भी घोषणा की गई, जिससे दोनों देशों के बीच डिजिटल व्यापार और नवाचार सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गये दिल्ली, नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में होंगे शामिल...**

झारखंड सरकार शासन, प्रशासन और विकास योजनाओं में पारदर्शिता और तेजी ला सकती है। कंसल्टेशन कार्यक्रम में झारखंड सरकार ने देश-विदेश की करीब 100 प्रमुख आईटी कंपनियां, नीति निमार्ता और तकनीकी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार आईटी कंपनियों को बताएगी कि उनके लिए सरकार ने रांची में आईटी पार्क की स्थापना की है। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार 2026-31 के लिए प्रस्तावित 'ड्राफ्ट एआई पॉलिसी-2026' को भी रखेगी। उस पर विशेषज्ञों का सुलझा लेगी। सरकार बताएगी कि वह जल्द ही स्टेट एआई मिशन का गठन करने जा रही है। जैप आईटी नोडल एजेंसी होगा। इसके माध्यम से झारखंड एआई क्लाउड का विकास किया जाएगा।

**सहकारिता आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाने की जरूरत : शिल्पी नेहा...**

किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े राज्यों और देशों में सहकारिता के माध्यम से विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। झारखंड में भी सहकारिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें धरातल पर उतारने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीण समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सहकारिता समितियों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों एवं सहकारी समितियों के बीच परिसंपत्तियों एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के माध्यम से चयनित किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत ऋण स्वीकृति पत्र एवं चेक प्रदान किए गए। साथ ही बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) को पीओएस मशीनें उपलब्ध कराई गईं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच और सुदृढ़ होगी।

सहकारिता विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली पैक्स समितियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त झारक्रोफेड एवं झारकोफिश के माध्यम से लाभुकों को विभिन्न परिसंपत्तियों, उपकरणों एवं सहायता सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को निबंधन प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

मंत्री ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि सामाजिक और सामुदायिक विकास का प्रभावी माध्यम है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी तथा किसानों एवं उत्पादकों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

समारोह में जनप्रतिनिधिगण, सहकारिता विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, किसान, पशुपालक एवं बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

मत्स्य सहयोग समितियों को परिसंपत्तियों का वितरण

*सहकारिता विभाग द्वारा झारकोफिश योजना के तहत राज्य की पाँच मत्स्य सहयोग समितियों को परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसके अंतर्गत हजारीबाग, बोकारो और चतरा की तीन मत्स्य सहयोग समितियों को 7.18 लाख रुपये की लागत से अस्थायी कार्यालय शेड, कार्यालय उपकरण (टेबल, कुर्सी, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर) तथा सोलर लाइट उपलब्ध कराई गई। वहीं कोडरमा और रामगढ़ की दो मत्स्य सहयोग समितियों को 3-3 लाख रुपये की लागत से एफआरपी बोट (बिना आउटबोर्ड मोटर) प्रदान की गई, ताकि मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

**केसीसी कार्ड का वितरण** : झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 539 किसानों को 3.81 करोड़ रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड ऋण वितरित किया गया है। राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजना के तहत समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 0% ब्याज दर पर केसीसी का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से 6 किसानों को एक-एक लाख रुपये का केसीसी स्वीकृति पत्र/चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से दो बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को POS मशीन भी उपलब्ध कराई गई, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को घर के निकट बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें।

**वनोपज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर प्रस्तुतिकरण** : समापन समारोह के दौरान 'वनोपज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग' विषय पर आईएसबी हैदराबाद से सीआईआई लीड कामिनी सिंह ने प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें बताया गया कि अककी मदद से विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध वनोपज का आकलन, उसके संगठित संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा प्रभावी विपणन की बेहतर योजना बनाई जा सकती है। साथ ही, वनोपज की उपलब्धता के आधार पर भंडारण, कार्यशील पूंजी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित कर वनाधारित आजीविका को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम समापन के उपरांत जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि उपायुक्त के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर सहकारिता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

इस कार्यक्रम में विधायक बरही मनोज यादव, विधायक मांडू निर्मल महतो, माननीय विधायक रामगढ़ ममता देवी,उपायुक्त हेमन्त सती,निबंधक सहयोग समिति शशि रंजन,निदेशक कृषि विद्यानंद शर्मा,जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार,जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार व अन्य मौजूद थे।

